वर्ष : 16 अंक : 178 लखनऊ सोमवार, 1 जुलाई 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 05:56
सूर्यास्त : 07:04
अधिकतम : 32:00°
न्यूनतम : 27:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **



10 'गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है...'

जमीन पर कब्जे की शिकायत सुन बिफर उठे सीएम 2 | विकास की गारंटी नहीं है विशेष राज्य... 6 | जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नए सेना प्रमुख... 12

## एक नजर

### प्रथम महिला मुख्य सचिव



**मुंबई।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी सुजाता सौनिक रविवार को महाराष्ट्र की पहली महिला मुख्य सचिव बनीं। उन्होंने डॉ. नितिन करीर का स्थान लिया है। सुश्री सौनिक 1987 बैच की अधिकारी है। सुश्री सौनिक ने कहा कि वह किसानों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं को न्याय दिलाने के लिए विधानसभा के चल रहे मानसून सत्र में लिए गए रणनीतिक निर्णयों को लागू करने का प्रयास करेंगी।

### हमलों में 40 की मौत

**काहिरा।** गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में तीन इजरायली हमलों में चालीस लोग मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा, पिछले 24 घंटों में इजरायली रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में परिवारों के तीन नरसंहार किए हैं जिसमें 40 लोग मारे गये और 224 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### तीसरा जत्था रवाना

**श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर में श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने के तीसरे दिन रविवार को 6619 तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था भगवती नगर आधार शिविर से बालटाल और पहलगाम मार्गों से पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ। आज सुबह लगभग 6619 तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था 319 वाहनों से पहलगाम और बालटाल के लिए रवाना हुआ। पहलगाम के लिए 3838 और बालटाल के लिए 2781 तीर्थयात्री रवाना हुए।

### विस्फोटों में 18 मरे

**अबुजा।** पूर्वोत्तर नाइजीरियाई राज्य बोर्नो में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 48 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने दी। एजेंसी ने सोशल मीडिया पर कहा कि अब तक हताहतों की संख्या का पता लगाया गया है जिसमें 18 मृत हैं जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं और 48 गंभीर रूप से घायलों का इलाज चल रहा है।

# संसद में आज घमासान तय

## NEET विवाद से लेकर महंगाई तक कई मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

- सरकार-विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक की संभावनाएं
- अग्निपथ योजना जैसे मुद्दों पर गर्मागर्म बहस की उम्मीद



एजेंसी/विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे सप्ताह में भाजपा नीत एनडीए सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक की संभावनाएं हैं। कल यानी 1 जुलाई को संसद की बैठक फिर से शुरू होगी, जिसमें नीट पेपर लीक विवाद, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर गर्मागर्म बहस की उम्मीद है। पहसे पत्र के पहले सप्ताह में विपक्ष नीट पेपर लीक विवाद को लेकर सरकार पर हमलावर था। विपक्ष ने मुद्दों पर आगे भी बहस चाहता है।

सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस से होगी। भाजपा हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर इस बहस की शुरुआत करेंगे, जबकि भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी और पहली बार सांसद बनीं बांसुरी स्वराज भी इस बहस में हिस्सा लेंगी। लोकसभा में इस बहस के लिए 16 घंटे आवंटित किए गए हैं, जो मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब के साथ समाप्त होगा। वहीं, राज्यसभा में बहस के लिए 21 घंटे आवंटित किए गए हैं, जिसमें प्रधानमंत्री बुधवार को शामिल हो सकते हैं।

संसद सत्र के पहले हफ्ते में विपक्षी दलों ने नीट-यूपी परीक्षा लीक मामले को लेकर जोरदार हंगामा किया। शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों में कई बार कार्यवाही स्थगित हुई थी। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने नीट-यूपी विवाद पर बहस की मांग की, लेकिन स्पीकर ने यह कहते हुए अनुरोध को खारिज कर दिया कि जब सदन को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लेना है, तो किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा का कोई प्रावधान नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट-यूपी मुद्दे को उठाने की कोशिश की, लेकिन उनका माइक बंद होने के बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा, देश में लगातार पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। हमने इस पर चर्चा की मांग की थी और जब सदन में यह मुद्दा उठाया गया तो माइक बंद कर दिया गया।

राज्यसभा में भी जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भी साथी सदस्यों के साथ सदन के वेल में आ गए। उपराष्ट्रपति और सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें खड़गे के कृत्य से दुख पहुंचा है। बाद में विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। खड़गे ने कहा, "हम सरकार का ध्यान उन लाखों छात्रों की चिंताओं की ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो परीक्षा में शामिल हुए थे और अब सीबीआई पेपर लीक के आरोपों की जांच कर रही है।"

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि राज्यसभा में सदन के नेता के रूप में अपनी पारी की शुरुआत खुशियों के साथ होगी, लेकिन जिस तरह से लोकतांत्रिक परंपराओं को दांव पर लगाया जा रहा है और सदन को बंधक बनाने की कोशिश की जा रही है, उससे उन्हें निराशा हुई है। इस हफ्ते की कार्यवाही में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहस की संभावना है, और यह देखना रोचक होगा कि सरकार और विपक्ष इन मुद्दों पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं।

### सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ता जा रहा टकराव

संसद के इस सत्र में विभिन्न मुद्दों पर गरमागरम बहस की संभावना है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार और विपक्ष के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है। नीट पेपर लीक विवाद, अग्निपथ योजना, और महंगाई जैसे मुद्दे जनता के बीच भी गहन चर्चा का विषय बन गए हैं। अगले कुछ दिनों में संसद की कार्यवाही में सरकार और विपक्ष की प्रतिक्रियाएं देश की राजनीति के भविष्य को प्रभावित कर सकती हैं।

## सनातन धर्म और भारत एक दूसरे के पूरक : मुख्यमंत्री



- राजस्थान के खैरथल में संत समागम में शामिल हुए योगी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**खैरथल।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को यहां कोटकासिम के लाडपुर में आयोजित संत समागम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध बाबा सोमनाथ मंदिर में आयोजित तृतीय आठमान के विशाल भंडारा में भी हिस्सा लिया। देशभर से यहां आए संतजनों का अभिवादन करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नाथ संप्रदाय भारत के सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पंथ है। हमारे सभी कार्यक्रम सनातन धर्म के आराध्य देवों, ऋषि-मुनियों, सिद्धों और संतों के प्रति समर्पित होते हैं। हमारा सनातन धर्म ही भारत की आत्मा है। सनातन धर्म और भारत एक दूसरे के पूरक हैं। भारत मजबूत होगा तो सनातन धर्म भी मजबूत होगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं नाथ पंथ में दीक्षित महाराज भर्तृहरि की पावन साधना स्थली इस लाडपुर गांव में प्रतिष्ठित संत बाबा सोमनाथ जी की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारे पूज्य संतों की साधना, समर्पण और लोककल्याण के कार्यक्रम सनातन धर्म और भारत को मजबूती देने के लिए होते हैं। सिद्धसंत योगी खेतानाथ महाराज और उनके शिष्य पूज्यसंत महंत सोमनाथ ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए समर्पित किया था। उनकी साधना सनातन धर्म और अनुयायियों के लिए थी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजस्थान भक्ति और शक्ति की भूमि है। अरावली की पहाड़ियों में अनेकानेक संतों ने लोक कल्याण के लिए साधना की।

योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन में उपस्थित तिजारा के सभी भक्तजनों का इस बात के लिए भी अभिनंदन किया कि उन सभी ने विधानसभा चुनाव में यहां से महंत बालकनाथ को जीत दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने बाबा अभयनाथ और बाबा करतारपुरी की प्रतिमाओं का भी अनावरण किया।

### सीएमओ व अन्य डाक्टरों के तबादले पर लगाई रोक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है। यह समय बीमारियों की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के पूरे तंत्र को 24×7 अलर्ट मोड में रहना होगा। मुख्यमंत्री ने सीएमओ के तबादले पर रोक लगाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि आगामी तीन माह की अवधि में स्वास्थ्य विभाग के तहत किसी सीएमओ व अन्य चिकित्सक का स्थानांतरण न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का मौसम भी प्रारंभ हो रहा है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्कूल चलो अभियान का आयोजन भी होना है। स्पष्ट है कल से प्रारंभ हो रहा कानून-व्यवस्था, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अनेक दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है। हर किसी को सतर्क-सावधान रहने की जरूरत है।

## घुटने टेकेगा आतंकवाद, रियासी कांड में NIA की छापेमारी शुरू

- आतंकियों को पनाह देने वाला उगल रहा राज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में हुए रियासी आतंकवादी हमले के सिलसिले में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस हमले के सिलसिले में एनआईए ने छापेमारी शुरू कर दी है। रियासी में आतंकवादी हमले को अंजाम देते हुए दहशतगर्दों ने पौनी इलाके में शिव खोरी से कटरा जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर हमला किया गया था जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी जिनमें एक बच्चा भी शामिल था। इसके बाद गृह मंत्रालय के निर्देश के मुताबिक, एनआईए ने इस मामले की जांच शुरू की थी और 15 जून को मामला अपने हाथ में लिया था।

एनआईए की राजौरी में छापेमारी हाकम खान उर्फ हाकिन दीन द्वारा दी गई जानकारी पर आधारित थी, जिसे 19 जून को रियासी आतंकी हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। एनआईए ने अपनी प्रारंभिक जांच में पाया कि दीन ने कथित तौर पर हमले में शामिल आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह, रसद सहायता और जीविका प्रदान की थी। रियासी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहिता शर्मा के अनुसार, दीन ने न केवल हमलावरों को शरण दी बल्कि उनकी गतिविधियों में भी मदद की जिसके कारण यह घातक घटना घटी। उन्होंने कहा, गिरफ्तार व्यक्ति एक प्रमुख आतंकवादी सहयोगी है जिसने हमले को अंजाम देने में आतंकवादियों की मदद की थी।

## मनोज सिंह बने प्रदेश के नए मुख्य सचिव

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) मनोज कुमार सिंह ने रविवार को दुर्गा शंकर मिश्रा के स्थान पर उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव (सीएस) का पदभार ग्रहण किया। 1988 बैच के आईएएस अधिकारी सिंह ने शाम को निवर्तमान सीएस दुर्गा शंकर मिश्रा से कार्यभार ग्रहण किया। शुरुआत में यह अनुमान लगाया जा रहा था कि श्री मिश्रा को चौथी बार सेवा विस्तार मिलेगा और श्री सिंह आईआईडीसी का प्रभार संभालते रहेंगे।

जब योगी आदित्यनाथ 2017 में मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने ऐसे नौकरशाहों की पहचान की जिनके पास न केवल अनुभव और दक्षता थी बल्कि ईमानदारी, दृढ़ता और मजबूत कार्य नीति भी थी। मनोज कुमार सिंह 'टीम योगी' के इन महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक हैं जिन्होंने कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद अब यूपी के



- निवर्तमान सीएस दुर्गा शंकर मिश्रा से ग्रहण किया कार्यभार

सीएस की भूमिका संभाली है। श्री सिंह को 'परफॉर्मर' के रूप में जाना जाता है। वरिष्ठतम अधिकारियों में से एक के रूप में उन्होंने अपने व्यापक अनुभव, दक्षता, समर्पण और क्षमता के कारण नौकरशाही में एक शानदार प्रतिष्ठा अर्जित की है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पूरे कार्यकाल में सिंह पर लगातार भरोसा जताया है। श्री सिंह वर्तमान में कृषि उत्पादन आयुक्त (एपीसी) और राज्य के आईआईडीसी के रूप में दो महत्वपूर्ण पदों पर हैं। इन भूमिकाओं के अलावा, वह पंचायती राज और खाद्य प्रसंस्करण के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ-साथ यूपीडीए, यूपीएसएचए और पीआईसीयूपी के अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ पदों पर भी काम कर रहे हैं, जो राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

कोविड काल के दौरान श्री सिंह टीम 11 और बाद में टीम 9 का हिस्सा थे, जहां उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड-19 के प्रसार को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 'बैंकिंग आपके दरवाजे पर' की अवधारणा को मूर्त रूप देने वाली योगी 'बीसी सखी' योजना अब पूरे देश में एक मॉडल के रूप में पहचानी जा रही है।

## बिहार की तरह आंध्र भी उठाएगा विशेष राज्य के दर्जे की मांग ?

### टीडीपी नेता राम मोहन नायडू किंजरापु ने कहा- राज्य को फलने-फूलने के लिए कुछ दूसरे मुद्दे भी अहम

विश्ववार्ता ब्यूरो



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि तेलुगु देशम पार्टी इस डिमांड को पूरा करने के लिए कोई रास्ता निकालेगी।

एक इंटरव्यू में किंजरापु ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) से टीडीपी के संबंधों समेत दूसरे मुद्दों पर भी बातचीत की। इस दौरान किंजरापु से विभाजित आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने के मुद्दे पर सवाल पूछा गया। इसे लेकर उन्होंने कहा, 'राज्य को फलने-फूलने के लिए कुछ दूसरे मुद्दे भी अहम हैं। अगर आप एक ही चीज पर जोर देंगे तो यह दूसरी मांगों को छोटा दिखाना होगा। मैं नहीं चाहता कि ऐसा कुछ हो। मेरे लिए तो रेलवे जोन अधिक जरूरी है क्योंकि मैं उत्तरी आंध्र क्षेत्र से आता हूं।'

राम मोहन नायडू किंजरापु श्रीकाकुलम सीट से तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। बातचीत में उन्होंने कहा, 'आंध्र प्रदेश की कोई राजधानी नहीं है। हम इसे लेकर अमरावती की मांग कर रहे हैं। यह अहम है और मुझे उस पर भी जोर देना है। हमारा फोकस पोलावरम पर भी है जो नेशनल प्रोजेक्ट है। बीते 5 बरसों में इसमें कोई प्रगति नहीं हुई है। मगर, जब आप कोई एक ही मुद्दा उठाते हैं, तो वह काफी हद तक राजनीतिक हो जाता है।'

टीडीपी नेता से पूछा गया कि आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा मिलना कितना अहम है? इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'राज्य के विभाजन के शुरुआती 5 बरसों में हमें एनडीए सरकार से कुछ समर्थन मिला। हमारे पास चंद्रबाबू नायडू की लीडरशिप थी। हम राज्य को विकास के रास्ते पर लेकर गए। हमें ऐसा लगा कि अगर एनडीए से और अधिक समर्थन मिलता तो हम ज्यादा सफलता हासिल कर सकते थे।'

किंजरापु ने कहा कि 2019 का चुनाव हम हार गए और जगन मोहन रेड्डी सत्ता में आए। 5 साल तक उन्होंने राज्य के लोगों को धोखे में रखा। जगन ने अपना संविधान और सड़कें बनाईं। उन्होंने राज्य को तो अपना बैंक खाता ही बना लिया था। वह लगातार अपनी मनमानी करते रहे। इसीलिए टीडीपी ने गठबंधन सहयोगियों (भाजपा और जन सेना) के साथ मिलकर जगन रेड्डी की वाईएसआरसीपी को हरा दिया।

## बीएल मीणा और वेकेंटेश्वर लू बने अपर मुख्य सचिव

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति देने के लिए रविवार को विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक हुई। इसमें वर्ष 1991 बैच के दो आईएएस अधिकारियों बीएल मीणा और एल वेकेंटेश्वर लू को मुख्य सचिव का वेतनमान देते हुए अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई है। डीपीसी में वर्ष 1991 व 1992 बैच के आईएएस अधिकारियों को पदोन्नति देने के लिए प्रस्ताव रखा गया। वर्ष 1991 बैच के पांच अधिकारी हैं। कामराज रिजवी, निवेदिता शुक्ला वर्मा, एल वेकेंटेश्वर लू, बीएल मीणा, राजेश कुमार सिंह और वर्ष 1992 बैच में दो अधिकारी हैं। नरेंद्र भूषण और अनुराग श्रीवास्तव। वर्ष 1991 बैच के दो अधिकारी कामराज रिजवी और निवेदिता शुक्ला वर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसलिए उन्हें यूपी आने पर यह लाभ मिलेगा। इसीलिए रिक्त पदों के आधार पर बीएल मीणा और एल वेकेंटश्वर लू को पदोन्नति दे दी है।

## ऑनलाइन मोड में हो सकती है NEET UG की परीक्षा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** NEET UG परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद कई तरह के सवाल उठे हैं। इस मुद्दे को लेकर छात्रों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया और संसद के गलियारों में भी इसकी गूंज सुनाई दी। नीट यूजी पेपर लीक पर बढ़ते विवाद के बीच सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगले साल से NEET UG का एग्जाम ऑनलाइन मोड में कराए जाने पर विचार चल रहा है। मालूम हो कि अब तक नीट की परीक्षा पेन-एंड-पेपर से होती रही है, जिसमें MCQ टाइप के प्रश्न पूछे जाते हैं। मगर, आने वाले दिनों में नीट यूजी के लिए भी IIT, JEE मेन या JEE एडवांस्ड जैसी कंप्यूटर आधारित परीक्षा को अपनाया जा सकता है।

नीट पेपर लीक को लेकर बीते हफ्ते में करीब तीन उच्च-स्तरीय बैठकें हुई हैं जहां मामले को लेकर अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।





- पेपर लीक विवाद के बीच बड़ी तैयारी में केंद्र सरकार

22 जून को केंद्र सरकार की ओर से पूर्व ISRO अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय पैनल का गठन किया गया। टेस्ट प्रक्रिया व डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधारों की सिफारिश करने और NTA की संरचना व कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए यह कमेटी बनाई गई। गौरतलब है कि 2018 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इस मामले पर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा कि 2019 से NEET ऑनलाइन और साल में 2 बार आयोजित किया जाएगा। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के बाद शिक्षा मंत्रालय को यह निर्णय वापस लेना पड़ा। मगर, अब सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि ऑनलाइन परीक्षा को लेकर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

वहीं, नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (NBE) आगामी NEET PG परीक्षा को रिशेड्यूल करने की तैयारी में है। इसे लेकर नई तारीखों की घोषणा सोमवार या मंगलवार को हो सकती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनबीई अगले दो दिन के भीतर नीट-पीजी के लिए नई तारीख का ऐलान करेगा। दरअसल, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद काफी बढ़ा हुआ है। एहतियाती कदम उठाते हुए पिछले सप्ताह रद्द की गई परीक्षाओं में नीट-पीजी की परीक्षा भी शामिल है।

## जीव-जंतुओं की सूची बनाने वाला पहला देश बना भारत

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में जीव-जंतुओं की पहली सूची तैयार की गई है। इस सूची में 1,04,561 नस्ल के जीव जंतुओं की जानकारी दी गई है। इसी के साथ ऐसा काम करने वाला भारत, दुनिया का पहला देश बन गया है।

कोलकाता स्थित भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया-जेएसआई) के 109वें स्थापना दिवस पर भारत के जीव जंतुओं की सूची के पोर्टल की शुरुआत की गई। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा इसी के साथ भारत दुनिया का पहला देश बन गया, जहां जीव-जंतुओं की प्रजातियों के बारे में पहला व्यापक दस्तावेज तैयार किया गाया। इस तरह से भारत, जैव विविधता के बारे में दस्तावेज संपादित करने वाला



- केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दी जानकारी

वैश्विक रूप से पहला अग्रणी देश बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि जीव जंतुओं की यह सूची शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के लिए मददगार साबित होगी। इस दस्तावेज में जीव-जंतुओं की ज्ञात प्रजातियों की 121 सूचियां तैयार की गई हैं। इसके अलावा इस सूची में विलुप्तप्राय जीव जंतुओं को भी शामिल किया गया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत, जैव विविधता संरक्षण के मामले में भारत दुनिया का अग्रणी देश है।

**तालमेल** विशेष राज्य के दर्जे से लेकर इमरजेंसी तक पर रखी अपनी बात, कहा- डबल इंजन की सरकार से बिहार का विकास

# बिहार में नीतीश कुमार से कदमताल करते हुए चलेंगे चिराग पासवान

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि नीतीश कुमार को इस बार बिहार की जनता उखाड़ फेंकेगी। चिराग पासवान ने कहा कि इस तरह के दावे पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ से किए जाते हैं, लेकिन आखिर में फैसला चुनाव के माध्यम से जनता ही करती है। गत लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष ने बहुत तरह के दावे किए थे। विपक्ष ने कहा था कि एनडीए का खाता नहीं खुलेगा। यह लोग जीरो पर आउट हो जाएंगे, लेकिन हकीकत में परिणाम क्या हुआ? हम लोग अधिकांश सीटों पर जीत का पताका फहराने में सफल रहे। अगर आप मेरी पार्टी की बात करेंगे तो हम पांच सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल रहे और विपक्ष दावा कर रहा था कि हम हाजीपुर में भी हारने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजनीति में इस तरह के दावे आमतौर पर किए जाते हैं, लेकिन निर्णायक भूमिका जनता की होती है। उन्होंने कहा, मैं आपको बता दूं कि इस बार जनता ने तय कर लिया है कि डबल इंजन की सरकार से ही बिहार का विकास हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से केंद्र के चुनाव में बिहार की जनता ने हम लोगों के पक्ष में मतदान किया, ठीक उसी तरह आगामी विधानसभा चुनाव में भी बिहार की जनता



हमारा साथ देगी। हालांकि, हम इस बात को स्वीकार करते हैं कि कुछ सीटों पर हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, उसके कारणें से हम वाकिफ हैं। उन सीटों पर हुई हार की समीक्षा हो चुकी है। निकट भविष्य में इस तरह का परिणाम न आए, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। वहीं, मुझे लगता है कि अगर हमने बेहतर तरीके से चुनाव लड़ा होता, तो निसंदेह हम और बेहतर परिणाम लाने में सफल रहते, मगर इस बार बिहार की जनता ने मन बना लिया है कि एनडीए की सरकार का नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठन हो।

वहीं नीतीश कुमार द्वारा केंद्र सरकार से विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग करने पर जब चिराग पासवान से सवाल पूछा गया कि क्या वो दबाव की राजनीति कर रहे हैं? इस पर उन्होंने कहा कि नहीं, बिल्कुल नहीं, वो दबाव की राजनीति नहीं कर रहे हैं बल्कि उस मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष उठाने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें बिहार की जनता का हित समाहित है। यह मांग तो हम लोगों की हमेशा से ही रही है। बिहार से जुड़ा हर दल जब केंद्र सरकार का हिस्सा बना तो उसने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की। हम तो खुद इसके पक्षधर हैं। अब अगर हम कहें कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए और अगर ऐसे में कोई कहे कि आप दबाव की राजनीति कर रहे हैं तो मैं कहता हूं कि नहीं, हम बिल्कुल भी दबाव की राजनीति नहीं कर रहे हैं बल्कि हम बिहार की जनता से जुड़े मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष उठा रहे हैं। अब हम यह मांग अपने प्रधानमंत्री से नहीं करेंगे तो किससे करेंगे? हालांकि हम मानते हैं कि यह विषय नीति आयोग के अधीन आता है। अश्विनी चौबे ने कहा कि बीजेपी के नेतृत्व में अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाना चाहिए जबकि सम्राट चौधरी ने कहा कि अगला चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा तो ऐसे में आप अश्विनी के इस बयान को कैसे देखते हैं? इस पर चिराग पासवान ने कहा कि हर व्यक्ति के बयान पर टिप्पणी नहीं कर सकता हूं, लेकिन यहां आपको एक बात समझनी होगी कि अधिकृत बयान किसका होता है? अधिकृत बयान उसका होता है जो किसी आधिकारिक पद पर आसीन हो। अगर यह बयान पार्टी के अध्यक्ष की ओर से होता तो इसे गंभीरता से लेना उचित रहता, फिलहाल मैं इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं समझता। पार्टी के कई ऐसे नेता होते हैं जो कि पार्टी के प्रति अपनी आस्था को ध्यान में रखते हुए ऐसी टिप्पणी कर देते है जिसका मैं सम्मान करता हूं क्योंकि वो उनकी व्यक्तिगत भावना है, लेकिन अंत में अध्यक्ष की ओर से क्या बयान आता है, वह ज्यादा मायने रखता है।

# जमीन पर कब्जे की शिकायत सुन बिफर उठे सीएम

## बोले– यह बर्दाश्त नहीं, लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर योगी ने किया 'जनता दर्शन', हर फरियादी की सुनी पीड़ा

- 'जनता दर्शन' के दौरान जमीन पैमाइश में हीलाहवाली के कई मामले भी आए
- सीएम ने संबंधित जिलों के डीएम से कहा– तत्काल कार्रवाई कराएं सुनिश्चित





**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान आए सैकड़ों फरियादियों ने अपनी पीड़ा रखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी फरियादियों के पास स्वयं पहुंचे और समस्याएं सुनीं। रविवार को सर्वाधिक शिकायत शाहजहांपुर से पहुंची। इसमें से अधिकांश शिकायतें जमीन कब्जे व पैमाइश में हीलाहवाली से जुड़ी थीं। जिस पर सीएम काफी नाराज हुए।

**सीएम ने जल्द से जल्द कार्रवाई के दिए निर्देश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनता दर्शन में हर पीड़ित के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। यहां शाहजहांपुर जनपद से कई फरियादी आए थे। जिले से जमीन कब्जे और जमीन पैमाइश की काफी शिकायतें थीं। फरियादियों ने लेखपाल-कानूनगो की लापरवाही की शिकायत भी सीएम से की। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल जिलाधिकारी को तीन दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया। ऐसे ही मामले आगरा-कानपुर से भी आए। सीएम ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें कतई परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**धन के अभाव में नहीं रुकेगा किसी का इलाज**

वहीं धनाभाव के कारण इलाज में आ रही समस्या को लेकर भी एक महिला पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड है, लेकिन इलाज में इससे अधिक पैसे की आवश्यकता है, जिस पर सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि धन के अभाव में इलाज कतई नहीं रुकेगा। तत्काल ही सीएम आवास से केजीएमयू वीसी और सीएमएस को इस संदर्भ में सूचित कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं उन्नाव में तैनात सहायक अध्यापिका भी पहुंची, जिन्होंने बताया कि बच्चा काफी अस्वस्थ है और उसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। पति भी बाहर रहते हैं। वे लखनऊ स्थानांतरण चाहती हैं। इस पर सीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**कानून से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि फरियादियों की शिकायत जनपद स्तर पर हर हाल में सुनी जाए। किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जमीन कब्जे से जुड़े मामलों में सीएम ने कहा कि पीड़ितों की सुनवाई सुनिश्चित हो। कानून से खिलवाड़ करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मथुरा में पानी की टंकी गिरी, दो लोगों की मौत, कई घायल



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मथुरा।** मथुरा में आज शाम शहर के कृष्णा विहार इलाके में पानी की विशालकाय टंकी भरभराकर अचानक ढह गई जिसके मलवे में दबकर दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि अभी भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है।

मौके पर जिलाधिकारी, एसएसपी सहित वरिष्ठ अधिकारी व पुलिस बल एवं दमकल कर्मी मौजूद हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए सेना की टीम को भी बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि तीन वर्ष पूर्व ही इस टंकी का निर्माण हुआ था। टंकी की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे थे। यह भी बताया जा रहा है कि कुछ समय से टंकी से पानी के रिसाव की खबर आ रही थी। स्थानीय लोग भी राहत कार्य में प्रशासन के साथ जुटे हैं, जेसीबी मशीन से मलबा हटाया जा रहा है।

# वीरांगना ऊदा देवी की 151वीं जयंती मनाई गई

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की आरे से आज वीरांगना ऊदा देवी की 151वीं जयंती सादगी से मनाई गई। राज्य मुख्यालय 19, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी और सिकंदरबाग स्थित स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने माल्यार्पण कर नमन किया।

वीरांगना ऊदा देवी अवध के अंतिम नवाब वाजिद अली शाह की बेगम हजरतमहल की सुरक्षा में तैनात थी। नवाब के निर्वासन के बाद 1857 की क्रांति में ऊदा देवी ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लखनऊ के सिकन्दर बाग में अंग्रेज फौज पहुंचने से पहले ऊदा देवी ने पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया था। मौके पर पहुंचे कैप्टेन वायलस और डगलस हैरान परेशान थे, तभी उनकी नज़र पेड़ पर बैठे लालवर्दी में सिपाही पर पड़ी। अंग्रेज फौज ने वीरांगना को मार गिराया। उनकी वीरता और बलिदान इतिहास का एक अमर पृष्ठ है।

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में वीरांगना ऊदादेवी को सी. एल. वर्मा, मनोज कुमार पाल, तारिक खान, आशुतोष यादव, दिनेश सिंह, एस.के. राय, डॉ. हरिश्चन्द्र, शिव शरन तिवारी, अतुल यादव, शिव सिंह चौहान, मोहित यादव, दिलीप कमलापुरी, शमसाद हुसैन, योगेश पाल, अजहर रहमान, सतीश मौर्य, अमित कुमार, दिलीप कुमार, नेहा पाण्डेय, शुभम पाल, अशोक सिंह चौहान, संतराम यादव, विकास मौर्य, रोहित कुमार मोहम्मद वसीम ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

सिकन्दर बाग चौराहे पर स्थित वीरांगना ऊदादेवी की प्रतिमा पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सी. एल. वर्मा, प्रदेश महासचिव अताउर्रहमान तथा पूर्व विधायक अम्बरीष पुष्कर, सहित रामसागर रावत, अर्चना रावत, मनोज पासवान, अनोद कुमार रावत, अनिल पासी, मनोज पाल, सुनील रावत, सचिन रावत, यशवंत सिंह आदि ने भी श्रद्धासुमन भेंट किए तथा उनके शौर्य एवं देशभक्ति की सराहना की।

# अखिलेश के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर लगाये 'पीडीए पेड़'

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर समाजवादी अल्पसंख्यक सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री मोहम्मद शकील नदवी के नेतृत्व में मदरसा सैय्यद बिलाल लखनऊ में 'पीडीए पेड़' 51 लगाकर अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौलाना दाऊद नदवी, मौलाना अबु तलहा नदवी, मौलाना मुअज्ज़म नदवी, मुनीर अहमद पूर्व प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक सभा, ताज खान, प्रदेश उपाध्यक्ष, मुनव्वर आलम कुरैशी, शाह आलम, प्रदेश सचिव मोहम्मद अकील खान, मोहम्मद अतीक, असलम खान, मोहम्मद जमाल खान, जिलाध्यक्ष मोहम्मद हारून अज़ीज, जिला उपाध्यक्ष शरीन अहमद, हसीन गाज़ी, मोहम्मद आमिर, विधानसभा अध्यक्ष नूर मोहम्मद, मोहम्मद, आरिफ तौहीद खान, मोहम्मद फैय्यद, मोहम्मद साहिल आदि लोग मौजूद रहे।

# आगरा में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर होगा विकसित, विकास को मिलेगी रफ्तार

- एक्सप्रेसवे के निकट 1058 एकड़ में एनआईसीडीसी और यूपीसीडा करेंगे डेवलप

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**आगरा।** ताजमहल के लिए दुनियाभर में अपनी पहचान रखने वाला आगरा जल्द ही इंडस्ट्रियल रूप भी अपनी छाप छोड़ेगा। अब इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर से यह मुमकिन होगा। हाल ही में कैबिनेट बैठक में इस प्रोजेक्ट के लिए एनआईसीडीसी और यूपीसीडा के बीच शेयर होल्डिंग एग्रीमेंट को हरी झंडी दिखाई गई। शहर के विकास को रफ्तार देने वाला ये प्रोजेक्ट अब गति पकड़ेगा।



योगी सरकार ताजनगरी को इंडस्ट्रियल सिटी के रूप में विकसित कर रही है। आगरा के रहन कला और कुबेरपुर में एक हजार एकड़ से अधिक जमीन पर ये क्लस्टर डेवलप किया जाना है। पूर्व में यह जमीन थीम पार्क के लिए ली गई थी, अब इस जमीन पर क्लस्टर बनेगा। यह जमीन यमुना एक्सप्रेसवे, लखनऊ एक्सप्रेसवे और अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के समीप है। इसके लिए इगिस इंटरनेशनल एसए फ्रांस, इगिस इंडिया कंसल्टिंग इंजीनियर्स प्रा. लि. गुरुग्राम, सीबीआरई साउथ एशिया प्रालि गुरुग्राम को कंसल्टेंट नियुक्त किया गया है। इस प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार की कार्यदायी संस्था नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्प्लीमेंटेशन ट्रस्ट और उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ओर से डेवलप किया जाना है। दोनों संस्थाओं शेयर होल्डिंग एग्रीमेंट लंबित था जिसे हाल ही में कैबिनेट बैठक में अनुमति दी गई। इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के लिए 1595 पेड़ों को हटाया जाना है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मिलने का इंतजार है। यूपीसीडा के अधिकारियों की मानें तो पेड़ हटाने की अनुमति मिलने के साथ ही ग्राउंड पर कार्य तेजी से शुरू कर दिया जाएगा।

यूपीसीडा के अधिशासी अभियंता श्योदान सिंह ने बताया कि हाल ही में हुई कैबिनेट मीटिंग में एनआईसीडीसी और यूपीसीडा के बीच शेयर होल्डिंग एग्रीमेंट को स्वीकृति दी गई है। अब सुप्रीम कोर्ट से पेड़ों को काटने की अनुमति मिलने का इंतजार है। प्रोजेक्ट के लिए कंसलटेंट की नियुक्ति हो चुकी है। इस प्रोजेक्ट का सीधा फायदा उद्योग जगत को होगा। इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में फैक्ट्री लगेगी। इससे आसपास के लोगों को रोजगार मिलेगा जबकि तैयार सामान को रोड या फिर ट्रेन से आसानी से अन्य राज्यों में भेजा जा सकेगा। अब तक टूरिज्म इंडस्ट्री के रूप में पहचान रखने वाले आगरा की इंडस्ट्रियल सिटी के रूप में भी छाप देश और दुनिया में पड़ेगा। इससे शहर की इकोनॉमी को फायदा पहुंचेगा। इंटीग्रेटेड क्लस्टर में अलग-अलग साइज के प्लॉट होंगे। ऐसे में शहर कारोबारियों को भी अपने कारोबार को गति देने के अवसर मिलेंगे।

# इंद्रधनुषी रंग बिखेरेगा टूरिज्म सर्किट नाथनगरी कॉरिडोर को 25 करोड़ रिलीज

## नाथ मंदिरों को जोड़ने वाली सड़कों पर होगा कंट्रोल्ड एलिवेशन

- कमिश्नर ने सप्लीमेंट्री डीपीआर जल्द भिजवाने के दिए निर्देश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में नाथ नगरी कॉरिडोर को नव्य और भव्य स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। इंद्रधनुषी रंग से सातों मंदिरों को जोड़ने वाले सात सर्किट तैयार हो रहे हैं। सभी सर्किटों में अलग-अलग रंग होंगे। नाथ कारिडोर में पड़ने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के एक ही डिजाइन और एकरूपता के साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने नाथ नगरी कॉरिडोर का निर्माण तेजी से कराने के लिए कहा है। उन्होंने सभी विभागों को सप्लीमेंट्री डीपीआर शासन को भेजने के लिए निर्देशित किया है। पर्यटन विभाग को कार्यदाई संस्था का चयन कर काम शुरू करवाने के निर्देश दिए गए हैं। 250 करोड़ से नाथ मंदिरों को जोड़ते हुए 32.5 किलोमीटर लंबा टूरिज्म सर्किट बनाया जाएगा। इसको लेकर शासन ने पहले किस्त के रूप में 25 करोड़ निर्गत कर दिए हैं।

**स्ट्रीट लाइट में होंगे शिव के प्रतीक चिन्ह**

सातों नाथ मंदिर को जोड़ने वाले सर्किट पर स्ट्रीट लाइट में शिव के प्रतीक चिन्ह लगाए जाएंगे। इनमें सातों सर्किटों की अलग पहचान के लिए डमरू, त्रिशूल, त्रिपुर, नंदी स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा नाथ मंदिरों को जोड़ने वाली सड़क पर वर्तमान नगर भविष्य में होने वाले निर्माण को ध्यान में रखते हुए कंट्रोल्ड एलिवेशन कराया जाएगा। इसके साथ एक मंदिर से दूसरे नाथ मंदिर को जोड़ने वाले सातों सर्किट को एकरूपता लाने के लिए दोनों और बिल्डिंग एक ही रंग में नजर आएंगी।




**फोकस वाल पर होगा शिव के विभिन्न स्वरूपों का मनोरम चित्रण**

शहर के प्रमुख स्थानो एवं चौराहों पर फोकस वाल का निर्माण किया जाएगा। जिससे कि युवा पीढ़ी नाथ नगरी के सांस्कृतिक विरासत उसके आध्यात्मिक महत्व को समझ सके। फोकस वाल में शिव के विभिन्न स्वरूपों का चित्रण किया जाएगा। जिससे कि नाथ नगरी की आभा प्रदर्शित होगी। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

**शहर के प्रमुख चौराहों का होगा विकास, शिव के स्वरूप प्रदर्शित करेंगे आभा**

नाथनगरी कॉरिडोर को लेकर शासन ने 24 करोड़ का बजट रिलीज कर दिया है। नाथ कारिडोर के टूरिज्म सर्किट को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों का विकास किया जायेगा। शिव के विभिन्न स्वरूपों की स्थापना की जाएगी। आर्किटेक्ट सुमित अग्रवाल ने नाथनगरी कॉरिडोर के कांसेप्ट का प्रजेंटेशन किया। इस दौरान डीएम रविंद्र कुमार, उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण मणिकंडन ए, बीडीए सचिव योगेंद्र कुमार, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बृजपाल सिंह, पीडब्ल्यूडी, बिजली विभाग समेत सभी विभागों के अफसर उपस्थित थे।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को पौधरोपण के प्रति किया जाएगा जागरूक, लगाए जाएंगे 'एक पेड़ मां के नाम'

# वन महोत्सव का आज से आयोजन कराएगी योगी सरकार

- विरासत वृक्षों के साथ ही पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन पर भी सरकार का जोर
- सीएम योगी ने आमजन से की अपील– एक या दो पौधे अवश्य लगाएं और संरक्षण करें

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार पहली जुलाई से वन महोत्सव का आयोजन कराएगी। यह महोत्सव सात जुलाई तक चलेगा। इस दौरान एक तरफ विरासत वृक्षों के संरक्षण पर सरकार का जोर रहेगा तो वहीं दूसरी तरफ पौधरोपण से संबंधित जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक समेत अनेक प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्कूली बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीते दिनों पड़ी बेतहाशा गर्मी को देखते हुए योगी सरकार का पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन पर भी पुनः विशेष जोर है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की कि एक या दो फलदार पौधे अवश्य लगाकर उनका संरक्षण करें।

**स्कूली बच्चों को किया जाएगा जागरूक**

प्रदेश में जुलाई के प्रथम सप्ताह में होने वाले वन महोत्सव के अंतर्गत जन जागरूकता के कार्यक्रम होंगे। इसके तहत प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता व संगोष्ठी आदि का भी आयोजन स्कूली स्तर पर होंगे। साथ ही अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षावरण व पौधरोपण के महत्व, वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण, स्वच्छता-प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने आदि पर जोर रहेगा।



**विरासत वृक्ष वाटिका के प्रचार प्रसार पर भी नजर**

वन महोत्सव के दौरान विरासत वृक्ष वाटिका के लिए प्रचार-प्रसार पर भी विभाग का जोर रहेगा। इसके साथ ही वेटलैंड्स के कैचमेंट में पौधरोपण, नदियों के संरक्षण व पुनरुद्धार के लिये नदी किनारे पौधरोपण, शहरी क्षेत्रों में भी पौधरोपण किया जाएगा। पहली से सात जुलाई तक प्रत्येक जनपदों में भी जनजागरूकता समेत वृहद स्तर पर अनेक कार्यक्रम होंगे। साथ ही केंद्र सरकार के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम भी लगाए जाएंगे।

**कम से कम एक या दो पौधे अवश्य लगाएं**

वन महोत्सव के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की है कि इस वर्षाकाल में अपने घर-आंगन में कम से कम एक या दो फलदार पौधों का रोपण अवश्य करें। साथ ही प्रदेश में अधिक से अधिक पौध रोपित कर इनका सिंचन व सतत देखभाल भी करें।

**35 करोड़ पौधरोपण कराएगी सरकार**

वन महोत्सव के अलावा योगी सरकार यूपी को हरा-भरा रखने के लिए इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण करेगी। इसके लिए विभागों और मंडलों के लक्ष्य पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं। वन-पर्यावरण विभाग 14 करोड़ तो ग्राम्य विकास विभाग सूबे में लगाएगा 12.59 करोड़ पौधे लगाएगा। वहीं सर्वाधिक लक्ष्य लखनऊ मंडल (4 करोड़) को दिया गया है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से मिलेगी प्रेरणा: योगी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर इसकी सराहना की। सीएम योगी ने लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के उल्लेख से असंख्य लोगों को अपनी पूज्य मां के साथ मिलकर या उनकी स्मृति में उनके नाम पर पेड़ लगाने की प्रेरणा प्राप्त होगी। सीएम योगी ने लिखा कि पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण–संवर्धन और पारिस्थितिकी संतुलन का आधार है। आइए, हम सभी अपनी मां और धरती मां के लिए समर्पित होकर अपनी धरा को हरित बनाने के इस अभियान से जुड़ें और सृष्टि–कल्याण के पुनीत कार्य में सहभागी बनें।

## एक नजर

### एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने अब तक का सबसे अधिक बोनस किया घोषित

**लखनऊ।** भारत की एक प्रमुख निजी जीवन बीमा कंपनी, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्तवर्ष 2023–24 के लिए वार्षिक मूल्यांकन के दौरान रु. 134.44 करोड़ के अपने अब तक के सबसे अधिक कुल बोनस की घोषणा की है। यह बड़ी उपलब्धि इस कंपनी द्वारा बोनस की घोषणाओं के लगातार 10वें वर्ष को अंकित करती है, जो पिछले वित्तवर्ष के रु. 87.86 करोड़ के कुल बोनस की तुलना में 53% की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है। इस कुल बोनस 134.44 करोड़ में से, रु. 25.88 करोड़ योग्य पॉलिसीधारकों को नकद बोनस और परिपक्वता बोनस के तौर पर वितरित कर दिए जायेंगे, और शेष राशि का भुगतान वित्तवर्ष 2023–24 में पॉलिसी की परिपक्वता, त्यागने या असामयिक मृत्यु होने पर किया जायेगा। भागीदारी के पारंपरिक (लाभ के साथ) तरीके वाली पॉलिसियों के पॉलिसीधारक इस बोनस को प्राप्त करने के लिए योग्य हैं, जो भागीदारी (लाभ–युक्त) निधियों के तहत उत्पन्न अतिरिक्त लाभ से प्राप्त होता है। 31 मार्च, 2024 तक लागू रहने वाली सभी भागीदारी वाली पॉलिसियाँ इस बोनस के लिए लिए योग्य हैं। बोनस में अधिक मात्रा हुई यह वृद्धि एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस की अपने पॉलिसीधारकों को लाभ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी एस.पी. प्रभु ने बताया, अपने अब तक के सबसे अधिक बोनस की घोषणा करते हुए हम अत्यंत प्रसन्न हैं, जो रणनीतिक निवेश और निधि के कुशल प्रबंधन के द्वारा निरंतर लाभ उत्पन्न करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जीवन बीमा पॉलिसियों को लंबी अवधि के लिए तैयार किया जाता है, और बोनस पॉलिसीधारकों की निष्ठा के लिए एक पुरस्कार के तौर पर काम करते हैं। हम अपने सभी हितधारकों के लिए लाभ को सुनिश्चित करते हुए सर्वश्रेष्ठ उत्पाद और सेवायें प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वित्तीय सुरक्षा पर हमारा ध्यान इस बात को सुनिश्चित करता है कि हम पर अपने भरोसे से हमारे ग्राहकों को लाभ हों जिससे एक भयहीन भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो।

### मनरेगा योजना में महिलाओं की भागीदारी में ऐतिहासिक बढ़ोतरी



**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। महिला स्वावलंबन व सशक्तिकरण की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा नित नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। मनरेगा योजना में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी में इस वर्ष अन्य वर्षो की तुलना में सबसे अधिक है। ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन से महिलाएं स्वावलंबी बन रही हैं। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में अब तक मनरेगा योजना के तहत कुल 8.70 करोड़ मानव दिवस सृजित हुए जिनमें से 3.78 करोड़ महिलाएं हैं जो लगभग 43.53 प्रतिशत हैं। उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) के तहत महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी 2020–21 में 33.57 प्रतिशत रही, वर्ष 2021–22 में 37.25 प्रतिशत रही, वर्ष 2022–23 में 37.87 प्रतिशत रही, वर्ष 2023–24 में यह बढ़कर 42.26 प्रतिशत हो गई और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में अब तक यह प्रतिशत 43.53 हो गया जो अब तक का सबसे अधिक प्रतिशत है। आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा योजना में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को समय–समय पर आवश्यक दिशा निर्देश भी निर्गत किये जाते हैं। मनरेगा योजना से जोड़ते हुए ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को कार्य उपलब्ध कराया जा रहा है।

### पात्रों को योजनाओं की परिधि में लाने के लिए बनेगी ट्रांसफार्मेशन टीम



**लखनऊ।** सरकार की विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं का लाभ पात्रों तक आसानी से पहुंच सके इसके लिए सीएम योगी के निर्देश पर सभी विभाग नियमित प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश सरकार का समाज कल्याण विभाग अधिक से अधिक पात्र लोगों तक अपनी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मेशन टीम एवं कंसलटेंट नियुक्त करने जा रहा है। ट्रांसफार्मेशन टीम विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति का अध्ययन कर बदलाव हेतु समाधान प्रस्तावित करेंगी। इस टीम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अगले सात कार्य दिवसों में ट्रांसफार्मेशन टीम एवं कंसलटेंट नियुक्त करने का निर्देश निदेशक, समाज कल्याण को दिया है, ताकि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित वृद्धावस्था पेंशन और परिवारिक लाभ योजनाओं में आवश्यकतानुसार बदलाव कर अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं की परिधि में लाया जा सके। मंत्री असीम अरुण ने निदेशक, समाज कल्याण विभाग को पत्र लिख कर निर्देशित किया है कि प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी जी के रिफार्म–परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने और अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा चुनिन्दा योजनाओं की प्रणाली को रूपांतरित करने की योजना है।

## संपादकीय

### दिग्गजों की विदाई

टी20 विश्व कप 2024 की विजय के बाद भारतीय टीम के दिग्गजों में जैसे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास लेने की होड़ लग गयी है। विराट कोहली और रोहित शर्मा के बाद अब रविंद्र जडेजा ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कह दिया है। जडेजा ने रविवार को टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्रिकेटर ने टी20 विश्व कप 2024 की ट्रॉफी के साथ अपनी एक मुस्कुराती हुई तस्वीर साझा की जिसके साथ उन्होंने एक भावुक नोट लिखकर अपने संन्यास लेने का ऐलान किया। विराट, रोहित और अब जडेजा के संन्यास की खबर ने क्रिकेट के चाहने वालों के दिल तोड़ दिए हैं। टी20 विश्व कप की ट्रॉफी जीतने की खुशी के बीच भारतीय क्रिकेट के नामी खिलाड़ियों को संन्यास लेता देख लोग भावुक हो गए हैं। जडेजा ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर टी20 विश्व कप 2024 की ट्रॉफी थामे अपनी एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, मैं दिल से कृतज्ञता के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कहता हूं। गर्व से सरपट दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह, मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। जडेजा ने आगे लिखा टी20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था, मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का शिखर। यादों, उत्साह और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद। भारत ने दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। बारबाडोस के केनसिंग्टन ओवल में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में 7 रन से हरा दिया। इससे पहले जीत के जश्न में गले मिलते, हार के दुख में एक दूसरे के आंसू पोंछते, क्रीज पर एक दूसरे की उपलब्धि को सराहते विराट कोहली और रोहित शर्मा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आये और अब दोनों ने टी20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली। जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई। दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं। एक आग है तो दूसरा पानी। वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए, आंखें आंसुओं से भीगी थीं। वहीं कोहली अपनी भावनाएं छिपाते कुछ देर के लिये चुपचाप ड्रेसिंग रूम में चले गए। वह जीत का जश्न मनाना चाहते थे लेकिन अकेले भी रहना चाहते थे। दोनों के बीच साझा क्या है, एक दूसरे के हुनर और उपलब्धियों का सम्मान। रोहित को बखूबी पता था कि कोहली ने संन्यास का फैसला ले लिया है, फाइनल का नतीजा चाहे जो हो। यही वजह है कि मैच के बाद पुरस्कार वितरण में रोहित ने उन्हें यह मौका दिया और अपने संन्यास का ऐलान नहीं किया। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की। जब एक ही दौर में दो दिग्गज साथ खेल रहे हों तो मतभेद होना लाजमी है क्योंकि कहते हैं न कि एक म्यान में दो तलवारें नहीं रह सकती। भारतीय क्रिकेट में इतना कुछ दांव पर होता है कि दो तलवारें एक म्यान में साथ रहना सीख जाती हैं। सुनील गावस्कर और कपिल देव अस्सी के दशक में साथ खेल रहे थे जब सोशल मीडिया नहीं था। उस दौर में कप्तानी को लेकर म्यूजिकल चेयर हुआ करता था लेकिन इन दोनों धुरंधरों का एक दूसरे के प्रति सम्मान कम नहीं हुआ। रोहित और विराट सोशल मीडिया के दौर के दिग्गज हैं। तिल का ताड़ बनाने वाले इस दौर में दोनों ने अपनी गरिमा बनाये रखी। विश्व कप सेमीफाइनल 2019 में भारत की हार के बाद दोनों के संबंधों में दरार की खबरें आने लगी थीं। कोहली ने टी20 कप्तानी छोड़ने का फैसला किया और बीसीसीआई ने सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों में रोहित को कप्तान बनाया था। सोशल मीडिया पर वायरल हुई कुछ पोस्ट में पता चलता है कि दोनों के मन में एक दूसरे के लिये कितना सम्मान है। दोनों के अपने अपने संघर्ष रहे हैं। भारतीय क्रिकेट के इन दिग्गजों की कमी लोगों को खलेगी, लेकिन वैसे लीजैंड कभी रिटायर नहीं होते।

**कटाक्ष** हसन जैदी




# विकास की गारंटी नहीं है विशेष राज्य का दर्जा



**अरविंद जयतिलक**

केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए सरकार की सहयोगी जनता दल (यू) द्वारा एक बार फिर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की गई है। गत दिवस संपन्न पार्टी कार्यकारिणी की मीटिंग में जनता दल (यू) द्वारा जोर देकर कहा गया है कि बिहार के विकास के लिए स्पेशल स्टेट्स और विशेष आर्थिक पैकेज मिलना जरुरी है। देखना दिलचस्प होगा कि केंद्र की सरकार अपने सहयोगी की मांग को कितना तवज्जो देती है।

बहरहाल गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की गई है। 2009 में बिहार विधानसभा और 2010 में विधानपरिषद ने सर्वसम्मति से विशेष राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित किया। उसके बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों ने 23 मार्च 2011 को इस मांग के समर्थन में प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा। 14 जुलाई 2011 को शरद यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा जिसमें सवा करोड़ लोगों के हस्ताक्षर थे। 4 नवंबर 2012 को पटना के गांधी मैदान में जनता दल (यू) ने महारैली कर विशेष राज्य की दर्जे की मांग का एलान किया और उस मांग के समर्थन में 17 मार्च, 2013 को दिल्ली के रामलीला मैदान में भी रैली की।

उसके बाद जून 2013 में जनता दल (यू) ने भारतीय जनता पार्टी से इसलिए नाता तोड़ लिया कि केंद्र की मनमोहन सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे देगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मई 2013 में केंद्र सरकार ने तत्कालीन आर्थिक सलाहकार रघुरामराजन की अध्यक्षता में राज्यों को पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के मदों से आवंटन हेतु समेकित विकास सूचकांक के निर्माण के लिए एक छः सदस्यीय समिति का गठन किया। शैबल गुप्ता, भरत रामास्वामी, नजीब जंग, नीरजा जी जायल और तूहीन पांडे इस समिति के सदस्य थे।

समिति ने सितंबर माह में वित्त मंत्रालय को सौंपी अपनी रिपोर्ट में राज्यों को धन उपलब्ध कराने के लिए बहुआयामी सूचकांक की नयी प्रणाली अपनाने का सुझाव दिया। लेकिन इस कवायद के बाद भी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला। गौर करें तो मौजूदा समय में विशेष राज्य दर्जा प्राप्त राज्यों की संख्या 11 है। ये राज्य हैं- नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू एवं कश्मीर। ध्यान दें तो विशेष दर्जा प्राप्त ये सभी राज्य पहाड़ी हैं और पिछड़ेपन होने की सभी शर्तों को पूरा भी करते हैं।

गौर करें तो विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने के दो आधार बनाए गए हैं। एक, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का मानक और दूसरा योजना आयोग का। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार उन्हीं राज्यों को पिछड़ा माना गया है जिनका कमजोर संसाधन आधार और कमजोर अधिसंरचना है। जो भौगोलिक अलगाव और अगम्य भू-क्षेत्र में स्थित हैं जबकि योजना आयोग की शर्तों के मुताबिक उन राज्यों को पिछड़ा माना गया जो पहाड़ी क्षेत्र में स्थित हैं, जिनकी निम्न जनसंख्या घनत्व है, जिनकी स्थिति पड़ोसी देशों की सीमाओं पर है और जिनकी राजकीय वित्त व्यवस्था कमजोर है।

केंद्र सरकार द्वारा संसाधनों के वितरण में विशेष दर्जा वाले राज्यों को अतिरिक्त आर्थिक मदद दी जाती है ताकि आर्थिक असमानता और क्षेत्रीय असंतुलन दूर किया जा सके। इन राज्यों को 90 प्रतिशत केंद्रीय अनुदान और शेष 10 प्रतिशत ब्याजमुक्त कर्ज प्राप्त होता है। इसके अलावा उन्हें उत्पाद शुल्क में भी रियायत मिलती है ताकि वहां पूंजी निवेश हो सके। योजना व्यय के लिए केंद्र सरकार की सकल बजट योजना का 30 प्रतिशत हिस्सा भी उन्हें प्राप्त होता है। इन राज्यों में उद्योग लगाने के लिए उद्योगपतियों को भारी प्रोत्साहन मिलता है। 12 वें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि केंद्र सरकार को सिर्फ अनुदान देना चाहिए और यह राज्यों के उपर छोड़ देना चाहिए कि वे बाजार से कितना कर्ज लेना चाहते हैं।

तब से विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90 प्रतिशत अनुदान और 10 प्रतिशत ब्याजमुक्त कर्ज का फार्मूला यथावत है। सामान्य श्रेणी के राज्यों के लिए ऋणों और अनुदानों के बीच वही अनुपात है जिस अनुपात में वह केंद्र को प्राप्त होता है। हालांकि 13 वें वित्त आयोग ने विशेष श्रेणी के राज्यों को अतिरिक्त संसाधन सहायता उपलब्ध कराने की सिफारिश के साथ ही यह भी सुझाव दिया कि केंद्र को 30.5 प्रतिशत के बजाए 32 प्रतिशत की राशि राज्यों की झोली में डालना चाहिए। उसने केंद्र से कुल राजस्व से राज्यों को मिलने वाला हिस्सा भी 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 39.5 प्रतिशत किए जाने की भी शिफारिश की।

पर गौरतलब यह कि बात चाहे विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों की हो या अन्य राज्यों की, सभी आर्थिक बदहाली के संकट में हैं। विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों का औद्योगिक राज्य बनने का सपना पूरा नहीं हो पाया है। असम, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर तथा जम्मू-कश्मीर समेत अन्य विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों पर भारी कर्ज है। तीन पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए कई योजनाएं बनी। निवेशकों को आकर्षित करने तथा रोजगार सृजित करने के लिए टैक्स में भारी कमी की गयी। दूसरे उपायों की भी घोषणा हुई। लेकिन परिणाम सकारात्मक नहीं दिखा।

योजना आयोग ने जब 2013 में इन राज्यों को विकास की कसौटी पर कसा तो तस्वीर उत्साहजनक नहीं दिखी। निवेशक टैक्स छूट का फायदा उठाने में तो सफल रहे लेकिन ये राज्य रोजगार सृजित करने में विफल रहे। राज्य सरकारों और स्थानीय प्रशासन की सुस्ती की वजह से कई निवेशक अपना कारोबार समेट लिए। नतीजा राज्य में आधारभूत ढांचा विकसित नहीं हो सका। ऐसे में यह धारणा पालना कि विशेष राज्य का दर्जा मिलने मात्र से राज्य की समस्याएं छूमंतर हो जाएंगी और राज्य तरक्की का छलांग लगा लेगा, संभव नहीं। ऊंचा विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए राज्यों को सबसे पहले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना होगा और साथ ही आर्थिक अनुशासन तथा कानून-व्यवस्था भी दुरुस्त करना होगा।

वैसे भी संभव नहीं है कि केंद्र सरकार एक साथ देश के सभी पिछड़े राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दे। पिछड़े राज्यों को तरक्की के लिए अपने पिछड़ेपन के मूल कारणों को तलाश कर उसका निदान ढूंढ़ना होगा। वे पिछड़े इसलिए हैं कि वहां विकास नहीं हुआ। किसी भी राज्य के विकास के लिए पारदर्शिता, ईमानदारी और प्रभावकारी कार्यसंस्कृति जरूरी है। पिछड़े राज्यों की सबसे बड़ी समस्या भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार की वजह से ही वे उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं कर पाए हैं। कानून-व्यवस्था की बदहाली और संकुचित राजनीतिक दृष्टिकोण भी पिछड़ेपन के लिए जिम्मेदार हैं। अगर कानून-व्यवस्था दुरुस्त हो तो पिछड़े राज्यों में निवेशकों का रुझान बढ़ेगा और रोजगार सृजित होगा।

लेकिन दशकों बाद भी पिछड़े राज्य अनुकूल वातावरण निर्मित नहीं कर पाए। कृषि, उद्योग और संरचनागत विकास के लिए माहौल नहीं बन पाया। गौर करें तो सभी पिछड़े राज्य कृषि प्रधान हैं। अगर वे कृषि में वैज्ञानिक तकनीकी, अधिक उत्पादन, किसानों के उत्पादों को समुचित मूल्य व भारी निवेश पर ध्यान देते हैं तो राज्यों की तस्वीर बदल सकती है। इन राज्यों को व्यापार एवं होटल, उद्योग, सेवा क्षेत्र, बैंकिंग एवं बीमा इन सभी क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करना होगा। यह मान लेना कि विशेष राज्य का दर्जा मिल जाना ही विकास का मूलमंत्र है तो यह सही नहीं है।

गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत कई ऐसे राज्य हैं जिन्हें विशेष राज्य का दर्जा हासिल नहीं हैं, फिर भी विकास का ऊंचा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहे जबकि इसके उलट विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त कई राज्य आर्थिक बदहाली के कगार पर हैं। अगर बिना प्रयोजन विशेष राज्य के दर्जे की शर्तों में बदलाव हुआ तो उसके गंभीर कुपरिणाम उन राज्यों को भुगतना होगा जो आर्थिक अनुशासन, विधिक सुशासन और सतत विकास के बूते ऊंचे ग्रोथ रेट हासिल किए हैं। बदलाव का नतीजा यह भी होगा कि जिन राज्यों को अभी ज्यादा आर्थिक मदद मिल रही है, उनमें कटौती होगी और पिछड़ेपन के शिकार राज्यों को उपकृत किया जाएगा। यह एक किस्म से अन्याय जैसा होगा।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# बजट से मध्यम वर्ग को खुश करने का होगा प्रयास ?



**प्रेम शर्मा**

अपेक्षा और दावे के विपरीत आए चुनाव परिणामों से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व चितिंत है। उसे समझ में आ गया है कि मध्यम वर्ग की उपेक्षा के कारण वह चुनाव में अपना लक्ष्य पूरा नही कर पाई। ऐसे में आगामी आम बजट के जरिए केंद्र की भाजपा सरकार चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने की तैयारी में है।

माना जा रहा है कि इस बार का बजट युवा, रोजगार, महिला, बुजुर्ग और मध्यम वर्ग पर केंद्रित होगा। इसके लिए सरकार जहां आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज को जारी रखेगी, वहीं 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने का रास्ता भी साफ करेगी।

भाजपा ने चुनाव से पहले घोषणा की थी कि आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त में इलाज मुहैया कराया जाएगा। अब बजट के माध्यम से पैसे का आवंटन करने की तैयारी है। इस तरह सरकार अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का भी बजट बढ़ाने पर विचार कर रही है। इस बार युवाओं के लिए रोजगार पर भी विशेष ध्यान रहेगा।

यही नही, केन्द्र सरकार के कई विभागों में भारी भरकम रिक्तियों को भी भरने के लिए चरणबद्ध भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने पर विचार कर रही है। आम चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक न आने के बाद से भाजपा सरकार युवाओं को साधने की कोशिश कर रही है।

ज्ञात हो कि इस वर्ष के अंत में कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं जिसमें भाजपा को लगता है कि अगर युवा वर्ग नाराज हुआ तो नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए केंद्र सरकार अपने खजाने का मुंह खोलने को तैयार है।

इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, उत्पादन, उच्च मूल्य वाली सर्विस, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की संभावना तलाशी जा रही है। रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है।

भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। रोजगार के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को सेवा क्षेत्र से जोड़ने का रास्ता खुल सकता है। इससे निम्न और मध्यवर्ग की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे क्योंकि स्वयं सहायता समूह में इन्हीं वर्गों की महिलाएं सबसे ज्यादा कार्यरत हैं। महिलाओं की जन सुविधा के लिए सरकार बड़े शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाने को लेकर भी अलग से योजना ला सकती है। देशभर में महिलाओं के




सामने सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारी की बड़ी समस्या है, जिसके लिए सरकार राष्ट्रीय स्तर पर विशेष स्वास्थ्य प्रोग्राम संचालित करने का ऐलान भी कर सकती है। इस बार सरकार की वित्तीय स्थिति काफी अच्छी है। जीएसटी समेत अन्य कर संग्रह तेजी से बढ़ रहा है। अप्रैल महीने में जीएसटी का अब तक का उच्चतम 2.10 लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ। हालांकि, इसमें मई महीने में थोड़ी गिरावट आई थी लेकिन उसके बावजूद 1.73 लाख करोड़ रुपये सरकार के खजाने में आया। इस तरह से बाकी मदों से भी सरकार की आमदनी बढ़ी है। इसलिए सरकार वित्तीय स्थिति को देखते हुए अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अपनी जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए बजट में बड़े ऐलान कर सकती है। युवा एवं पढ़े लिखें बेरोजगारों, प्रतियोगी परीक्षाओं चल रही धांधली से नाराज युवाओं की नाराजगी दूर करने के लिए केंद्र सरकार अपने खजाने का मुंह खोलने को तैयार है।

रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है। भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है।

जानकारों के अनुसार इस बार का बजट आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का होगा। इसके लिए सरकार सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली, ग्रीन एनर्जी, एयरपोर्ट, मेट्रो समेत अन्य क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर बड़ी घोषणा हो सकती हैं। इन परियोजनाओं के जरिए रोजगार के बड़े अवसर भी पैदा होंगे।

इस तरह से उत्पादन और सर्विस क्षेत्र को लेकर भी बड़ी घोषणाएं संभव है जिसमें सबसे ज्यादा कुशल व प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत पड़ेगी। युवा अपने दम पर कारोबार के क्षेत्र में आगे बढ़ें, इसके लिए स्टार्टअप पर दी जा रही छूट को आगे भी जारी रखा जा सकता है। कुछ अतिरिक्त ऐलान भी स्टार्टअप को लेकर किए जा सकते हैं।

खेल और पर्यटन से जुड़ी मदों का बजट भी बढ़ाया जा सकता है। चुनाव से पहले भाजपा ने घोषणा पत्र में युवाओं के लिए इन सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने का वादा भी किया था। यही नहीं, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान मध्यम वर्ग के लिए आगामी बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अभूतपूर्व घोषणाएं कर सकती है।

इस बात के संकेत गत दिवस बजट में राहत और आर्थिक सुधार के संकेत राष्ट्रपति के अभिभाषण से भी मिले। श्री मुर्मू ने कहा कि आगामी बजट भविष्यदर्शी दस्तावेज होगा। सभी सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाने का प्रावधान होगा। बजट में सरकार की ओर से ऐसे कई बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसले लिए जाएंगे जिससे सरकार की दूरगामी नीति और भविष्य की दूरदर्शिता नजर आएगी।

## कविता



**शबीना अदीब**

### मेरे मसीहा

मेरे मसीहा मैं जी उठूँगी,
दुआएँ दे दे दवा से पहले
हयात में नूर बन के आजा
ग़मों की काली घटा से पहले
वो बेवफ़ा हो गया है फिर भी
उसी की यादों में ग़ुम रहूँगी
ये कैसे भूलूँ कि उसने मुझसे
वफ़ा भी की है जफ़ा से पहले
जो चाहते हैं मदद सभी से
जलील होते हैं इस जहाँ में
नवाज़ती है उन्हीं को दुनिया
जो माँगते हैं ख़ुदा से पहले
वतन बचाने का वक़्त है ये
मकां बचाने की फ़िक्र छोड़ो
मेरे भी हाथों में दे दो परचम
मेरे बुज़ुर्गों हिना से पहले
खताएँ मुझसे हुई हैं लेकिन
मुझे यकीं है तू बख़्श देगा
मैं हसरते दिल पुकार लूँगी
तेरे करम को सज़ा से पहले।

# नीट की परीक्षा का ससुराली गठजोड़



**नवेन्दु उन्मेष**

**हास्य-व्यंग्य**

नीट की परीक्षा के पेपर को आखिर लीक होना था, सो हो गया। वैसे तो आये दिन कोई न कोई परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होता ही रहता है। लेकिन नीट की परीक्षा के पेपर लीक को लेकर कुछ लोग ज्यादा ही हाय तौबा मचा रहे हैं।

कुछ लोग जिंदाबाद-मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सड़कों पर पुतले फूंक रहे हैं तो कुछ लोग धरना-प्रदर्शन करके नीट परीक्षा हाय-हाय के भी नारे लगा रहे हैं। ऐसे लोगों को आखिर कौन समझाये कि प्रत्येक परीक्षा में ससुराली गठजोड़ छिपा रहता है। संभव है कि नीट की परीक्षा में भी ससुराली गठजोड़ रहा होगा। ससुराल वालों को मालूम होगा कि आखिर नीट की परीक्षा लेने वाला जीजा प्रश्नपत्र कहां से और कैसे लाता है और कहां रखता है। मुझे तो सबसे ज्यादा आश्चर्य तब हुआ जब जीजा जी हजारीबाग में परीक्षा का प्रश्नपत्र एक बैलगाड़ी यानी ई रिक्शा पर लाद कर लाये। यह काम तो कोई जीजा ही कर सकता था क्योंकि उसे अपने ससुराल वालों पर पूरा भरोसा था कि वे इसे लीक नहीं कर सकते हैं। मुझे तो श्रीमती जी ने परीक्षा होने के दो-तीन दिन बाद ही बतला दिया था कि नीट की परीक्षा का पेपर लीक हो गया है। तब मैंने हंसते हुए कहा था, इसमें कौन सी नयी बात है। तब उन्होंने मुझे डपटते हुए कहा था कि मुझे अपने बेटे की फिक्र पड़ी है और एक तुम हो कि परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो जाने पर हंस रहे हो। मैंने उनसे कहा कि प्रत्येक परीक्षा में कुछ न कुछ कमाई का साधन छिपा रहता है। तब श्रीमती ने मुझसे कहा था, मैं सोच रही थी कि साल भर बेटे ने जमकर नीट की तैयारी की है और इस बार वह अच्छे नंबर से पास करेगा तो उसकी किसी मेडिकल कॉलेज में नामांकन करा दूंगी। इसके बाद वह भविष्य में अच्छा डॉक्टर बनकर देश की सेवा करेगा। तब मैंने श्रीमती जी से कहा था कि नीट की परीक्षा में बैठने से अच्छा है यूक्रेन चला जाना, वहां डॉक्टर बनने के व्यापक स्कोप हैं। मैंने श्रीमती से कहा कि नीट की परीक्षा लेने वाले दामाद जानते ही नहीं हैं कि परीक्षा कैसे ली जाती है। उन्हें तो अपने ससुराली रिश्तेदारों पर पूरा भरोसा रहा होगा। इसीलिए सालों ने परीक्षा के पेपर लीक करा दिये। यहां तक कि प्रश्नपत्र हल करके लाखों रुपये में उसे बेच भी आये। खरीदार भी ऐसे की कुछ घंटों में सारे के सारे प्रश्न के हल रट लिये।

जाहिर है, नीट की परीक्षा ने एक नया बाजार भी पैदा किया। अब सीबीआई वाले विभिन्न राज्यों में छापेमारी कर रहे हैं कि परीक्षा लीक करने वाले ससुराली रिश्तेदार कहां-कहां छिपे हैं। कभी वे महाराष्ट्र जाते हैं तो कभी बिहार या कभी झारखंड। वह भी ऐसे समय में जब लीक हुई पाइप से न जाने कितना पानी बह चुका होगा। मेरे विचार से सीबीआई वालों को शायद मालूम ही नहीं कि बिहार में परीक्षा कैसे ली जाती है। उन लोगों ने वह तस्वीर नहीं देखी होगी जिसमें परीक्षा केंद्र की प्रत्येक खिड़की पर चिट पहुंचाने वालों का तांता लगा हुआ था। मुझमें और मेरी श्रीमती जी में यही फर्क है कि वह चाहती हैं कि बेटा नीट की परीक्षा देकर डॉक्टर बन जाये। लेकिन मेरी तमन्ना यह है कि बेटा नीट और चीट की परीक्षा देने से अच्छा है कि नेतागिरी की दुकान सजाये। एक बार दुकान अच्छी चल गयी तो नीट और चिट सभी जेब में लेकर घूमेगा। क्या डॉक्टर और इंजीनियर, क्या आईपीएस और क्या आईएएस, सभी उसके आगे पीछे घूमेंगे। बेटा जिधर चाहेगा, उन्हें घुमा लेगा। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि श्रीमती जी पर नीट का भूत सवार है। अब सवाल यह है कि आखिर यह भूत उतरेगा तो कैसे। जब तक नीट परीक्षा के ससुराली गठजोड़ का पर्दाफाश नहीं हो जाता, तब तक परीक्षा पाक-साफ हो नहीं सकती है।

# राजस्थान में भाजपा के डाउनफॉल की खुल रहीं परतें !



**अशोक भाटिया**

हाल ही में राजस्थान के उदयपुर पहुंचीं पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने एक ऐसा बयान दे दिया जिसकी सियासी गलियारों में चर्चा तेज है। सुंदर सिंह भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित विशिष्ट जन सम्मान समारोह और व्याख्यान माला कार्यक्रम को वसुंधरा राजे संबोधित कर रही थी। उस दौरान उन्होंने कहा कि सुंदर सिंह भंडारी ने चुन-चुनकर लोगों को भाजपा से जोड़ा। सुंदर सिंह भंडारी ने एक पौधे को वृक्ष बनाया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने का काम किया। कार्यकर्ताओं को ऊंचा उठाने का काम किया। उन्होंने कहा कि भंडारी जी ने राजस्थान में भैरोंसिंह शेखावत सहित कितने ही नेताओं को आगे बढ़ाया लेकिन वफा का वह दौर अलग था। तब लोग किसी के किए हुए को मानते थे, लेकिन आज तो लोग उसी अंगुली को पहले काटने का प्रयास करते हैं जिसको पकड़ कर वह चलना सीखते हैं। अब वसुंधरा राजे के इस बयान के बाद तमाम तरह के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा है कि राजस्थान विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से वसुंधरा राजे और पार्टी नेतृत्व के बीच तल्खी देखने को मिली थी, उसकी परतें खुलने लगी हैं। चुनाव के दौरान मन में जो कसक थी, वो अब धीरे-धीरे बयानों के जरिये सामने आ रही है। कार्यक्रम में असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी मौजूद रहे। राजे ने कहा कि गुलाबचंद कटारिया ने चुन-चुनकर लोगों को भाजपा से जोड़ा है। कटारिया अब असम के महामहिम हैं, लेकिन वह दूर रहकर भी हम लोगों के पास हैं और ख्याल रखते हैं। दरअसल, राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट बंटवारे को लेकर वसुंधरा राजे और गुलाबचंद कटारिया के बीच भी तल्खी की खबरें सामने आयी थीं। इसके अलावा चुनावी नतीजों के बाद पार्टी आलाकमान ने राजे को नजरअंदाज करके भजनलाल शर्मा को राज्य के मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी थी। ऐसे में दबे स्वर में ही सही, भाजपा शीर्ष नेतृत्व और वसुंधरा राजे के बीच मनमुटाव की खबरें गाहे-बगाहे सुर्खियां बनती रही हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा राजस्थान में ग्यारह सीटों पर सिमट कर रह गई थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा और मोदी का जादू नहीं चला। तमाम दिग्गज नेताओं का हालत खराब हो गई। कई दिग्गज नेताओं की साख भी दांव पर लगीं हुई थी। आपको बता दें कि मोदी सरकार 3.0 में कोटा के सांसद ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। बिड़ला का लगातार दूसरी बार इस पद पर काबिज होना राजस्थान में बदलाव की राजनीति की तरफ इशारा कर रहा है, वहीं विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश की राजनीति में बड़े परिवर्तन देखने को मिले हैं। पहले प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बड़ा पावर सेंटर हुआ करती थीं लेकिन अब समीकरण पूरी तरह से बदल गए हैं। अब एक पावर सेंटर बतौर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हैं। इससे अलग लोकसभा अध्यक्ष बिरला प्रदेश में नए पावर सेंटर के रूप में नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि बिरला की गिनती मोदी-शाह के नजदीकी नेताओं में होती है। दरअसल, राजस्थान की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा को नजरअंदाज करने का दौर चल रहा है। वसुंधरा राजे को चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री फेस घोषित नहीं किया। इसके बाद उनके बेटे दुष्यंत सिंह को मोदी कैबिनेट में जगह नहीं मिली है। लगातार नजरअंदाज किए जाने का दर्द हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा की जुबान पर भी आ गया। आपको बता दें कि वसुंधरा राजे विधानसभा चुनाव के बाद से ही प्रदेश में ज्यादा सक्रिय नहीं हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी वे केवल अपने बेटे दुष्यंत के लोकसभा क्षेत्र झालावाड़ तक ही सीमित रहीं। प्रदेश में स्टार प्रचारक की सूची में शामिल होने के बावजूद राजे झालावाड़ के अलावा एक या दो जगह ही प्रचार के लिए पहुंची थीं जिसको लेकर राजनीतिक जानकारों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के बाद से राजे का कोई भी राजनीतिक बयान सामने नहीं आया था लेकिन लंबे समय बाद अब राजे ने चुप्पी तोड़ी है। इस बयान के जरिए राजे उनके संरक्षण में आगे बढ़ने वाले नेताओं को निशाने पर लिया है। वहीं राजस्थान के सियासी जानकारों का कहना है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी कभी वसुंधरा राजे के नजदीकियों में हुआ करते थे। इन्हीं नजदीकियों के चलते पहली बार विधायक बनने पर ही बिरला वसुंधरा सरकार में संसदीय सचिव बनने में सफल रहे। वहीं जल्द ही बिरला ने दिल्ली में बेहतर संबंधों के आधार पर अपना अलग वजूद बना लिया और 2023 में वसुंधरा के मुकाबले मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में गिने जाने लगे। अब वे प्रदेश की राजनीति में वसुंधरा की बराबरी में आकर खड़े हो गए हैं और वे एक नए पावर सेंटर बनकर उभरे हैं। प्रदेश की राजनीति में भविष्य के निर्णयों में अब बिरला की अहम भूमिका होगी। इसके संकेत खुद गृहमंत्री अमित शाह ने 20 अप्रैल को कोटा की रैली के दौरान दिए थे। शाह ने कहा था कि आप ओम बिरला को संसद भेज दो, बाकी जिम्मेदारी हमारी है। बिरला के पदग्रहण के साथ ही प्रदेश में नए राजनीतिक समीकरणों के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ समेत कई नेता उन्हें बधाई देने दिल्ली पहुंचे। आपको बता दें कि बिरला 2003 से अब तक तीन बार विधानसभा और तीन बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। पीएम मोदी की पसंद और लोकसभा अध्यक्ष के तौर पर पिछले कार्यकाल के बेहतर परफॉर्मेंस को देखते हुए बिरला को दोबारा मौका मिला है। पीएम मोदी संसद में दिए भाषण में भी ओम बिरला की तारीफ कर चुके हैं। बिरला लगातार दूसरी बार स्पीकर बने हैं। यह पांचवी बार है जब कोई स्पीकर एक लोकसभा के कार्यकाल से अधिक इस पद पर रहेगा। वहीं राजनीतिक जानकारों का कहना है कि राजस्थान के हाड़ौती की दोनों लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली है और विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा को हाड़ौती में कम नुकसान हुआ था। इसलिए 61 साल के ओम बिरला को दोबारा लोकसभा अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण संवैधानिक पद देकर एक बड़ा संकेत दिया है। अभी तक हाड़ौती क्षेत्र से वसुंधरा राजे बड़े नेता के तौर पर जानी पहचानी जाती थीं। वहीं बिरला इस बार बड़ी मुश्किल से चुनाव जीतकर आए हैं और उन्हें 50 हजार से कम वोटों से जीत मिली है जबकि पिछली बार 2.5 लाख वोटों से जीत मिली थी। इसलिए इस बार उनकी असल परीक्षा थी। आपको बता दें कि हाड़ौती में अभी तक वसुंधरा राजे को बड़ा नेता माना जा रहा था। लोकसभा अध्यक्ष बनने के बाद ओम बिरला अब इस क्षेत्र के बड़े नेता बनकर उभरे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में राजस्थान की पूरी राजनीति बदल जाएगी और हाड़ौती क्षेत्र में विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में जो भी भितरघात हुआ था, अब उसे ठीक करना भी बिरला के जिम्मे होगा। दूसरी तरफ, राजे के कई समर्थक विधायक अभी भी बगावत के सुर बुलंद कर रहे हैं, उन्हें संभालना भी पार्टी के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। आपको बता दें कि भाजपा और नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के बाद वसुंधरा राजे से किनारा कर लिया है जिससे राजे को बहुत ठेस पहुंची है। अब राजे आने वाले दिनों में क्या फैसला करती है, यह तो आने वाला वक्त तय करेगा, पर अब यह तय है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के राजस्थान में डाउनफाल की परते धीरे-धीरे खुल रही हैं।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **आनंद अग्निहोत्री***, **सलाहकार संपादक** - गोलेश स्वामी, **एसोसिएट एडिटर**- मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

# शव यात्रा में रिश्तेदारों में मारपीट

## अर्थी को कंधा देने को लेकर हुए विवाद में अफरा-तफरी का माहौल

» पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार, हिरासत में लिए तीन लोग

**विश्ववार्ता संवाद**

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** अंतिम संस्कार को जा रही शव यात्रा के दौरान मृतक की बेटियों व दामाद से मृतक के भाई व बहनोई ने मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराते हुए मारपीट करने वाले तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

कस्बा व थाना सदरपुर के बड़ा चौराहा निवासी राजू पोरवाल पुत्र हनुमान प्रसाद करीब 15 दिनों से गंभीर रुप से बीमार थे। जिनकी शनिवार की देर शाम इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई थी। रविवार की सुबह मृतक राजू की बेटियां और अन्य रिश्तेदार अंतिम संस्कार की तैयारियां कर रहे थे। इसी बीच महमूदाबाद कस्बे के नई बाज़ार दक्षिणी निवासी मनोज कुमार, संतोष कुमार, अशोक और सदरपुर निवासी अवधेश, आरती, गुडिय़ा व अरुण अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे। अंतिम संस्कार के लिए शव को जैसे ही ले जाया जाने लगा वैसे ही मनोज और अशोक ने शव यात्रा को रोकते हुए कंधा देने की बात कही। मामूली कहासुनी के बीच मारपीट होने लगी जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।



विवाद के दौरान जमा भीड़

सूचना पर पहुंची पुलिस ने क़ई लोगों को हिरासत में लेकर अंतिम संस्कार करवाया। वहीं मृतक की बेटी विधि पोरवाल ने अपने चाचा अवधेश, संतोष, मनोज और बुआ आरती, गुड़यि फूफा अरुण पर शव यात्रा में आकर अपने व परिवार के साथ मारपीट करने की बात कहते हुए थाने में तहरीर दी है। सदरपुर इंस्पेक्टर राकेश सिंह ने बताया कि तत्कालिक रुप से मौके से हिरासत में लिए गए तीन लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। अभी तक मामले की तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 35 छात्र, शिक्षकों के रिक्त पद दो, तैनाती शून्य

**शिव प्रकाश मिश्र**

» कहीं घी घना, कहीं मुट्ठी भर चना, कहीं वो भी मना

» दर्जनों विद्यालयों में तैनाती के सापेक्ष रिक्त पद अधिक

विश्ववार्ता एक्सक्लूसिव

**सीतापुर।** पिसावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रमुवापुर में 35 छात्र पंजीकृत हैं यहां दो शिक्षकों की तैनाती होनी चाहिए मगर यह विद्यालय शिक्षक विहीन है। लहरपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बिलरिया में पंजीकृत 258 छात्रों के सापेक्ष महज दो शिक्षक तैनात हैं जबकि इस स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पद सात हैं। महोली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय कठिघरा में 162 छात्रों के सापेक्ष एक शिक्षक ही तालीम देने के लिए तैनात है जबकि पांच और शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हुए हैं।

महज तीन विद्यालय तो बानगी भर है जबकि शिक्षा विभाग की हकीकत उजागर को जिले में ऐसे दर्जनों परिषदीय विद्यालय हैं जहां शिक्षकों की तैनाती के सापेक्ष पद अधिक रिक्त हैं। शिक्षा विभाग के यह आंकड़े इसलिए सामने लाने की जरूरत पड़ी क्योंकि बीते दिनों 12460 शिक्षक भर्ती की काउंसिलिंग हुई, जिसमें पहले से तैनात अधिक शिक्षकों वाले विद्यालयों में अभ्यर्थियों की पोस्टिंग कर दी गई लेकिन जिन विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव है वह काउंसिलिंग के लिए खोले ही नहीं गए।



हालांकि इसके लिए जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी दोषी इसलिए भी नहीं हैं क्योंकि रिक्त विद्यालयों की सूची निकालने में इनकी रायशुमारी व आंकड़े ही नहीं लिए गए। विभाग ने पोर्टल से आंकड़े छटनी करके धरातल की परख किए बगैर ही शिक्षकों की तैनाती को रिक्त विद्यालयों की सूची शासन से भेज दी गई। लहरपुर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय भेलावां में 234 छात्रों के सापेक्ष चार शिक्षक तैनात हैं जबकि इतने ही शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं। महोली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय महुआकोला में 125 छात्रों के सापेक्ष दो शिक्षक तैनात हैं जबकि इतने ही पद रिक्त हैं। पिसावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बांसी में 136 छात्रों के सापेक्ष दो शिक्षक तैनात हैं जबकि तीन पद रिक्त हैं। हरगांव ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मंगरुआ व प्राथमिक विद्यालय मल्लापुर में पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष चार-चार शिक्षक तैनात हैं जबकि इतने ही पद रिक्त भी हैं।

सिधौली ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय जोधौरा में 187 बच्चों के सापेक्ष तीन शिक्षक तैनात हैं जबकि इतने ही शिक्षकों के पद रिक्त हैं। रामपुर मथुरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय धमौड़ा में 263 बच्चों के सापेक्ष चार शिक्षक तैनात हैं जबकि इतने ही पद खाली पडे. हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इनमें से एक भी विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती के लिए रिक्तियां दर्शाई नहीं गई हैं।

# ठगी के आरोपियों के मोबाइल हुए ऑफ

**विश्ववार्ता संवाद**

» युवक की शादी का झांसा दे जेवर व नकदी ठगने का मामला

**महोली (सीतापुर)।** बिहार प्रांत में शादी कराने के बहाने युवक से जेवर व नकदी समेत अन्य सामान की ठगी करने के मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ठगी के बाद से सभी चारों आरोपियों ने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया है। पुलिस ने जांच के दौरान अभियुक्तों के मोबाइल फोन सर्विलांस पर लगवाए हैं।

बताते चलें कि पिसावां थाना क्षेत्र के सेजखूर्द निवासी रामनरेश पुत्र रामबहादुर का विवाह कराने के लिए ब्रजलाल पुत्र माखन निवासी ग्राम बेलगावां सिंगरैया थाना इमलिया सुल्तानपुर व हरद्वारी पुत्र बुद्धा निवासी आंबी थाना पिसावां ने बिहार से अपनी जिम्मेदारी पर कराने की बात कही थी। आरोपियों ने शादी के लिए नगदी, कपडे और जेवरात ले चलने को भी कहा। युवक के परिजनों ने सारी व्यवस्थाएं पूरी करके शादी के लिए




बिहार जा पहुंचे। पीड़ति ने बताया कि इस दौरान इनके दो और साथी केसनू पुत्र चंद्रशेखर निवासी सुकलामपुरवा और राकेश वर्मा निवासी शंकरपुर मजरा मझिगवां थाना रामपुर मथुरा भी इनके साथ गए थे। आरोप है कि बिहार प्रांत के जिला बैताली के थाना महुआ के गांव दयालपुर पहुंचकर ठगों ने 80 हजार रुपये और लगभग इतनी ही कीमत खरीदे जुए गहने व अन्य सामान ब्रजलाल के कहने पर केसनू और राकेश के सुपुर्द कर दिया।

शादी की तैयारियों को लेकर ठगों ने युवक के परिजनों को मंदिर पर भेज दिया और लड़की को तैयार कर मंदिर पर पहुंचने के लिए कहा। काफी देर तक मंदिर पर इंतजार करने के बाद जब वहां कोई नहीं पहुंचा तो वह सभी लड़की के घर जा पहुंचे। वहां पता चला कि ठगों द्वारा लड़की पक्ष वालों को नगदी, जेवर और कपड़े ना देकर वहां से वापस चले गए। पीड़ति परिवार ने पुलिस से ठगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिली है आरोपियों के मोबाइल बंद जा रहे हैं मामले की जांच की जा रही है।

# लेखपाल ने मेडिकल स्टोर संचालक पर लगाया खराब दवा देने का आरोप

**विश्ववार्ता संवाद**

» सिरप खोलने पर मरी चींटियां मिलने का दावा

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** तहसील महमूदाबाद में लेखपाल पद पर कार्यरत रजनीश कुमार सोनकर ने एक ऑनलाइन शिकायत में आरोप लगाया है कि डॉक्टर की सलाह के बाद उन्होंने नगर स्थित श्री मोहन जी मेडिकल स्टोर (सीएचसी के सामने) से एक सीरप खरीदी थी। प्रार्थना पत्र के अनुसार लेखपाल रजनीश ने जैसे ही सीरप खोली तो सैकड़ों की संख्या में बोतल के अंदर से मृत चीटियां मिलीं।

उन्होंने बताया कि अगले दिन वापस करने के इरादे से जब वह दवा लेकर स्टोर पहुंचे तो स्टोर कीपर ने दवा वापस करने व रुपए वापस करने से साफ इंकार कर दिया। साथ हीं लेखपाल से अभद्रता करते हुए कहा कि जाओ जो करना हो कर लो कुछ वापस नहीं होगा। सरकारी



महकमें में हमारी अच्छी पकड़ है। हालांकि दवा खरीदने के कई घंटे बाद स्टोर संचालक द्वारा दवा खरीद की रसीद उन्हें दी गई। इसी मामले को लेकर जब स्टोर संचालक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उपभोक्ता द्वारा दवा रात में ही खोल दी गई थी जिसके कारण उसमें चीटियों ने प्रवेश कर लिया। हमारे यहां किसी भी दवा में ऐसी कोई समस्या देखने को नहीं मिली है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवती की मौत

**लहरपुर (सीतापुर)।** नगर के मोहल्ला लोखरियापुर निवासिनी एक 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बता दें कि रविवार को नगर के मोहल्ला लोखरियापुर निवासिनी राबिया पुत्री कुद्दूस को परिजनों के द्वारा देर शाम आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौक पर पहुंची परंतु परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इस संबंध में नगर चौकी प्रभारी राम आसरे चौधरी ने बताया कि परिजनों द्वारा कोई भी तहरीर नहीं दी गई है न ही कोई भी आरोप-प्रत्यारोप लगाया जा रहा है। पीएम कराने से परिजन इनकार कर रहे हैं, पंचनामा कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# भारत की जीत से जश्न में डूबे लोग, फोड़े पटाखे, निकाली तिरंगा यात्रा

**विश्ववार्ता संवाद**

» लहरपुर व सिधौली के लोगों ने जमकर उठाया लुत्फ

**लहरपुर/सिधौली (सीतापुर)।** भारत के विश्व विजेता बनने पर पूरे भारत में जश्न मनाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के शहर बाजार चौराहे पर भारी संख्या में लोगों ने जमा होकर क्षेत्र के मजाशाह चौराहा, केसरीगंज, तहसील मार्ग होते हुए बिसवां तिराहा गेट खत्रियाना चौराहा होते हुए शहर बाजार पर तिरंगा रैली निकाल कर उसका समापन किया।

ज्ञातव्य है कि T20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने साउथ अफ्रीका को सात रन से हराकर इतिहास रच दिया। रैली में प्रमुख रूप से दानिश सिराज, मीशम अब्बास, हारिस सिराज, चांद, विराट बाबू, काशिफ अंसारी, सलमान अंसारी, अल्केफ खां, सलमान लाला, जीशान खां, अजान, नवाब खां, वकार, आतिफ सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

उधर सिधौली कस्बे के मोहल्लों में लोगों ने भारत की शानदार जीत के साथ ही पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया। लोगों ने इसे बड़ी रोमांचक जीत बताई। विवेक नगर मोहल्ले में अग्रिम मिश्र ने रात में घर के बाहर पटाखे फोड़े और खुशी को लोगों के साथ साझा किया। विश्व कप का बच्चे, बूढ़े, महिलाओं व पुरुषों ने भरपूर आनंद लिया। सूर्य कुमार यादव की कैच के साथ ही भारत ने जैसे ही जीत हासिल की। काफी उत्साह पूर्ण माहौल हो गया। उन्होंने कहा कि 13 वर्षों बाद जो यह खुशी हासिल हुई है।

## एक नजर

### नौ वांछित व दो वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सीतापुर।** जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने चलाए गए धरपकड़ अभियान में 11 वांछित व वारंटियों को गिरफ्तार उनके विरुद्ध कार्यवाही की है। रेउसा पुलिस टीम ने दहेज हत्या में वांछित वीरेंद्र कुमार पुत्र त्रिभुवन, त्रिभुवन पुत्र रामभरोसे व लज्जावती पत्नी त्रिभुवन निवासीगण मूरतपुर थाना रेउसा को गिरफ्तार कर लिया। तंबौर पुलिस ने भी वांछित सर्वेश कुमार पुत्र स्व. भल्लू व जयदेवी पत्नी स्व. भल्लू निवासीगण ग्राम कोल्हूपुरवा मजरा देवपालपुर थाना तम्बौर को गिरफ्तार किया है। सकरन पुलिस ने वारंटी रामनाथ पुत्र नंदकिशोर निवासी सिरकिड़ा थाना सकरन को गिरफ्तार कर लिया। महोली पुलिस ने रेप व पाक्सो एक्ट के अभियुक्त विपिन उर्फ गोलू पुत्र दरबारी नाई निवासी कचूरा थाना महोली को गिरफ्तार किया है। तालगांव पुलिस ने वारंटी दीपू उर्फ रजनीश पुत्र भारत प्रसाद निवासी कादीपुर थाना खीरी जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली देहात पुलिस टीम ने जानलेवा हमले में वांछित पिंटू सिंह उर्फ अभयप्रताप पुत्र अमर सिंह निवासी गुजरा थाना कोतवाली देहात, क्षितिज मिश्रा पुत्र पंकज मिश्रा निवासी विजय लक्ष्मीनगर थाना कोतवाली नगर व पारस पुत्र लल्ला निवासी मुंशीगंज थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है। पिंटू व क्षितिज के पास से क्रमश: 315 व 12 बोर के असलहे व कारतूस बरामद हुए हैं।

### असलहा समेत हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर।** महमूदाबाद पुलिस ने अवैध तंमचा सहित हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त रंजीत वर्मा पुत्र हरिप्रसाद निवासी शादीपुर थाना महमूदाबाद 12 बोर असलहा व तीन कारतूस के साथ दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरुद्ध हत्या का प्रयास, चोरी, नकबजनी, अवैध शस्त्र, मादक द्रव्य व मारपीट जैसे करीब डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ घायल

**नेरी।** पिसावां थाना क्षेत्र के बरगावां चौराहे पर सड़क पार कर रहे अधेड़ को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पिसावां के कर्मलकुइयां निवासी गोलू अपने ताऊ हरिपाल 48 के साथ बाइक द्वारा मूड़ाकला की तरफ से घर वापस आ रहा था। बरगावां चौराहे पर बाइक रोककर हरिपाल पानी पीने के लिये सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान बरगावां निवासी कमलेश पुत्र राजू तेज रफ्तार बाइक से आकर हरिपाल को असावधानीवश जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में उसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने सुनी मन की बात

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 111वें एपिसोड के तहत मन की बात कार्यक्रम को निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर 1 के शक्ति केंद्र तामसेनगंज की बूथ संख्या 243 पर सुना। मन की बात कार्यक्रम को सुनने के पश्चात उन्होंने ने बताया कि चुनाव के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा कि मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नही हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूँ कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यस्थाओ पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो हम सबसे अपील की है कि हम सबको 'एक पेड़ अपनी मां के नाम' पर लगाना चाहिए। प्रधानमंत्रो जी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जो एक विशेष अभियान की शुरुवात की हैं हम सबको भी उसमे बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान उपस्थित उत्तम पांडे, अंकुर तिवारी, हीरा, अंबुज पांडे, सोनू सिंह, विनय राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।

### सरकारी जमीन पर खड़े पेड़ को कटवाया

**सीतापुर।** सिधौली तहसील के ब्लॉक गोंदलामऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत पारा में पानी टंकी की बोरिंग का कार्य चल रहा है। उसी भूमि पर पुराना विशालकाय गूलर का पेड़ लगा था। जिसको कुछ ग्राम पंचायत दबंगों द्वारा किसी लकड़कट्टे को मोटी रकम लेकर बंद कर दिया। लकड़कट्टों ने सरकारी जमीन पर खड़े पेड़ को काट डाला। इसका किसी ने ट्रैक्टर-ट्राली सहित वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया कि मौके पर जाकर जांच करेंगे सरकारी जमीन पर पेड़ मिला तो कार्यवाही की जाएगी।

### राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला सचिव बने अंकित

**लहरपुर।** हिंदू एकता समाज सेवा (राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू की संस्तुति पर राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप शुक्ला के अनुमोदन पर क्षेत्र के ग्राम धौरहरा जगमालपुर निवासी अंकित हिंदू पुत्र रमाकांत हिंदू को हिंदू एकता समाज सेवा के राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना का जिला सचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला सचिव, अंकित दीक्षित ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हिंदू समाज को संगठित कर समाज के हित के लिए कार्य करना होगा। वह भविष्य में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। अंकित दीक्षित के जिला सचिव मनोनीत होने पर भारी संख्या में लोगों ने हर्ष व्यक्ति किया।

# नाला चोक होने से सड़क पर भर गया गंदा पानी, लोगों को हो रही परेशानी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» स्थानीय लोगों ने बरसात से पूर्व की सफाई की मांग

**सीतापुर।** कस्बा सकरन में एक वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी द्वारा बिसवां मोड से रंजीत मौर्य के घर तक रोड के दोनो ओर नाले का निर्माण कराया गया था। नाला के ऊपर पत्थर न पड़ने के कारण नाले में मिट्टी व कूडा भर गया। जिससे रोड़ के दोनों ओर बना नाला चोक हो गया। शनिवार की रात में हुयी बारिश से रोड़ के किनारे दोनों तरफ बरसात का पानी भर गया है। जिसके चलते दुकानदारों के साथ ही ग्राहकों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ी।

जलभराव के चलते राहगीरों को भी इधर से गुजरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कस्बेवासी रक्षपाल यादव, संजय जायसवाल, रिंकू नाग, परशुराम जायसवाल, मनोज रस्तोगी, सरोज राज आदि ने चोक पडे. नालों की



सफाई करवाये जाने की मांग की है। जिससे बरसात के पानी से निजात मिल सके।

## खेत में फसल चर रही भैंस को लेकर पीटा

**महमूदाबाद।** नगर स्थित नूरपुर वार्ड निवासी सुशीला देवी पत्नी अरविंद कुमार मौर्य ने कोतवाली पुलिस को एक तहरीर दी है। लिखित तहरीर में आरोप है सुबह करीब 9 बजे नूरपुर वार्ड निवासी मोहम्मद अहमद, बाबू, तौफीक, नकौहा द्वारा पीड़ित परिवार के वहां जाकर गंदी-गंदी गालियां दी गईं। साथ ही मारपीट भी की गई। जब पीड़ित की बहू अल्पना बीच बराव करने लगी तो आरोपियों ने उसे भी मारा पीटा और गंदी-गंदी गालियां दीं। प्रार्थना पत्र के अनुसार आरोपियों की भैंस पीड़ित परिवार के खेतों में फसलों को लगातार चार रही थी, इसका विरोध हुआ तो मामला हाथापाई में तब्दील हो गया। आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। हालांकि इस मामले को लेकर दूसरे पक्ष से कोई बात चीत न हो सकी। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पत्रकारों को मिले बीमा और आयुष्मान कार्ड की सुविधा

» एनयूजे की बैठक में पत्रकार हितों के लिए कई प्रस्ताव पारित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** नेशनल यूनियन ऑफ़ जर्नलिस्ट (इंडिया) की बैठक संगठन के तामसेनगंज स्थित जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पत्रकारों के कल्याण के लिए कई बिंदु पटल पर रखे जिसमें संगठन के सदस्यों की सहमति से आठ प्रस्ताव पारित किये गये।संगठन महामंत्री महेश शर्मा ने कहा कि पहले प्रस्ताव के तहत पत्रकार हितों पर चर्चा के लिए माह के अंतिम रविवार को संगठन की मासिक बैठक की जाएगी।

दूसरे प्रस्ताव में एक बड़ा सम्मेलन किया जायेगा जिसमें पत्रकार शामिल



होकर अपने विचार रखें।पत्रकार कल्याण के लिए प्रकोष्ठ बनाने के लिए भी प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा वर्ष में एकाधिक बार नेशनल यूनियन ऑफ़ जर्नलिस्ट के प्रदेश पदाधिकारियों को आमंत्रित कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने पर भी सहमति बनी, वहीं पत्रकारों का बीमा कराये जाने और उनको आरोग्य लाभ देने हेतु आयुष्मान कार्ड बनाया जाये जिसके लिए स्वास्थ्य मंत्री से मिलने पर सहमति बनी। प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु सिंह के प्रस्ताव पर मुसीबत में घिरे पत्रकारों की आर्थिक सहायता हेतु क्यूआर कोड सार्वजनिक किये जाने को लेकर सहमति बनी जिसकी ज़म्मिेदारी अध्यक्ष की रहेगी।

अंत में अध्यक्ष अमरजीत सिंह द्वारा सभी पदाधिकारियों को संगठन के परिचय पत्र वितरित किये गये। संगठन संरक्षक ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, संगठन संरक्षक अजय विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष विनीत पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिओम अवस्थी, राजेश मिश्र, उपाध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, संगठन मंत्री शहाब वहीद अंसारी, संगठन मंत्री वैभव दीक्षित, मीडिया प्रभारी अलमास अंसारी, मंत्री अवनीश मिश्र, मंत्री अर्पित सिंह, एड. रोहित मेहरोत्रा, एड. जयपाल, सुभाष शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला, साकेत सिंह, अनुज कुमार सिंह, विपिन राजवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**लहरपुर (सीतापुर)।** तंबौर लहरपुर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर के निकट साइकिल सवार एक व्यक्ति को पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। भरत पुत्र सीताराम निवासी ग्राम रैघटा मजरा गोदियानपूरवा साइकिल से अपने गांव वापस जा रहा था तभी तंबौर की तरफ जा रही छोटा हाथी पिकअप ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। घायल भरत को आनन फानन में पास के एक प्राइवेट चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां डाक्टर ने प्रथमिक उपचार कर घायल व्यक्ति के पैर का फैक्चर होने पर उसे जिला चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी, दुर्घटना की सूचना पर ग्राम रैघटा प्रधान छोटू वर्मा ने उसे अपने निजी वाहन से इलाज के लिए लखीमपुर खीरी के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों ने पिकअप को रोक लिया है।

# महाराजा छीता पासी किले से निकाली गई शोभा यात्रा



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** महाराजा छीता पासी सेवा संस्थान समिति के सदस्यों द्वारा जिले के ऐतिहासिक किला महाराजा छीता पासी के किले पर माता उदा देवी पासी का जन्मदिन विशाल सभा का आयोजन कर मनाया गया। सभा मे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेश प्रसाद राजवंशी, जिलाध्यक्ष सन्तराम भार्गव, जिला उपाध्यक्ष सन्तोष भार्गव, गुरु आनन्द राज, मास्टर बेचेलाल, गया प्रसाद, निर्मला चौधरी, पुष्पा भार्गव, महोली ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद, मनोज राजवंशी व भगवती प्रसाद ने वीरांगना उदा देवी के जीवन के इतिहास पर वर्णन कर सभा को सम्बोधित किया।

इसके पश्चात किले से एक शोभायात्रा भी निकाली गयी। यात्रा सैकड़ों लोगों के साथ माता उदादेवी पासी अमर रहे के जयकारों के साथ पैदल चलकर लालबाग़ शहीद पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा में सैकड़ों महिलाओ व पुरुषों ने हिस्सा लिया।

## हाईस्कूल के छात्र को किया गया सम्मानित

**लहरपुर (सीतापुर)।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के हाईस्कूल के छात्र अभिषेक कुमार निवासी ग्राम करसैवरा को रविवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर विद्यालय के प्रबंधक आशीष मेहरोत्रा व प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक ने छात्र अभिषेक कुमार के उज्जल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रधानाचार्य ने बताया अभिषेक ने हाई स्कूल परीक्षा में 581 अंक पाकर प्रदेश की वरीयता सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया था। जिसके चलते सरस्वती विद्या मंदिर परिवार द्वारा रविवार को विद्यालय प्रांगण में उन्हें प्रशास्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आचार्य छोटेलाल, मुन्नालाल, अनिल सिंह, जयशंकर शुक्ला, सत्यम श्रीवास्तव सहित सभी आचार्य उपस्थित थे।

# कांशीराम कालोनी में बजरंग दल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» 120 मरीजों का हुआ परीक्षण, दी गई दवाइयां

**सीतापुर।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह 24 जून से 30 जून ने मनाया जा रहा है। जिसमें आज कांशीराम कॉलोनी प्रखंड में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, वेट की जांच की गई तथा उल्टी, बुखार आदि की दवाई जोड़ों के दर्द की दवाई बजरंग दल द्वारा निशुल्क बांटी गई।

बजरंग दल का उद्देश्य सेवा सुरक्षा संस्कार सेवा सप्ताह अवध प्रांत में मनाया जा रहा है। शिव के भाव में ही ब्लड डोनेशन कैंप बजरंग दल द्वारा समय-समय पर लगाया जाता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता रक्तदान करते हैं। कांशीराम कॉलोनी में सेवा सप्ताह में लगभग 120 के लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।



सेवा कार्य में लगे सूरज राजपूत, रामजी तिवारी, गोपाल सिंह, डॉ कमलेश दीक्षित ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। उत्तम सिंह प्रांत संयोजक बजरंग दल ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। जिसमें प्रमोद सिंह जिला कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, नगर मंत्री संदीप सक्सेना व ध्रुव आदि मौजूद रहे।

**तैयारी** आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बताएंगी ओआरएस घोल बनाने का तरीका

# डायरिया की रोकथाम के लिए आज से चलेगा अभियान

» बच्चों में बांटे जाएंगे ओआरएस के पैकेट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** बारिश के मौसम में बच्चों को डायरिया यानि दस्त होने की संभावनाएं बढ़ने लगती हैं। शरीर में पानी की कमी की होने से बच्चे बीमार होने लगते हैं। इसी को देखते हुए पांच साल से कम उम्र के बच्चों में डायरिया के दौरान ओआरएस और ज़ंकि के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इसके प्रबंधन, उपचार व परामर्श के लिए आगामी एक जुलाई से 'डायरिया रोको अभियान' चलाया जाएगा। यह अभियान पूरे जुलाई और अगस्त माह तक चलेगा।

सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि बारिश के दिनों में आस-पास पानी जमने से वायरल, बैक्टीरियल और पैरासिटिक इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों को डायरिया हो सकता है। यह दूषित भोजन और पानी के माध्यम से संचरित होता है। इस मौसम में रोगाणु अधिक आसानी से और तेजी से बढ़ते हैं। इसका एक कारण रोटा वायरस भी है। डायरिया के कारण बच्चों में डिहाइड्रेशन होने की समस्या बढ़ जाती है। यदि दस्त संक्रमण के कारण होता है तो बच्चे में मतली, उल्टी, वजन कम होना, बुखार और खाने की इच्छा न होने जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं। कई बार ये समस्या जानकारी न होने के कारण जानलेवा भी हो सकती है, इसलिए इसके लक्षणों को नजरअंदाज न करें। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य केंद्र अथवा प्रशिक्षित चिकित्सक को दिखाएं। सीएमओ ने बताया कि इस बार अभियान की थीम 'डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान' निर्धारित की गई है। अभियान में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में दस्त प्रबंधन, उपचार और परामर्श पर ज़ोर दिया जाएगा।

आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्त से ग्रसित बच्चों के परिजनों को ओआरएस घोल बनाने की विधि सिखाएंगी। साथ ही इसके और ज़ंकि के उपयोग के फायदे के साथ ही साथ साफ-सफाई स्वच्छता के बारे में भी जानकारी देंगी। डायरिया होने पर ओआरएस और ज़ंकि के उपयोग से बच्चों में तेजी से सुधार होता है।

उन्होंने सभी सीएचसी अधीक्षकों को निर्देशित किया कि ओआरएस और जिंक की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में मौजूद रहे।

### पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर होगा विशेष ध्यान

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख रूप से पांच वर्ष से कम उम्र के ऐसे बच्चे जो दस्त से ग्रसित हैं, कुपोषित हैं, कम वजन के हैं,उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा अतिसंवेदनशील क्षेत्र जैसे शहरी मलिन बस्ती, दूर दराज के क्षेत्र, खानाबदोस, निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के परिवार, ईंट भट्टे आदि पर रहने वाले परिवार पर ध्यान दिया जाएगा। सफाई की कमी वाली जगहों पर निवास करने वाली आबादी पर ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा बाढ़ से प्रभावित हुआ हो, पर विशेष रणनीति बनाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ओआरएस पैकेट एवं जिंक टैबलेट का वितरण एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं के अनुसार गृह भ्रमणों के दौरान किया जाना है। अभियान को सफल बनाने के लिए आईसीडीएस, शहरी विकास, ग्रामीण विकास, शिक्षा एवं मिशन जल शक्ति व नमामि गंगे से भी सहयोग लिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है।

### इन विभागों का रहेगा सहयोग

जुलाई व अगस्त दो माह चलने वाले इस डायरिया रोको अभियान को सफल बनाने के लिए आईसीडीएस, शहरी विकास, ग्रामीण विकास, शिक्षा एवं मिशन जल शक्ति व नमामि गंगे से भी सहयोग लिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है।

# अब संचारी रोग के खिलाफ संघर्ष की तैयारी

## डीएम ने किया टीम भावना के साथ काम करने का आह्वान

विश्ववार्ता संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में 01 से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण तथा 11 से 31 जुलाई तक प्रस्तावित दस्तक अभियान के दौरान दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु ''संचारी रोग नियंत्रण माह'' को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक के दौरान सीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि सम्बन्धित विभागों से कार्ययोजना प्राप्त हो गयी है। अभियान के सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मिकों को प्रशिक्षण भी प्रदान कर दिया गया है। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागीय कार्ययोजना के अनुसार समन्वय कर अभियान को सफल बनाये जाने में हर संभव सहयोग प्रदान करें। वरिष्ठ अधिकारी अभियान अन्तर्गत संचालित गतिविधियों का प्रभावी पर्यवेक्षण करते रहें। डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि सभी विभाग कार्ययोजना को धरातल पर क्रियान्वित करें ताकि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। डीएम ने कहा कि अभियान के दौरान शिक्षकों के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को बताया जाय कि दिमागी बुखार के कारण क्या हैं, दिमागी बुखार होने पर क्या करें और क्या न करें। क्लोरीनेशन हेमो, पेयजल को उबालना, साबुन से हाथ धोने तथा शौचालय प्रयोग इत्यादि के सम्बन्ध में बच्चों के साथ प्रभात फेरी, रैली, नारे तथा हैण्डपम्प स्थल बैठक जैसी सामुदायिक गतिविधियों भी आयोजित की जायें। सभी शिक्षक प्रत्येक दिन उपस्थिति पंजिका जॉचें और उस बच्चे पर सतर्क दृष्टि रखी जाय जो लगातार पिछले 02 दिनों से स्कूल नहीं आ रहा हो। यदि ऐसा कोई बच्चा पाया जाता है तो उसके बारे में स्कूल प्रबन्धन समिति के सदस्यों से अवश्य पूछ-ताछ करें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सफाई कर्मियों के साथ समुदाय में साफ-सफाई के लिए विशेष मुहिम चलाने में अग्रसर भूमिका निभाते हुए ग्राम शौचालयों का निर्माण एवं प्रयोग, सही वक्त पर साबुन से हाथ धोने तथा गांव में वातावरण को स्वच्छ बनाने का भी प्रयास करें। संचारी रोग नियंत्रण माह के सफल संचालन में ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए ''संचारी रोग तथा दिमागी बुखारः बचाव एवं उपचार'' विषय पर आयोजित होने वाले उन्मुखीकरण तथा संवेदीकरण बैठकों में ग्राम प्रधानों की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महिपुरवा के संजय कुमार, प्रशिक्षु पीसीएस अन्जनी, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, पीडी डीआरडीए राज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, डीआईओएस नरेन्द्र, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, ईओ प्रमिला सिंह, सीवीओ डॉ. राजेश उपाध्याय सहित अन्य विभागीय अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, एमओआईसी., बीडीओ सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



# तटबंध कार्य को युद्ध स्तर पर कराकर तत्काल किया जाए पूरा : डीएम



**श्रावस्ती।** शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने खजुहा झुनझुनिया अन्धरपुरवा तटबन्ध के समीप ग्राम मोहम्मदपुर कला केशवापुर पहुँचकर चल रहे बाढ़ राहत कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से युद्धस्तर पर कार्य करवाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराए जाने का सम्बन्धित अभियंता को निर्देश दिया। उन्होंने कटान निरोधी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत करवाकर तत्काल पूरा कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता ने अवगत कराया कि उक्त तटबन्ध के निर्माण से 85 ग्रामों, 98350 आबादी एवं 15712 हे0 कृषि योग्य भूमि लाभान्वित होती है। तटबन्ध निर्माण से पूर्व बाढ़ से प्रभावित रहती थी। जनपद में राप्ती के बाये तट पर स्थित ग्राम मोहम्मदपुर कला एवं अन्धरपुरवा तटबन्ध की बाढ़ एवं कटान से सुरक्षा हेतु ड्रेजिंग का कार्य की परियोजना का कार्य मुख्य अभियन्ता सरज्ज एवं सामग्री प्रबन्ध सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग लखनऊ द्वारा कराया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित पाथ के अनुरूप 3 मी० व्यास में 220 मी० जिओ ट्यूब लगाकर नदी की धारा की दिशा को मोड़कर लगभग 2500 मी० लम्बाई एवं 45 मी० चौड़ाई में क्यूनेट का निर्माण कर राप्ती नदी की मुख्य धारा का क्यूनेट में डायवर्ट किया गया है। ड्रेजिंग का कार्य समाप्त होने के बाद बाढ़ के समय नदी की प्रवृत्ति का गहन अध्ययन करने के पश्चात नदी की धारा दूर चले जाने के उपरान्त ग्राम मोहम्मदपुर कला में 500 मी० का अवशेष गैप के निर्माण का कार्य कराना तकनीकी रूप से साध्य होगा। ड्रेजिंग का कार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त नदी की धारा की दिशा / प्रवृति (Behaviour) को देखते हुए तटबन्ध का निर्माण कार्य कराया जाएगा, ताकि नदी के बायें तट पर बाढ़ के समय पानी का दबाव कम हो सके एवं बायें तट पर स्थित ग्राम मोहम्मदपुर कला व तटबन्ध को बाढ़ एवं कटान से सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी।

## एक नजर

### पालिका अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर अमरनाथ यात्रियों को किया रवाना



**नवाबगंज, गोंडा।** रविवार को नवाबगंज कस्बे से अमरनाथ यात्रा के लिए नगर से युवाओ का जत्था रवाना हो गया इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष डा सत्येंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर युवाओं को रवाना किया। मिली जानकारी अनुसार नगरपालिका अन्तर्गत सहित विभिन्न स्थानों से अमरनाथ यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ इस जत्थे को नगरपालिका अध्यक्ष डा सत्येंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया पालिका अध्यक्ष ने सभी श्रद्धालुओं को मंगलमय यात्रा की कामना किया तथा सभी को इस दौरान अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। नगर के युवा व्यापारी मयंक गुप्ता ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी नगर से अमरनाथ घाटी जाने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था नगरपालिका की मार्ग दर्शन में रवाना किया गया है। इस मौके पर रितेश गुप्ता राजेश खुराना मंथन गुप्ता विकास सिंह पंकज गुप्ता रितेश गुप्ता अमित गुप्ता उज्जवल गुप्ता प्रज्वल साहू विक्की गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**नवाबगंज गोंडा ।** उत्तरप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन तरबगंज इकाई की बैठक वजीरगंज डाकबंगले पर सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार सिंह ने की। वरिष्ठ पत्रकार महादेव सागर की विशिष्ट मौजूदगी रही। बैठक में पत्रकार उत्पीड़न, जिले पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन में तहसील तरबगंज की भागीदारी व आपदा राहत को लेकर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने तहसील अध्यक्ष जटाशंकर सिंह का अभिवादन करते उनके द्वारा लिए जाने वाले किसी भी निर्णय पर सहमति व्यक्ति की। बैठक में आपदा राहत को लेकर जिला संगठन की कार्यशैली पर असहमति व्यक्ति की गयी। वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार सिंह व महादेव सागर की बीमारी व आर पी मिश्रा के निधन की दशा में बिना किसी सहयोग के संगठन द्वारा अपनायी प्रक्रिया पर घोर आपत्ति जताते हुए वरिष्ठों का अपमान बताया गया। गौरतलब है कि दोनों बीमार साथियों के संदर्भ में जिले से गठित जांच समिति के सदस्यों द्वारा बिना उनसे मिले सहयोग के लिए अपात्र की रिपोर्ट दी गयी। बैठक में मौजूद दोनों वरिष्ठ साथियों किसी सदस्य के न मिलने की पुष्टि की। सदस्यों ने इसे गम्भीर विसंगति बताते हुए जिले की बैठक में उठाने के लिए तहसील अध्यक्ष से अपेक्षा की। बैठक में जिले के सम्मेलन में तहसील की तरफ से प्रशस्तिपत्र की अपेक्षित प्रति उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। सदस्यों ने निश्चित अंतराल पर संगठन की नियमित बैठक करने की मांग पर सहमति व्यक्त की गई।बैठक का तहसील महामंत्री विजय कुमार शुक्ला ने संचालन किया। बैठक में प्रदीप कुमार गुप्ता, डॉ ओमप्रकाश भारती,डॉ गुरुवेंद्र मिश्र ,डॉ नंद किशोर मौर्य ,सिया राम पांडेय,अशोक कुमार मिश्रा, कौशल किशोर तिवारी, रमेश कुमार मिश्रा, धीरेंद्र कुमार,उपेंद्र सिंह,सुनील कुमार सिंह,रविन्द्र कुमार मौर्या, सत्यनारायण शास्त्री,प्रदीप कुमार यादव ,राम प्रकाश दूबे ,प्रेम प्रकाश भारती सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बेटे के आरोप से क्षुब्ध पिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बहराइच।** एक युवक ने अपने पिता पर अपनी पत्नी से नाजायज संबंध का आरोप लगा दिया। इस आरोप से क्षुब्ध पिता ने घर से कुछ दूरी पर स्थित बबूल के पेड़ से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजा रेहुआ के मजरा झुड़िया निवासी मनोहर (60) पुत्र सुखई का शनिवार शाम को अपने बेटे से विवाद हुआ। विवाद के बाद पिता और पुत्र ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने पहुंच कर तहरीर दी। थाने में पुलिस के सामने मनोहर के बेटे ने पत्नी से नाजायज संबंध की बात कही। इससे पिता काफी क्षुब्ध हो गया। उसने एक किलोमीटर दूरी पर स्थित बंधे के पास गया। यहां पर उसने बबूल के पेड़ में गमछा से फंदा लगाकर जान दे दी। काफी देर बाद खोजबीन करते हुए परिवार के लोग पहुंचे तो वृद्ध का शव बबूल के पेड़ से लटकता देखा गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने लाश को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि पारिवारिक विवाद में वृद्ध ने आत्महत्या की है।

### पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार, जेल रवाना

**बहराइच।** गेहूं बेचने का विरोध किया तो नाराज पति ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया। जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हरदी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बालासराय के मजरा कहरान पुरवा गांव निवासी बदलू नशे का आदी है। शुक्रवार रात को उसने शराब के लिए पत्नी से गेहूं बेचने की बात कही। पत्नी ने नाराजगी जताते हुए गेहूं बेचने से इंकार कर दिया। इससे नाराज पति बदलू ने शराब के नशे में पत्नी गुड़िया देवी (44) के सिर पर चाकू और डंडे से कई वार कर दिया। सिर में चोट अधिक लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था। थानाध्यक्ष संतोष सरोज ने बताया कि चाकू और डंडे से युवक ने अपनी पत्नी के सिर पर वार किया था। जिससे मौत हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक महिला की मां बौंडी निवासी की तहरीर पर हत्या का का केस दर्ज किया गया था। रविवार को पुलिस ने आरोपी पति बदलू पुत्र मनोहर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पति-पत्नी के 27 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्प डेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया। तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श से 08, महिला थाना से 07, औरास से 03, कोतवाली गंगाघाट, अचलगंज, सोहरामऊ तथा असोहा से 02-02 , बारासगवर से 01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डाक्टर आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में, डाक्टर मनीष सिंह सेंगर, डॉक्टर एस के पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह सेंगर, डॉक्टर शशी रंजना अग्निहोत्री, संजय चौरसिया, शिल्पी श्रीवास्तव, अंकित सिंह, स्वास्तिक मिश्रा, शिवेन्द्र सिंह एवं संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, हंसा भदौरिया, मिथलेश वर्मा, लक्ष्मी सिंह, आरती, साधना, अंशू रानी, रूबी, पूजा यादव, पूजा, अंजली, आकांक्षा, दीपा सिंह का विशेष योगदान रहा।

### प्रेमी ही निकला युवती का हत्यारा पुलिस ने भेजा जेल

**उन्नाव।** बीती 28 तारीख की सुबह थाना माखी क्षेत्र के अलमेना गांव निवासी मोहनी पुत्री सरदार यादव की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। युवती का शव सामने वाले घर में मिला था। युवती देर रात शौच करने के लिए सामने के घर में गई थी। जब सुबह घर वालों को युवती कहीं दिखी नहीं तो लोगों ने ढूंढना शुरू किया। जिसका शव सामने बने घर में खून से सना मिला था मृतका के भाई ने अज्ञात लोगो पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल शुरू की जिसमे मृतका की भाभी का भाई ही हत्यारा निकला। पुलिस ने लोहचा मोड़ थाना अचलगंज से आरोपी को धर दबोचा। हिरासत में आरोपी सुनील पुत्र राम लखन निवासी बाबू खेड़ा मजरा घूरवा खेड़ा थाना अचलगंज ने बताया कि उसका मृतका से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसमे मृतका शादी करने का दबाव बना रही थी। जिसके चलते उसे मौत के घाट उतार दिया पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### किसान की हत्या पर परिजनों ने एसपी ऑफिस का घेराव कर किया प्रदर्शन

**उन्नाव।** 17 दिन पहले घर के बाहर चारपाई पर सो रहे किसान पर हमला कर जख्मी कर दिया गया। परिजनों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। जहां उसका उपचार चल रहा था। बीती देर रात किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। हत्याकांड के बाद गुस्साए परिजन रविवार को लोडर में शव लेकर सीधे एसपी ऑफिस पहुंचकर घेराव कर हंगामा कर दिया। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोरारा गांव के रहने वाले राम आधार का बेटा रजनीश गेंदा के फूल की खेती करता था। 14 जून शाम परिवार के साथ खाना खाने के बाद घर के बाहर चारपाई पर लेटा हुआ था। पत्नी बच्चों के साथ छत पर सो रही थी। देर रात सो रहे रजनीश पर आरोपियों ने हमला कर जख्मी कर दिया था। घायल को सीएचसी नवाबगंज से परिजन लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। घटना के बाद मृतक के बेटे कपिल की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही सुभाष, विकास व विशाल सहित एक अन्य पर केस दर्ज किया था।

# आईजीआरएस सन्दर्भों के गुणवत्तापरक निस्तारण में फिसड्डी साबित हुए आधा दर्जन से अधिक विभाग

**बहराइच।** आईजीआरएस सन्दर्भो की समीक्षा हेतु शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में समीक्षा के दौरान समाज कल्याण, विद्युत, पंचायती राज, स्वास्थ्य, जल निगम एवं बाल विकास व अन्य विभाग फिसड्डी साबित हुए।

इस पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित विभागों के ज़िला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वयं मौके पर जाकर फरियादी से वार्ता कर प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में विद्युत विभाग के किसी अधिकारी के उपस्थित न होने पर डीएम ने कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिम्मेदार अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित करने का भी निर्देश दिया।

- बैठक में विद्युत विभाग के किसी भी अधिकारी के उपस्थित न होने पर डीएम भड़कीं, स्पष्टीकरण तलब, वेतन बाधित

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि तहसील व ब्लाक स्तर पर ऐसे ग्राम पंचायतों व ग्रामों का चिन्हीकरण किया जाय जहां से अधिक व बार-बार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। डीएम ने कहा कि ऐसे चिन्हित किये गये गांवों में एसडीएम व बीडीओ स्वयं जाकर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में प्राप्त सन्दर्भों में समयबद्धता के साथ कार्यवाही की जाय।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी स्वयं देखे कि सन्दर्भ किसी भी दशा में डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये। सन्दर्भो के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। निस्तारण की गुणवत्ता संतोषजनक न होने पर जिले का रैंक प्रभावित होता है।

सभी अधिकारी स्वयं भलि-भांति परीक्षण कर समयबद्धता के साथ सन्दर्भो का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराये। निस्तारण की कार्रवाई से फरियादी का संतुष्ट होना आवश्यक है। बैठक के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, मोतीपुर के संजय कुमार, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, सीएमओ डॉ. राजेश कुमार, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, डीपीओ राजकपूर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त सहायक कोषाधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

**श्रावस्ती।** निवर्तमान सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान जनपद में तैनात रहे पूर्व वरिष्ठ कोषाधिकारी/अपर निदेशक कोषागार गिरीश कुमार, वर्तमान वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार एवं पूर्व वरिष्ठ कोषाधिकारी(सेवानिवृत्त) वीरेन्द्र कुमार मिश्रा उपस्थित रहे तथा फूलमाला पहनाकर सेवानिवृत्त सहायक कोषाधिकार अवधेश को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विदाई समारोह में पूर्व वरिष्ठ कोषाधिकारी/अपर निदेशक कोषागार गिरीश कुमार ने कहा कि निवर्तमान सहायक कोषाधिकारी का गौतम बुद्ध की धरती श्रावस्ती से उनके सेवाकाल का समापन हुआ है। वे एक अच्छे विनम्र स्वभाव के अधिकारी रहे है। इनके अन्दर सज्जनता कूट-कूट के भरी है। निवर्तमान सहायक कोषाधिकारी प्रतिभा के धनी व मधुर और सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे। वे धैर्यवान अधिकारी के साथ-साथ अधिकारियों/कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं को भी बेहतर ढंग से सुनकर उस पर निर्णय लेते थे। निवर्तमान सहायक कोषाधिकारी ने अपने सम्मान समारोह में संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि टीम भावना के साथ काम करने से बडी-बडी समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। किसी भी अधिकारी की पहचान उनके कार्यशैली से की जाती है। प्रत्येक व्यक्ति आज्ञापालन, श्रम व संतुष्टि से ही प्रगति कर सकता है, हमे दूसरों को देखकर खुश रहने की आदत डालनी चाहिए। उन्होने श्रावस्ती में बिताए अपने सेवाकाल के अनुभवों को भी इस अवसर पर साझा करते हुए कहा कि इस जनपद में सेवा करने का अवसर मिला है, जो मेरे लिए शौभाग्य की बात रही है। सम्मान समारोह में कोषागार एवं कलेक्ट्रेट के विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सहायक कोषाधिकारी को माल्यार्पण कर, अंगवस्त्र भेंटकर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके मंगल भविष्य की कामना की गई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के खाखरमऊ में महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे की छत में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंदर से बंद कमरे की कुंडी को तोड़ पुलिस हिरासत से लौटे पति की मौजूदगी में शव को उतरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर (खांखरमऊ) निवासी अनीता 40 वर्ष पत्नी फकीरे का शव उसी के घर मे फांसी पर लटकता देखा तो पड़ोसियों ने देखा तो ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति फकीरे राजमिस्त्री का काम करता है। वहीं पत्नी कानपुर नगर के किसी निजी नर्सिंग होम में काम करके परिवार का जीवन यापन करते थे और वह प्रत्येक शनिवार को गांव आ जाती थी। शनिवार की देर शाम फकीरे और गांव के एक युवक से कहा सुनी हो गई कहा सुनी मारपीट में बदल गई।

# महिला शिकायतकर्ता घर बैठे दर्ज करा सकेंगी इलेक्ट्रॉनिक एफआईआर

**गोण्डा।** रविवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामबली यादव द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में उपस्थित राजपत्रित अधिकारियों को 03 नए कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अब 01 जुलाई 2024 से इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोजीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होगा। अपराध सूचना प्राप्त होते ही घटनास्थल पर विचार किए बिना जीरो एफआईआर दर्ज करनी होगी। महिला शिकायतकर्ता पुलिस स्टेशन नहीं जाना चाहतीं तो उनके लिए इलेक्ट्रॉनिक एफआईआर की सुविधा शुरू की जाएगी । आईपीसी में धारा 375 में बलात्कार को परिभाषित किया गया था तथा धारा 376 में दुष्कर्म के लिए सजा का प्रावधान था । बीएनएस में इसे धारा 63 और 64 में परिभाषित किया गया है । धारा 64 में इन अपराधों के लिए सजा बतायी गयी है। दुष्कर्म के मामलों में दोषी पाए जाने पर कम से कम 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। 18 साल से कम उम्र की नाबालिग से गैंगरेप के मामले में अभी तक दोषी को 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान था. प्रस्तावित बीएनएस की धारा 70(2) के तहत नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास से लेकर मृत्यु दण्ड की सजा तक हो सकती है। बीएनएस में धोखाधड़ी या झूठ बोलकर किसी महिला से संबंध बनाना या फिर शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने पर सजा का प्रावधान किया गया है। बीएनएस के अंतर्गत अब देश में कहीं भी जीरो एफआईआर दर्ज करवा सकेंगे। इसमें धाराएं भी जुड़ेंगी। अब तक जीरो एफआईआर में धाराएं नहीं जुड़ती थीं 15 दिन के भीतर जीरो एफआईआर संबंधित थाने को भेजनी होगी। छोटे-छोटे मामलों और तीन साल से कम सजा के अपराधों के मामलों में समरी ट्रायल किया जाएगा। विवचेक को 90 दिन में चार्जशीट दाखिल करनी होगी। परिस्थिति के आधार पर न्यायालय अतिरिक्त समय दे सकती है । 180 दिन यानी छह महीने में जांच पूरी कर ट्रायल शुरू करना होगा। न्यायालय को 60 दिन के भीतर आरोपी पर आरोप तय करने होंगे।



# दो सप्ताह बाद भी छुट्टा घूम रहे हैं दलित महिला के हमलावर

**बहराइच।** दो सप्ताह से अधिक बीत जाने के बावजूद दलित महिला को पीटने वालों के विरुद्ध अब तक पुलिसिया कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित महिला ने तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

रामचंद्र पुत्र भगौती ग्राम खटिकनपुरवा कारीजोर थाना रिसिया जनपद बहराइच निवासी ने थाना रिसिया में तहरीर देकर कहा कि उनकी नामौजूदगी में विपक्षी सकीना पत्नी आफत खान व इरसाद खान पुत्र अरबाज खान व नौशाद खान पुत्र अय्याज खान निवासीगण तुला मंझौवा थाना रिसिया ने मेरे घर पर आकर जातिसूचक गालियां देते हुए , मेरी पत्नी सुनीता देवी को मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने थाना रिसिया में तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। रामचन्द्र ने अपना परिचय भाजपा पन्ना प्रमुख के रूप में भी दिया है। इस प्रकरण पर थानाध्यक्ष रिसिया प्रदीप सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि कोई चोट नहीं है घटना की पुष्टि नहीं हो रही है , आसपास के रहने वाले हैं इसी वजह से कहा सुनी हुई है, मैं कारीजोर जाने वाला था पर जा नहीं पाया। उन्होंने कहा मौका मुआयना कर स्थिति का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

# बुझ गया शिक्षा की अलख जगाने वाला सितारा, शोक की लहर

## क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक विद्यालय के थे संस्थापक सदस्य

**गोंडा।** इटियाथोक सहित आसपास क्षेत्र में समाज के हर वर्ग के लोगो को शिक्षा से जोड़ने और शिक्षा की अलख जगाने वाला सितारा वरिष्ठ अधिवक्ता राम विलास मिश्रा शनिवार की देर रात बुझ गया। लखनऊ में इलाज के दौरान उन्होंने अन्तिम सांस ली वह 83 वर्ष के थे। हाल ही में वरिष्ठ अधिवक्ता श्री मिश्रा के सीने में दर्द की शिकायत होने पर परिवार के लोग इलाज के लिए लखनऊ में भर्ती करवाया।

शनिवार की देर रात इलाज के दौरान हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। इटियाथोक सहित आस-पास के लोगो ने उनके पैतृक आवास बिरमापुर पहुंचकर पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। परिवार के बड़े बेटे कर्नल अजय कुमार मिश्रा ने बताया दो सप्ताह पूर्व सीने में दर्द की शिकायत होने पर लारी कार्डियो विभाग लखनऊ में भर्ती करवाया गया था। हालात में सुधार होने पर डाक्टर ने घर भेज दिया। दो दिन पूर्व हालत बिगड़ गई आनन फानन में परिवार के लोग लखनऊ ले गए शनिवार देर रात इलाज के दौरान हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। परिवार के लोगो ने उनका अन्तिम संस्कार अयोध्या में किया। 1941 में जन्मे राम विलास मिश्रा इटियाथोक क्षेत्र के कई



विद्यालयों के संस्थापक सदस्य थे। इनकी प्रारंभिक शिक्षा प्रावि नए गांव से शुरू हुई, शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह इण्टर कालेज गोंडा से इण्टर मीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक और एलएलबी की शिक्षा ग्रहण की। गोंडा में इन्होंने वकालत शुरू की उसके बाद 1962 में इटियाथोक में जनता इण्टर कालेज की स्थापना की।

क्षेत्र में इंटर कालेज की स्थापना होने से सभी वर्ग के लोगो को फायदा मिला। उसके बाद कस्बा इटियाथोक में बाल विद्या मन्दिर जूनियर हाईस्कूल की स्थापना कर क्षेत्र के लोगो को शिक्षा की सौगात दी। क्षेत्र में बालिक शिक्षा के लिए इन्द्र कुंवरि इंटर कालेज के साथ-साथ मार्डन कान्वेंट स्कूल की भी स्थापना की। क्षेत्र के लोगो को स्नातक शिक्षा ग्रहण करने के लिए श्रीराम तीर्थ मिश्र स्मारक महाविद्यालय की शुरुवात कर क्षेत्र के लोगो को सौगात दी।

### श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोग

वरिष्ठ अधिवक्ता राम विलास मिश्रा के निधन की सूचना मिलते ही उनके पैतृक आवास बिरमापुर में सिविल बार एसो0 के अध्यक्ष संगम लाल दुबे, बार एसो0 अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, महामंत्री चंद्रमणि तिवारी, अधिवक्ता दिनेश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य हाजी अनवर शकील चौधरी, हाजी शहबान चौधरी, प्रधान ज्योतिचन्द्र तिवारी, डा0 सुरेंद्र नाथ तिवारी, अनुराग मिश्रा, दिलीप गुप्ता, जितेंद्र मौर्य, कमलकांत शुक्ला, शाहिद इदरीसी, सिरताज अली, दामोदर प्रसाद शुक्ल, पीडी मिश्र, डा सत्य देव तिवारी, मधुसूदन शुक्ल, आशीष तिवारी, विश्व नाथ तिवारी, हरीश तिवारी, पदुम नाथ तिवारी, संजय पांडेय, बृजेश कुमार, चंद्र प्रकाश वर्मा, राजेश तिवारी, जगदम्बा दूबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बरसात की वजह से सड़क पर जलभराव, राहगीरों को हो रही है दिक्कत

**नवाबगंज गोंडा।** क्षेत्र के कटराशिवदयालगंज तिराहे से बस्ती राजमार्ग पर बरसात के चलते गड्ढा व जलजमाव होने की वजह से राहगीरों परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है बैरीककेटिंग लगाकर सडक मार्ग को अवरुद्ध किए जाने की वजह से बाइक सवार पैदल यात्रा करने वाले लोगों को आवागमन की समस्याओं से दो चार होना पड रहा है। मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के कटराशिवदयालगंज तिराहे से बस्ती राजमार्ग पर चलते ही करीब 300 मीटर बाद राजमार्ग पर जलजमाव व गड्ढा बना हुआ है पहली बरसात के बाद से ही यह जलजमाव होना शुरू हो गया है अभी बरसात की शुरुआत मे ही इस सड़क पर दोपहिया पैदल यात्रा करने वाले लोगों की समस्याओं को दो चार होना पड रहा था पर बीते दिन हुए भारी बरसात के बाद से इस सडक पर करीब दो तीन बाइक सवार चुटहिल हुए वही चौपहिया वाहनो का आवागमन भी समस्याओं का सबब बना है इस की मरम्मत ना करके केवल एक पुलिस बैरीककेटिंग खडा कर रास्ते को चौपहिया वाहनो के लिए बंद कर दिया गया जबकि अन्य लागो को अभी भी सामना करना पड़ रहा है सडक निर्माण केबाद से ही यह जगह जलजमाव और गड्ढे के लिए चिन्हित है जबकि यह क्षेत्र अयोध्या और गोंडा की सीमा पर बसा सबसे व्यस्त जगह पर है।

# न खुदा ही मिला न विसाले सनम...

## मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद पीड़ित को साइबर ठगों ने भी लगा दिया 4000 का चूना




नदीम सिद्दीकी

**गोंडा।**

**न खुदा ही मिला न विसाले सनम,**
**न इधर के रहे न उधर के रहे हम,**

शायर की यह पंक्तियां मोटरसाइकिल चोरी से पीड़ित मौलाना शोएब के ऊपर सटीक बैठ रही है।

फैजाबाद रोड जिगर इंटर कॉलेज के पास रहने वाले मोहम्मद शोएब पुत्र मोहम्मद सईद घर का जरूरी सामान खरीदने के लिए अपनी मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर जिसका नंबर यूपी 43 ए के 6478 से महिला अस्पताल के सामने स्थित वी-मार्ट गए थे वापस आने पर उनकी मोटरसाइकिल गायब हो गई काफी खोजबीन करने के बाद जब उन्हें मोटरसाइकिल नहीं मिली तो उन्होंने कोतवाली नगर में मोटरसाइकिल चोरी की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कोतवाली नगर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 0478 धारा 379 के तहत अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पीड़ित शोएब के पास उनके मोबाइल नंबर पर 29 जून को मोबाइल नंबर 810 961 0627 से एक कॉल आई जिसने अपने आप को पुलिस बताते हुए शोएब को बताया आपकी मोटरसाइकिल मिल गई है। लेकिन आपको 6000 खर्च करने पड़ेंगे इस पर शोएब ने पूछा आपको कैसे पता चला कि मेरी मोटरसाइकिल गायब है तो उसने उधर से शोएब के मोबाइल पर मोटरसाइकिल चोरी की एफआई आर कॉपी को व्हाट्सएप किया पीड़ित शोएब ने बताया कि इस पर हमें यकीन हो गया की कोई पुलिस विभाग का ही व्यक्ति है। उसने बताया कि आपकी गाड़ी दिल्ली में है उसने एक दूसरा नंबर दिया 744 024 6293, और कहा इसमें पैसे को ट्रांसफर कर दो पीड़ित शोएब ने बताया कि उसके बताए हुए नंबर पर दो-दो हजार रुपए दो बार में ट्रांसफर कर दिए कोतवाली पहुंचने पर पता चला उसके फोन पर आई कॉल साइबर ठगो द्वारा की गई थी।

### एनसीसी का कर्नल बनकर साइबर ठगों ने फिल्मी अंदाज में पैथोलॉजी के मालिक को लगा दिया 90000 का चूना

लाल पैथ पैथोलॉजी चलाने वाले संदीप द्विवेदी को साइबर ठगों ने फिल्मी अंदाज में एनसीसी का कर्नल बनकर करीब 90000 का चूना लगा दिया। ठगी का शिकार हुए पैथोलॉजी संचालक के खाते से अचानक पैसा ट्रांसफर होने लगा, तब उसे एहसास हुआ कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है पीड़ित ने कोतवाली नगर में 20 जून को कोतवाली नगर में घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है। पैथोलॉजी संचालक संदीप द्विवेदी ने बताया कि वीडियो कॉलिंग के माध्यम से उसके नंबर पर एनसीसी कर्नल की ड्रेस पहने हुए एक व्यक्ति ने फोन किया और कहने लगा हमें एनसीसी जवानों का सैंपल करना संदीप ने बताया कि उसने पेमेंट के संबंध में बातचीत करने के बाद मेरा अकाउंट डिटेल मांगा कुछ देर में उसने मेरे अकाउंट में 10 ट्रांसफर किया और दोबारा मुझसे बातचीत की मुझे यकीन हो गया यह व्यक्ति वास्तव में कर्नल ही है। संदीप ने बताया कि अकाउंट डिटेल का शेयर करते ही मेरे खाते से पैसे कटने लगे।

# डिप्टी एसपी बनाए जाने पर गांववालों में खुशी की लहर

**गोण्डा।** जिले के सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ऊंचे झंझरी गांव के रहने वाले बसंत कुमार दूबे को प्रमोशन कर डिप्टी एसपी बनाए जाने पर उनके गांव में खुशी का माहौल है। तमाम लोगों ने उनके घर पहुंचकर खुशी जताते हुए परिजनों को बधाई दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के यहां गोपनीय विभाग में तैनात इंस्पेक्टर बसंत कुमार दूबे का प्रमोशन कर उन्हें डिप्टी एसपी बनाया गया है। गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने उन्हें बैज लगाया और पदोन्नति की बधाई दी। इस मौके पर एसपी सिटी केके विश्नोई समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इंस्पेक्टर से डिप्टी एसपी बनाए जाने पर बसंत कुमार दूबे के बड़े भाई लालजी साहब दूबे, हुकुमचंद दूबे, पाटेश्वरी दूबे, भतीजे शैलेंद्र दूबे, उपेंद्र दूबे, धर्मेंद्र दूबे, दिलीप दूबे, अरविंद दूबे, रवि दूबे, अभिषेक दुबे अभय तिवारी वैभव तिवारी विजय शुक्ला के साथ ही जिले के ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिला प्रभारी ए. आर. उस्मानी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता, मनू यादव,



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संगठन महामंत्री बागीश तिवारी, अशोक पाठक, हेमंत पाठक, सुनील तिवारी, लवी श्रीवास्तव, पुनीता मिश्रा अमित पांडेय, राहुल तिवारी, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला कोऑर्डिनेटर किशोर चंद्र जायसवाल, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश जायसवाल, काशीराम मौर्य, खुशबू कनौजिया, रवि चंद कनौजिया, रणविजय सिंह, दीपक कौशल, पवन जायसवाल, कल्पराम त्रिपाठी, प्रमोद पांडेय, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला महामंत्री विजय सोनी, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष विपिन तिवारी, अनिल यादव, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष बृजभूषण तिवारी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## एक नजर

### प्रभारी निरीक्षक ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने रविवार को क्षेत्रीय प्रेस प्रतिनिधियों के साथ थाना परिसर में बैठक कर प्रेस प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने प्रेस प्रतिनिधियों से आपसी तालमेल के साथ कार्य करने की अपील किया है जिससे पुलिस व प्रेस प्रतिनिधियों में आपसी समन्वय बना रहे। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस व प्रेस प्रतिनिधियों का आपस में गहरा संबंध है।आप लोगों से अपील है कि आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। गरीबों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है।एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता की व्यवस्था लागू हो रही है।इस दौरान अभय नारायण तिवारी, अमरेश दूबे, रणविजय सिंह,सभा शंकर पांडेय, प्रवीण तिवारी,रमेश शुक्ला, मुन्ना सिंह आदि प्रेस प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खटौली गांव के समीप चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सभापुर शमदाबाद गांव निवासी महेश कुमार का 18 वर्षीय पुत्र राज कुमार बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के खटौली गांव के समीप पहुंचा तभी चार पहिया वाहन से उसकी भिड़ंत हो गई। जिससे राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दी गई। एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए सरकारी एंबुलेंस से कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### एचटी लाइन से छुआ कंटेनर, चालक व खलासी झुलसे

**फतेहपुर।** मलवा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे–2 के कैची मोड पर कंटेनर बैक करते समय एचटी लाइन की चपेट में आकर ड्राइवर और खलासी दोनों झुलस गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मैनपुरी जनपद के कुरौली थाना क्षेत्र के नगलागनी गांव निवासी राजेन्द्र सिंह का 30 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार कंटेनर चालक है। उसका छोटा भाई 26 वर्षीय मोहित उसी कंटेनर में खलासी है। वह कंटेनर लेकर फतेहपुर जनपद के मलवां थाना क्षेत्र आये थे और नेशनल हाइवे 2 के कैंची मोड़ पर कंटेनर को बैक कर रहे थे। तभी एचटी लाइन की चपेट में आकर दोनो भाई झुलस गए। एंबुलेंस ने दोनो भाइयों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने चालक रोहित की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। उसी एम्बुलेन्स से दोनो भाई कानपुर इलाज कराने चले गए।

### करंट से युवक की मौत

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के केवलापुर गांव में घर में रखे स्टैंड फैन में उतरे करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के केवलापुर गांव निवासी स्व. रामपाल का 45 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार घर मे रखे स्टैंड फैन में उतरे करंट की चपेट में गया। जिससे उसकी मौत हो गई परिजनों को जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### संदिग्ध: विवाहिता ने दी जान

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के मदरी गांव में संदिग्ध अवस्था में विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मदरी गांव निवासी पीयूष यादव की 24 वर्षीय पत्नी वंदना यादव ने घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही रही है। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के भाई सुरेंद्र ने बताया कि हमारी बहन की शादी 20 जून 2020 को हुई थी। घटना के बारे में दबी ज़बान घर मे ज़ेवर को लेकर हुए विवाद की बात कही है।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मंदिर में 148 का उपचार

**हलिया (मिर्जापुर)।** नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मतवार,ड्रमंडगंज, बरौंधा में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मंदिर में आने वाले मरीजों का नि:शुल्क उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा कामेश्वर तिवारी के देखरेख में संपन्न हुए मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 42 मरीजों का उपचार किया गया है।इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंड गंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर बालकृष्ण के देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें कुल 55 मरीजों का उपचार किया गया है।इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन स्टाफ नर्स माया के देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें कुल 51 मरीजों का उपचार घर नि:शुल्क दवा वितरित किया गया है। शासन द्वारा प्रत्येक रविवार को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मंदिर का आयोजन कर लोगों का उपचार कर दवा वितरित किया जाता है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमंडगंज बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मंदिर में कुल 148 मरीजों का उपचार कर नि:शुल्क दवा वितरित किया गया है।इस दौरान आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डा प्रियंका यादव, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार,आदि मौजूद रहे।

### अल्प बचत अभिकर्ता संघ के जिलाध्यक्ष बने योगेंद्र

**फतेहपुर।** पटेल सेवा संस्थान में राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत के अंतर्गत अभिकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए नवमनोनीत पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार मिश्रा ने किया। राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मत से अध्यक्ष पद पर योगेंद्र कुमार मिश्रा, महामंत्री पद पर रमेश चंद्र अनुरागी, संरक्षक पद पर राजेश कुमार दीक्षित, वीरेंद्र सिंह यादव, उपाध्यक्ष मालती, श्रीराम गुप्ता, अनिल गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, संगठन मंत्री राजू गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश गुप्ता, प्रचार मंत्री रघुनंदन गुप्ता, जावेद खान, ऑडिटर अजय गुप्ता, कानूनी सलाहकार हसमुख लाल, सदस्य प्रीति, अंजू लता, रुबी गुप्ता, सुमन, गीता पटेल, अर्चना अवस्थी, आनंद गुप्ता, अंजलि साहू को बनाया गया। इस दौरान सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और अभिकर्ता हित में कार्य करने की बात कही गई।

### पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया मतदाता अभिनंदन

**फतेहपुर।** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने हुसैनगंज विधानसभा के रॉयल पैलेस व खागा विधानसभा के सत्यम पैलेस में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में सहभागिता कर सभी का अभिनन्द किया। साध्वी ने जनपद के सभी मतदाताओं सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर अभिनंदन किया। साध्वी जी ने कहा कि यह मेरा चुनाव क्षेत्र है। यहां की जनता ने मुझे दो बार सांसद बनाया और वह मंत्री बनी। उनका यह दायित्व है कि यहां की जनता की सुख दुख में सम्मिलित रहूं। साध्वी जी ने सबको आश्वस्त किया कि वह आपके बीच में हमेशा उपस्थित रहेंगी।

### विद्युत विभाग की सयुक्त टीम ने नगर में चलाया चेकिंग अभियान



**अहरौरा (मिर्जापुर)।** उच्च अधिकारियों के आदेश पर उपखंड अधिकारी संजय यादव के नेतृत्व में विद्युत विभाग की सयुक्त टीम ने शनिवार को नगर पालिका क्षेत्र के कई मोहल्ले में चेकिंग अभियान चलाया और तीन का विद्युत चोरी व चार का भार वृद्धि एवं तीन का घरेलू से कामर्शियल किया गया वही विद्युत चोरी के संबंध में जिला मिर्जापुर के फतहा पुलिस सब स्टेशन पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी संजय यादव,अवर अभियंता पंचधारी सिंह,अवर अभियंता दयाशंकर सिंह, अवर अभियंता दिलीप सिंह, प्रवीण सिंह, सहित विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

# चोरी की दो बाइकों सहित कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

## अभियुक्त के विरूद्ध अन्य मामलों में जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई कराई जा रही है

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान रामपुर गांव से किशनपुर-खागा संपर्क मार्ग पर चोरी की बाइक के साथ एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी करके छिपाकर रखी गई एक अन्य बाइक भी बरामद की गई। पुलिस ने उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

जानकारी के अनुसार किशनपुर थाने के उपनिरीक्षक प्रभाशु शुक्ला अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी चेकिंग के दौरान रामपुर गांव से किशनपुर-खागा संपर्क मार्ग पर चोरी की बाइक के साथ इंद्रजीत सिंह उर्फ टिर्रा पुत्र गया सिंह निवासी ग्राम रामपुर थाना किशनपुर को गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसकी निशानदेही पर चोरी करके छिपाई गई एक अन्य बाइक भी बरामद की। पुलिस ने उसके खिलाफ मु.अ.सं. 138/2024 धारा 411/413 भादवि पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।



पुलिस टीम की गिरफ्त में बाइकों के साथ कुख्यात अपराधी।

उपनिरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त इंद्रजीत शातिर एवं अभ्यस्त अपराधी है। बरामद बाइक अपाचे के संबंध में जनपद चित्रकूट के थाना कर्वी पर अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त जमानत पर रिहा होने के उपरान्त अपराध में लिप्त हो जाता है। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य मामलों में जमानत निरस्तीकरण की कार्वाई कराई जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल विवेक शुक्ला व सर्वेश यादव भी शामिल रहे।

## कार की चपेट में आने से बालिका की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के लालगंज हलिया मार्ग कोटा शिव प्रताप सिंह गांव के चैदहवां बैरियर के पास शनिवार की देर शाम घर से दुकान पर सामान लेने जा रही बालिका को तेजगति से आ रहे कार चालक ने धक्का मार दिया।

जिससे घटना स्थल पर ही बालिका की मौत हो गई वहीं कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया मौके पर पंहुची पुलिस ने बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालिका के परिजनों में कोहराम मच गया है। लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव चैकी अंतर्गत सहजी गांव निवासी बुद्धिराम की 10 वर्षीय पुत्री दिव्यांशी घर से सामान लेने के लिए कोटा शिव प्रताप सिंह गांव के चैदहवां बैरियर के पास आ रही थी कि जैसे सड़क पर पहुंची कि तेजगति से आ रही कार ने बालिका को धक्का मार दिया जिससे बालिका की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पंहुची तिलांव पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान सहजी रविशंकर सिंह मौके पर पंहुचकर परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया है। बालिका दो बहनों में बड़ी थी।

## अधेड़ की आम के पेड़ से गिरकर मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के योहनअरार गांव में रविवार को एक दुखद घटना तब घटी, जब आम तोड़ते समय एक अधेड़ की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। मृतक न्याजुद्दीन (55) पुत्र अमीनुद्दीन अपने परिवार का इकलौता बेटा था। इस हादसे से परिवार और गांव में गहरा शोक व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार न्याजुद्दीन रविवार की दोपहर अपने दोस्तों के साथ गांव के बाहर स्थित बगीचे में आम तोड़ने गया था। आम के मौसम में यह गतिविधि गांव के युवाओं के लिए आम बात है। राकेश एक ऊंचे पेड़ पर चढ़ गया और आम तोड़ने लगा। अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ से नीचे गिर पड़ा। गिरने की आवाज सुनकर उसके साथी दौड़े और देखा कि राकेश गंभीर रूप से घायल है। गंभीर स्थिति को देखते हुए साथी तुरंत उसे स्थानीय अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में पहुंचने पर डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, गिरने से उसके सिर में गंभीर चोटें आई थीं, जिससे उसकी मौत हो गई। न्याजुछ्दीन की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। उसके माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी इस हादसे से स्तब्ध हैं। न्याजुद्दीन अपने परिवार का सहारा था और उसकी आकस्मिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। प्रशासन ने परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है और लोगों को पेड़ों पर चढ़ते समय सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।

**सतर्कता बेहद जरूरी**

इस घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। आम तोड़ना जैसी सामान्य गतिविधि भी कभी-कभी घातक साबित हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है। राकेश की मौत से पूरा गांव शोकाकुल है, और उसकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसे मामलों में जागरूकता बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

## हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटान से हरियाली को खतरा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बिंदकी, फतेहपुर।** जिले के चक अलियाबाद गांव में हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटान हो रही है, जिससे क्षेत्र की हरियाली को भारी नुकसान पहुंच रहा है। आम, महुवा, गुलर और नीम जैसे बड़े-बड़े पेड़ों को इलेक्ट्रॉनिक आरी की मदद से कुछ ही मिनटों में काटा जा रहा है। यह गतिविधि पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से हो रही है, जिससे कटाई पर कोई रोक नहीं लग पा रही। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की अनदेखी के चलते ये गतिविधियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। पेड़ों के काटे जाने से स्थानीय जैव विविधता पर भी गहरा असर पड़ रहा है। आम, महुवा, गुलर, और नीम जैसे पेड़ न केवल छांव देते हैं, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी मदद करते हैं।

**लोगों में आक्रोश**

गांव के लोग इस स्थिति से काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि अगर जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में पर्यावरणीय संकट उत्पन्न हो सकता है।

उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि वह इस पर सख्त कदम उठाए और हरे पेड़ों की कटान पर रोक लगाए।

## ट्रक व बाइक की भिड़ंत में युवती की मौत, दो घायल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चैकी अंतर्गत मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित नैड़ी कठारी गांव के पास शनिवार की शाम ट्रक व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार युवती की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई जबकि बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है। मौके पर पंहुची पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।ट्रक व बाइक को पुलिस ने अपने अभिरक्षा में चैकी पर खड़ा कराया है। लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव चैकी अंतर्गत सहजी गांव निवासी 27 वर्षीय राजेश अपने रिश्तेदार हलिया थाना क्षेत्र के पथरहा गांव निवासी 35 वर्षीय बासुदेव व प्रयागराज जिले के खीरी थाना क्षेत्र के खरका गांव निवासी 20 वर्षीय सविता के साथ एक ही बाइक से कोरांव की तरफ जा रहे थे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नैड़ी कठारी के पास लालगंज कि तरफ से आ रहे ट्रक से आमने-सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार युवती की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई जबकि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पंहुची एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी दीपक यादव व पायलट प्रदीप पांडेय ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है।




मौके पर पहुंचे चैकी प्रभारी बरौंधा जयशंकर राय ने युवती के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटना में ट्रक व बाइक को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष लालगंज संजय सिंह भी मौके पर पंहुचकर घटना की जानकारी लिया है।

# कांग्रेस ने ब्लॉक व नगर पंचायत अध्यक्ष बनाए

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चैहान की अध्यक्षता में एक सम्मान सभा का आयोजन कर संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु तेरह ब्लॉक अध्यक्षों एवं आठ नगर पंचायत व एक नगर पालिका प्रभारी की नियुक्ति घोषणा की गई। इसी के साथ ही जिला संगठन के कार्यों की समीक्षा एवं उस पर अनुशासन बनाए रखने हेतु वरिष्ठ नेताओं की एक अनुशासन समिति का भी गठन किया गया।

» संगठन पर लगाम कसेगी अनुशासन समिति

नवनियुक्त नगर पंचायत अध्यक्षों में अजीत सिंह असोथर, असगर अली खागा, रामहरि सोनकर किशनपुर, शोएब सिद्दीकी खखरेरू, राकेश पटेल करीकान धाता, दीपू यादव जहानाबाद, शेखर रावत बहुआ, मो. हैरिस हथगांव के साथ ही तेरह ब्लॉक अध्यक्षों में सौरभ सिंह असोथर, शबनम बहुआ, भीम सिंह पासवान भिटौरा, राजेंद्र पासवान हसवा, मो. अकरम उर्फ काले तेलियानी, बीरेंद्र सचान अमौली, गौरव मिश्रा देवमई, अंकित पटेल खजुहा, आलोक सिंह मलवां, नरेश कुमार ऐरायां, तौकीर अहमद धाता, आशीष सिंह उर्फ गुड्डू को हथगांव, राजेंद्र सिंह यादव को विजईपुर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी के साथ जिला महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा को फ्रंटल संगठनों का प्रभारी बनाया गया। जिले के संगठन में अनुशासन बनाए रखने हेतु एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जिसमें श्रवण कुमार गौड़,



बैठक में भाग लेते कांग्रेसी।

आफताब, फूल सिंह यादव, सईदुल व मुन्ना अग्निहोत्री को रखा गया है। उक्त आयोजिक समारोह में ही जिला प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे को मीडिया प्रभारी का दायित्व भी सौंपा गया है। समारोह में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण किया।

इस मौके पर सुधाकर अवस्थी, राजेंद्र शुक्ला, शेख एजाज अहमद, मोहसिन खान, अभिषेक प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## एनसीसी कम्पनी की पिकअप बोलेरो गाडी का मनबढ़ों ने तोड़ा शीशा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड में कार्यरत नमामि गंगे परियोजना हर घर जल योजना के कार्यदाई संस्था एनसीसी कम्पनी द्वारा पाइप लाइन व नल का कनेक्शन किया जा रहा है इसी दौरान मधोर गाँव से कनेक्शन कर शनिवार को सांय आठ बजे हथेड़ा स्थित कार्यालय में चालक सहित सभी लोग बैठे थे कि बाहर खडी बोलेरो पिकअप का मनबढो ने लाठी से मारकर शीशा तोड़ दिया तोड़फोड़ की आवाज सुन कर बाहर आये तब लोग भाग निकले । लाइजनिंग आफिर नमामि गंगे एनसीसी परियोजना के अधिवक्ता बृजेश त्रिपाठी ने दी गयी तहरीर में बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षा योजना नमामि गंगे परियोजना के तहत हर घर जल योजना के तहत पाइपलाइन लगाने व हर घर जल पहुचाने के लिये कनेक्शन का कार्य चल

» कम्पनी के वकील ने थाने में तहरीर दे कर कार्यवाही की किया मांग

रहा है। जिसके तहत शनिवार को मधोर गाँव में कार्यकर हम लोग आठ बजे सांय हथेड़ा एनसीसी कम्पनी के कार्यालय के बाहर गाड़ी खडी.कर अंदर चले गए कि एक व्यक्ति आया और लाठी डंडे से बोलेरो का सामने का कांच व बगल में बिंडो का तोड़ दिया । कार्यालय के बाहर खड़ी बोलोरो पिकअप वाहन का शीशा तोड़ने पर की घटना से कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि टोंटी में पेयजल आपूर्ति नहीं होने की बात को लेकर कुछ लोगों ने बोलोरो पिकअप वाहन का शीशा तोड़ दिया है ।

## डीएम ने ई .वी .एम . गोदाम का किया त्रैमासिक निरीक्षण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भिस्पुरी स्थिति ई0वी0एम0 गोदाम का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम के रखरखाव तथा उपस्थित गार्डों आदि के व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 शिव प्रताप शुक्ल, सहायक निर्वाचन अधिकारी अलोक शर्मा उपस्थित रहें।

## दोआबा की धरती पर रक्त मित्रों ने किया रक्तदान

**फतेहपुर।** मिर्जापुर व कानपुर जनपद से आए रक्तमित्रों ने हर जिले में जागरूकता अभियान चलाकर स्वयं रक्तदान किया। बताते चले कि मिर्जापुर की संस्था विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट से अमन कुमार सेठ व निफा कानपुर से हर्षित शुक्ला फतेहपुर पहुंचे। दोनों ने रक्तदान करने की इच्छा प्रकट की। सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फॉउंडेशन के प्रबंधक (मित्र) गुरमीत सिंह के साथ मानस रक्तकेन्द्र नऊवाबाग पहुंच कर अमन कुमार सेठ ने अपना 29 वां रक्तदान व हर्षित शुक्ला ने अपना 33 वां रक्तदान दोआबा की धरती में किया। जागरूकता अभियान को देख अल्लीपुर, फतेहपुर से आये मोहित ने भी रक्तदान की इच्छा बताते हुए संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फॉउंडेशन से जुड़ कर अपना पहला स्वैच्छिक रक्तदान मानस रक्तकेन्द्र में किया। इस अवसर पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह, रक्तमित्र संगठन बनारस से सौम्या दुबे, विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट से मोहित व रक्तकेन्द्र से अनामिका, संजना, अनुस उपस्थित रहे।

## लेखा समाधान बैठक व्यय प्रेक्षक संकेत काले की अध्यक्षता में संपन्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिर्जापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व निर्धारित तिथि पर 30 जून 2024 को जिला पंचायत सभागार में अभ्यर्थियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ लेखा समाधान बैठक व्यय प्रेक्षक संकेत काले की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें 10 अभ्यर्थियों में से 9 अभ्यर्थियों व प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय संबंधी शंकाओं का समाधान किया गया एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया बैठक में सोशल मीडिया पर किए गए

प्रचार प्रसार पर किए गए खर्च, मतदान दिवस के दिन बने पर्चियों के वितरण हेतु बुथ पर हुए खर्च, सभी अनुसूचियां पूर्ण करना एवं शपथ पत्र तैयार करना आदि पर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में



प्रभारी व्यय अनुवीक्षण मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, अमित कुमार वित्त एवं लेखा अधिकारी, अशोक कुमार वित्त एवं लेखा अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत तथा समस्त लेखा टीम एवं समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक उपस्थित रहे।

**मुहिम** ब्लाक मुख्यालयों में पुरानी पेंशन जरूरी क्यों विषय पर होगी गोष्ठी व एनपीएस स्वाहा यज्ञ

# अटेवा का सदस्यता अभियान 15 जुलाई से दो माह तक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच जिला एवं ब्लाक कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक विद्या निकेतन इंटर कॉलेज रानी कॉलोनी में हुई। बैठक में सर्वप्रथम प्रदेश सरकार द्वारा 28 मार्च 2005 तक के पूर्व विज्ञापित पदों पर चयनित शिक्षकों व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का विकल्प देने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात प्रदेश कार्यकारिणी के दिशा निर्देशों के क्रम में पुरानी पेंशन बहाली हेतु आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

कोषाध्यक्ष देवेन्द्र पांडेय ने कहा कि यह संकल्प है कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सदस्यता अभियान में प्रदेश में नंबर वन की पोजीशन में रहेंगे। संगठन मंत्री मुकेश मौर्य ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय साथियों को संगठन में जोड़ेंगे।

संगठन की भावना अनुरुप काम न करने वाले साथियों को संगठन से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। सफाई कर्मचारी संघ के बाबूलाल पाल ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए वोट फार ओपीएस अभियान जारी रखेगा। तहसील प्रभारी सदर संदीप यादव ने कहा कि अपने मुद्दे को जन आंदोलन बनाना है इसके लिए प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। जिला कार्यकारिणी



बैठक कर आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते अटेवा के पदाधिकारी।

ने बिजली के खम्भों में लगभग 500 पेंटिंग कराकर यह कार्य प्रारंभ कर दिया है। अब ब्लॉक के साथियों को यह काम तहसील और कस्बों में करना है। सभी ने ध्वनि मत से इसकी सहमति दी। जिला संयोजक निधान सिंह ने सभी को अटेवा के आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से चर्चा की। सर्वप्रथम जुलाई माह में सभी ब्लॉकों में बैठक बुलाकर के पुरानी पेंशन से आच्छादित किए गए शिक्षकों कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

15 जुलाई से 15 सितंबर तक सघन सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। एक अगस्त से नौ अगस्त के बीच ब्लॉक मुख्यालयों में पुरानी पेंशन जरूरी क्यों? विषय पर गोष्ठी एवं एनपीएस स्वाहा यज्ञ किया जाएगा जो तीनों तहसीलों में अलग-अलग तारीखों में संपन्न होगा। यह कार्यक्रम सभी ब्लॉक मुख्यालय में पंचायती राज विभाग के अगुवाई में संपन्न किया जाएगा। उसके बाद जिले में नवनिर्वाचित सांसदों को ज्ञापन दिया जाएगा।

जनवरी-फरवरी में लखनऊ में एक जोरदार प्रदर्शन करने की रणनीति प्रदेश नेतृत्व के द्वारा तैयार की गई। संचालन महामंत्री महेन्द्र मौर्य ने किया। बैठक में असफिया मजहर, अंजू सिंह, राजकुमारी, विमर्श कुमारी, गीता, किरन, शोभा मौर्य, अन्नपूर्णा मौर्य, विजय रत्ना, प्रीति श्रीवास्तव, शशि सोनकर, अर्चना, रीना, अनुराधा, ऊषा रानी, शैलेंद्र अवस्थी, सुरेश सचान, समर जहाँ, रवि प्रकाश साहू, दीपक बीरेंद्र गौतम, स्वदेश प्रसाद भी मौजूद रहे।

# विराट-रोहित के बाद जडेजा का भी T-20 इंटरनेशनल से संन्यास

## 15 साल के करियर में 74 मैच खेले, 515 रन बनाए और 54 विकेट लिए, बारबाडोस में रोहित ने जीत का झंडा गाड़ा और पिच की मिट्टी चखी

एजेंसी

**बारबाडोस।** टीम इंडिया के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का जश्न बारबाडोस से भारत तक मनाया जा रहा है। मैच जीतने के बाद कप्तान रोहित अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाए। जमीन पर हाथ पटकने लगे। विराट के गले लगकर रोए। हार्दिक पंड्या का गाल चूमा और गले लगा लिया। मैच के दौरान भी कई पल थे, जो यादगार बन गए। 2011 के बाद अब इंडिया वर्ल्ड कप जीती है।

टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत से पहले BCCI सचिव जय शाह ने एक बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि टी-20 वर्ल्ड कप में हम रोहित की कप्तानी में बारबडोस में भारत का झंडा गाड़ेंगे। भारतीय कप्तान ने मैच जीतने के बाद ऐसा ही किया और जय शाह की बात को सच साबित कर दिया। इस मोमेंट पर जय शाह भी मौजूद थे। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद विराट और रोहित ने इस फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। फाइनल जीतने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा 1 मिनट तक गले मिले। दोनों की आंखों में आंसू थे। टी-20 इंटरनेशनल में लंबे समय तक खेलने के बाद दोनों ने इसे अलविदा कह दिया है। वहीं अब भारतीय ऑलराउंडर



### रवींद्र जडेजा का टी-20 I में प्रदर्शन

74 मैच | 515 रन | 54 विकेट | 7.13 इकोनॉमी




रवींद्र जडेजा ने रविवार को टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। इससे पहले शनिवार को टीम के दो दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप फाइनल जीतने के कुछ देर बाद संन्यास की घोषणा की थी। टीम इंडिया ने 29 जून को बारबाडोस में साउथ अफ्रीका को फाइनल में हराकर 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता। जडेजा ने लिखा, पूरे दिल से आभार जताते हुए मैं टी 20 इंटरनेशनल मैचों को अलविदा कहता हूं। मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य फॉर्मेट में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। टी-20 वर्ल्ड कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था। आप लोगों के अटूट विश्वास के लिए धन्यवाद। जय हिंद। रवींद्र जडेजा ने भारत के लिए 2009 में डेब्यू किया था। टी-20 फॉर्मेट में उन्होंने कुल 74 मैच खेले। उन्होंने 127.16 के स्ट्राइक रेट से 515 रन बनाए और 54 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज भारतीय टी-20 टीम में 2009 से 2024 तक शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने कुल 30 मैच खेले। इनमें जडेजा ने 130 रन बनाए और 22 विकेट अपने नाम किए। वहीं, एशिया कप में उन्होंने 6 मैच खेले। इनमें उन्होंने दो पारियों में 35 रन बनाए।




### सूर्या ने ट्रॉफी के साथ सोते हुए फोटो शेयर की



सूर्यकुमार यादव ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिला का शानदार कैच लिया। जब 6 गेंदों में साउथ अफ्रीका को 16 रन बनाने थे और क्रीज पर थे डेविड मिलर थे। हार्दिक ने ऑफ स्टंप पर लो फुल टॉस डाली। मिलर ने शॉट खेला जो बाउंड्री पार जा रहा था। सूर्यकुमार ने बाउंड्री के बाहर जाते हुए कैच पकड़ा, गेंद उछाली और बाउंड्री के अंदर आकर कैच कंपलीट किया। सूर्या ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, 'यह एक अच्छी रात की नींद होगी।'

### हार्दिक पांड्या नहीं छोड़ रहे वर्ल्ड कप ट्रॉफी



भारत ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में सात रन से हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। भारत के विश्व चैंपियन बनने के बाद सोशल मीडिया पर सिर्फ खिलाड़ियों की तस्वीरें और वीडियो दिख रही हैं। रोहित और विराट के संन्यास लेने के बाद फैंस काफी मायूस भी नजर आए। हालांकि युवा खिलाड़ियों के जोश ने फैंस को एक नई उम्मीद जगाई है। भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत ने भी सोशल मीडिया पर वर्ल्ड ट्रॉफी जीतने के बाद की कई तस्वीरें शेयर की है। इसमें से हार्दिक पांड्या की ट्रॉफी के साथ की एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें वह भारतीय फैंस को गुड मार्निंग के साथ ट्रॉफी जीतने की बधाई दे रहे हैं। दूसरी तरफ ऋषभ पंत ने सपोर्ट स्टाफ के साथ की एक तस्वीर शेयर की है और उनके काम की तारीफ करते हुए धन्यवाद किया है। हार्दिक पांड्या ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, "सुप्रभात, भारत ये सपना नहीं है।

'बिग बॉस ओटीटी 3' एलिमिनेशन

## अरमान मलिक की पहली बीवी पर गिरी गाज




रिएलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' में घरवालों का गेम शुरू हो चुका है। पहला एलिमिनेशन मुक्केबाज नीरज गोयत का हुआ था। अब सात कंटेस्टेंट्स पर नॉमिनेशन की तलवार लटक रही है। बताया जा रहा है कि अरमान मलिक की पहली बीवी पायल मलिक आज शो से एलिमिनेट हो जाएंगी। हालांकि, ये बात कितनी सच है, ये आज रात को वीकेंड का वार एपिसोड में पता चलेगा। मालूम हो कि Bigg Boss OTT 3 के 15 कंटेस्टेंट्स ने घर से बेघर होने के लिए पेड़ के पीछे जाकर दो-दो कंटेस्टेंट्स के नाम लिए थे। सबसे ज्यादा वोट्स अरमान मलिक, उनकी वाइफ पायल मलिक, साई केतन राव, सना सुल्तान, लव कटारिया, शिवानी कुमारी और दीपक चौरसिया को मिले। यानी इनपर एलिमिनेशन की तलवार लटक रही है। इससे पहले जनता की एजेंट सना सुल्तान ने बिग बॉस के कहने पर तीन लोगों से नॉमिनेशन का हक छीन लिया था। इनमें अरमान मलिक, पायल मलिक और 'वड़ा पाव गर्ल' Chandrika Dixit शामिल थे। यानी ये तीनों कंटेस्टेंट्स इस हफ्ते किसी को नॉमिनेट नहीं कर पाए। इस प्रक्रिया के बाद सना सुल्तान को हटाकर साई केतन राव को जनता का नया एजेंट बनाया गया। अब रिपोर्ट्स बता रही हैं कि पायल मलिक एलिमिनेट हो गई हैं। अगर ऐसा होता है तो इस सीजन में एलिमिनेट होने वाली वो दूसरी सदस्य होंगी। उनका एलिमिनेशन जनता के वोट के आधार पर हुआ है या फिर घरवालों के, ये आज रात को जियो सिनेमा एप पर पता चलेगा।

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने की तीनों खान की तारीफ



एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बॉलीवुड के तीनों खान के साथ काम करने के बारे में बात की है। उन्होंने सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान की एक्टिंग स्टाइल और वर्किंग पैटर्न को लेकर बात की है। एक्टर से पूछा गया कि तीनों खान में से कौन बेस्ट है तो उन्होंने किसी एक स्टार का नाम लेने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि सबकी अलग खासियत हैं। सलमान को उन्होंने मोस्ट एंटरटेनिंग करार दिया और कहा, 'बेशक वो रियल लाइफ में सबसे एंटरटेनिंग है, वो बेहतरीन इंसान हैं।' जब नवाज से इन तीनों में से सबसे डेडिकेटेड एक्टर के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'शाहरुख साहब, वो बहुत पैशनेट हैं। वो तब तक कोशिश करते रहते हैं जब तक कोई चीज परफेक्ट न हो जाए। वो बहुत ही मेहनती एक्टर हैं। वो स्वभाव से भी बेहद विनम्र हैं। उनसे किसी को इंसानियत सीखनी चाहिए।' आमिर के बारे में नवाज बोले, 'वो परफेक्शनिस्ट हैं। जिस तरह का सिनेमा उन्होंने दर्शकों को दिया है, वो अनपैरेलल है। वो रिमार्केबल इंसान हैं और बाकी सबसे ऊपर हैं। जहां तक फिल्ममेकिंग की बात है, उनका टेस्ट बहुत ही अलग और बेहतरीन है।' नवाज ने कहा कि शाहरुख, सलमान और आमिर से जलन का कोई सवाल ही नहीं है। अगर उनकी फिल्म चलती है तो इससे पूरी फिल्म इंडस्ट्री को फायदा होता है और हम जैसे लोग छोटी-मोटी फिल्में बना पाते हैं। नवाज ने सलमान के साथ फिल्म 'किक' और 'बजरंगी भाईजान' में काम किया है। शाहरुख के साथ वो फिल्म 'रईस' में नजर आए हैं जबकि आमिर के साथ उन्होंने 'सरफरोश' और 'तलाश' जैसी फिल्में की हैं।

एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स और बंसल वायर इंडस्ट्रीज में निवेश का मौका

## शार्क टैंक की जज नामिता थापर की कंपनी का IPO 3 जुलाई को खुलेगा

**एमक्योर** फार्मास्युटिकल्स का आईपीओ ओपन होन जा रहा है। कंपनी का आईपीओ 3 जुलाई 2024 को खुलने जा रहा है। इस आईपीओ का साइज 1952.03 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 0.79 करोड़ शेयर जारी करेगी। वहीं, ऑफर फॉर सेल के तहत 1.14 करोड़ शेयर जारी होंगे। बता दें, शार्क टैंक इंडिया में जज नमिता थापर (Namita Thapar) एमक्योर फार्मास्युटिकल्स की सीईओ हैं।

एमक्योर फार्मास्युटिकल्स का आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए 3 जुलाई से 5 जुलाई तक खुला रहेगा। कंपनी के आईपीओ पर दांव लगाने वाले निवेशकों को 8 जुलाई को शेयर अलॉट किए जाएंगे। वहीं, बीएसई और एनएसई में कंपनी की लिस्टिंग 10 जुलाई को प्रस्तावित है। एमक्योर फार्मास्युटिकल्स आईपीओ का प्राइस बैंड 960 रुपये 1008 रुपये प्रति शेयर था। कंपनी के आईपीओ का लॉट साइज 14 शेयरों का था। जिस वजह से किसी भी निवेशक को कम से कम 14,112 रुपये का दांव लगाना होगा। इस कंपनी का मार्केट कैप 19029.89 करोड़ रुपये का है। बता दें, कंपनी के कर्मचारियों को हर एक शेयर पर 90 रुपये की छूट मिलेगी। इंवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी आज 264 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा था। कंपनी की लिस्टिंग 26.19 प्रतिशत के प्रीमियम पर हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो स्टॉक शेयर बाजार में 1272 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। आईपीओ का अधिकतम 50 प्रतिशत क्वालीफाइड इंस्टीट्यूट्शनल बायर्स के लिए रिजर्व रहेगा। वहीं, खुदरा निवेशकों के लिए कम से कम 35 प्रतिशत रिजर्व रहेगा। बता दें, आईपीओ से पहले प्रमोटर्स के पास 98.90 प्रतिशत हिस्सा है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का प्रॉफिट 527.58 करोड़ रुपये रहा है।शेयर मार्केट में लिस्टिंग के लिए अगले हफ्ते 2 इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO ओपन होंगे। इसमें एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड और बंसल वायर इंडस्ट्रीज लिमिटेड शामिल हैं। दोनों कंपनियों के IPO रिटेल निवेशकों के लिए 3 जुलाई से 5 जुलाई तक ओपन रहेंगे। 10 जुलाई को दोनों कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर लिस्ट होंगे। एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड इस IPO के जरिए टोटल 1,952.03 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 800 करोड़ के 7,936,507 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 1,152.03 करोड़ के 11,428,839 शेयर बेच रहे हैं। एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 960-1008 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 14 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 1008 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,112 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 196 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 197,568 इन्वेस्ट करने होंगे।




## 'गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है...'

### फिल्म 'उलझ' में एक्शन अवतार में दिखीं जाह्नवी कपूर

**जाह्नवी कपूर** की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक फिल्म 'उलझ' की पहली झलक देखने का फैंस को मौका मिल गया है। मेकर्स ने आज फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। टीजर देखकर लगता है कि सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एक आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाने वाली हैं। पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म 'उलझ' के टीजर की बात करें तो इसकी शुरुआत सुहाना उर्फ जाह्नवी की जॉगिंग से होती है। जाह्नवी विदेशी ऑफिसर्स के साथ बातचीत करती हैं। इस दौरान एक वॉयस ओवर सुनाई देता है- 'सुहाना, क्या तुम सच में सोचती हो कि तुमने जो कुछ भी किया वह तुम्हारे देश के लिए था? धोखा, वफा तो महज शब्द हैं जिनमें हम जैसे लोग फंस जाते हैं। ये राष्ट्र, सीमाएं तो रेत पर खींची गई लाईनें हैं।वे किसी लायक नहीं हैं।' 'उलझ' का टीजर जाह्नवी कपूर के वॉयसओवर के साथ होता है। जाह्नवी कहती हैं- गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है, या तो देकर या लेकर। टीजर में जाह्नवी कपूर को जासूसी करते देखा जा सकता है जो अलग-अलग फाइलें खंगालती नजर आती हैं। इसके साथ-साथ वे एक्शन अवतार में भी दिखाई देती हैं। 'उलझ' में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी अहम किरदार में हैं। वहीं टीजर में अली खान भी दिखाई दिए हैं। इसके अलावा आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मियांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जीतेंद्र जोशी ने भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'उलझ' को सुधांशु और परवेज शेख ने लिखा है। जाह्नवी कपूर की ये फिल्म 5 जुलाई 2024 को थिएटर्स में रिलीज होगी। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे जूनियर एनटीआर स्टारर 'देवाराः पार्ट 1' में भी दिखाई देंगी। यह उनकी पहली डेब्यू तेलुगु फिल्म है। इसके अलावा उनकी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' भी 31 मई, 2024 को थिएटर्स में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में वे राजकुमार राव के साथ दिखाई देंगी। वहीं उनके पास रामचरण के साथ दूसरी तेलुगु फिल्म 'आरसी16' भी पाइपलाइन में है।



कॉमेडी के भरपूर तड़के के साथ मिलेगा बहुत कुछ

## विक्की कौशल-तृप्ति डिमरी और एमी विर्क दे रहे हैं बैड न्यूज

**विक्की कौशल** को आखिरी बार फिल्म 'सैम बहादुर' में देखा गया था। अब लंबे समय के बाद उनकी फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। फिलहाल विक्की कौशल की फिल्म 'बैड न्यूज' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में उनके साथ तृप्ति डिमरी और एमी विर्क भी नजर आने वाले हैं। फिल्म के ट्रेलर की घोषणा होने के बाद से ही फैंस काफी ज्यादा एंकसाइटेड नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में विक्की कौशल 'अखिल चड्ढा', तृप्ति डिमरी 'सलोनी' और एमी विर्क 'गुरबीर पाजी' का किरदार निभाते हुए नजर आने वाले हैं।कॉमेडी के भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर भी काफी खास है। बैड न्यूज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म को आपको भरपूर इंटरटेनमेंट देखने को मिलने वाला है। फिल्म बैड न्यूज को तरुम डुडेजा और इशिता मोइत्रा ने मिलकर लिखा है। बैड न्यूज का ट्रेलर को दर्शक काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि तृप्ति डिमरी मां बनने वाली होती हैं और उन्हें यह नहीं पता होता कि आखिर यह बच्चा किसका है। ट्रेलर में सलोनी यानी तृप्ति डिमरी मां बनने के बाद काफी खुश होती हैं। हालांकि उन्हें यह नहीं पता होता है कि इस बच्चे का पिता गुरबीर पाजी है या फिर अखिल चड्ढा... ऐसे में वह डॉक्टर के पास जाती हैं जहां उन्हें कहा जाता है कि इस बच्चे के पिता गुरबीर और अखिल चड्ढा दोनों ही है। इस फिल्म का नाम पहले 'मेरे महबूब मेरे सनम' रखा गया था। बाद में निर्माताओं ने इस फिल्म का नाम बदलकर 'बैड न्यूज' कर दिया। इस फिल्म का निर्देशन आनंद तिवारी ने किया है। यह फिल्म अगले महीने 19 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नए सेना प्रमुख का संभाला पदभार

## जनरल मनोज पांडे हुए सेवानिवृत्त, जनरल उपेंद्र द्विवेदी इससे पहले सेना के उप प्रमुख के रूप में थे कार्यरत





**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें करीब 40 साल का अनुभव है। अपनी लंबी और विशिष्ट सेवा के दौरान उन्होंने कई कमांड, स्टाफ और इंस्ट्रक्शनल में काम किया है।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को 30वें सेना प्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। वर्तमान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे आज ही सेवानिवृत्त हुए हैं। चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर व्यापक ऑपरेशनल अनुभव रखने वाले जनरल द्विवेदी इससे पहले सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे।

**द्विवेदी के बारे में कुछ खास बातें**

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का जन्म 1 जुलाई 1964 को हुआ था। उन्हें 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सेना की इन्फैंट्री जम्मू और कश्मीर राइफल्स में कमीशन मिला था। उन्हें करीब 40 साल का अनुभव है। अपनी लंबी और विशिष्ट सेवा के दौरान उन्होंने कई कमांड, स्टाफ और इंस्ट्रक्शनल में काम किया है। लेफ्टिनेंट उपेंद्र द्विवेदी की कमांड नियुक्तियों में रेजिमेंट 18 जम्मू और कश्मीर राइफल्स, ब्रिगेड 26 सेक्टर असम राइफल्स, आईजी, असम राइफल्स (पूर्व) और 9 कोर की कमान शामिल हैं।

**कई अहम जिम्मेदारियां संभाली**

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना के उप प्रमुख के रूप में नियुक्त होने से पहले 2022-2024 तक महानिदेशक इन्फैंट्री और जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ (मुख्यालय उत्तरी कमान) सहित कई अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं। जनरल द्विवेदी ने 13 लाख कर्मियों वाली सेना का प्रभार ऐसे समय संभाला है, जब भारत चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। सेना प्रमुख के रूप में उन्हें थिएटर कमांड शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर नौसेना और भारतीय वायु सेना के साथ समन्वय करना होगा।

**यहां से हुई पढ़ाई**

लेफ्टिनेंट द्विवेदी की पढ़ाई सैनिक स्कूल रीवा, नेशनल डिफेंस कॉलेज और यूएस आर्मी वॉर कॉलेज से हुई है। उन्होंने डीएसएससी वेलिंगटन और आर्मी वॉर कॉलेज (महू) से भी कोर्स किया है। इसके अलावा उन्हें यूएसएडब्ल्यूसी, कार्लिस्ले, अमेरिका में प्रतिष्ठित एनडीसी समकक्ष पाठ्यक्रम में 'विशिष्ट फेलो' से सम्मानित किया गया। उनके पास रक्षा और प्रबंधन अध्ययन में एम फिल और सामरिक अध्ययन और सैन्य विज्ञान में दो मास्टर डिग्री हैं।

### पीवीएसएम, एवीएसएम समेत कई सम्मान मिले

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी परम विशिष्ट सेवा पदक (पीवीएसएम), अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) और तीन जीओसी-इन-सी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी सैन्य कमांडर के तौर पर जनरल द्विवेदी ने उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर सतत अभियानों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि द्विवेदी सीमा मुद्दे को हल करने के लिए चीन के साथ चल रही बातचीत में सक्रिय रूप से शामिल थे। उनका भारतीय सेना की सबसे बड़ी सेना कमान के आधुनिकीकरण और लैस करने में भी योगदान था जहां उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के हिस्से के रूप में स्वदेशी उपकरणों को शामिल करने का संचालन किया।

## एक नजर

### कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफ़ी से जनता में आक्रोश



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हिमाचल के हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस को अपने निक्कमेपन और वादाखिलाफ़ी से हार का डर सता रहा है। बार-बार आचार संहिता, ठप्प पड़े विकास कार्यों, व अतिरिक्त बोझ से जनता आक्रोश में है व कांग्रेस को उसके कुकर्मों की सजा देने के लिए तैयार बैठी है। श्री ठाकुर ने हमीरपुर विधानसभा में हो रहे उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में ग्रामसभा मोहीं, नाल्टी, अणु व नालवीं में जनसंपर्क व जनसभा को संबोधित कर भाजपा की प्रचंड जीत का आह्वान किया।

### वैष्णो देवी मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

**जम्मू।** मौजूदा वर्ष के पहले छह महीनों में देश के विभिन्न हिस्सों से 50 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने जम्मू-कश्मीर की त्रिकुटा पहाड़ियों में श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में दर्शन किये। सूत्रों ने बताया जनवरी से जून तक 50 लाख से अधिक तीर्थयात्री रियासी जिले के कटरा शहर स्थित गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा, "वर्तमान में, प्रतिदिन 25000 से 35000 श्रद्धालु गुफा मंदिर की यात्रा करने के लिए आधार शिविर पहुंच रहे हैं।"

### माता-पिता की चिंताओं को नजरंदाज करने का आरोप



फोटो- प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने सोशल मीडिया कंपनियों पर बच्चों द्वारा उपयोग किये जा रहे उनके प्लेटफॉर्म को लेकर माता-पिता की वैध चिंताओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। श्री अल्बानीज ने कहा है कि फेसबुक की मूल कंपनी मेटा के अधिकारियों ने शुक्रवार को संसदीय सुनवाई में कहा है कि सोशल मीडिया बच्चों को जबरदस्त लाभ प्रदान करता है, जो माता-पिता की चिंताओं को दरकिनार कर उनका 'अहंकारी होना दर्शाता है। श्री अल्बानीज़ ने सेवन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट्स को पंजीकृत करने के लिए न्यूनतम आयु 13 से बढ़ाकर 16 करने के लिए एक अभियान का समर्थन किया है।

### सीरिया में आईएस के हमले में चार सैनिकों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के होम्स में रविवार को आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले में चार सीरियाई सैनिक मारे गये। स्थानीय रेडियो स्टेशन शाम एफएम ने यह जानकारी दी। स्टेशन ने पुष्टि की कि यह हमला पूर्वी होम्स देहात के रेगिस्तानी क्षेत्र में ताल शिहाब के इलाके में एक सैन्य चौकी पर हुआ। लंदन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने भी हमले की सूचना दी, जिसमें कहा गया कि 'सेकेंड लेफ्टिनेंट रैंक का एक अधिकारी भी हताहतों में शामिल है।

### गुलामी के प्रतीक पुराने कानूनों में परिवर्तन ऐतिहासिक कार्य



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुलामी के प्रतीकों को समाप्त करने के क्रम में कुछ कानूनों में अमूलचूल परिवर्तनों का कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में लागू पुलिस और न्याय व्यवस्था से जुड़े कई बदलाव किए जा रहे हैं। यह समाज के लिए सुव्यवस्थाएं स्थापित करने का प्रयास है। डॉ. यादव आज द पोलिमेथ सोसाइटी द्वारा नवीन न्याय संहिता पर आयोजित वेबीनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छे और सकारात्मक भाव के साथ किए गए इन परिवर्तनों के लिए केंद्र सरकार बधाई की पात्र है।

### राजद सरकार में मुख्यमंत्री आवास था अपराध का केंद्र

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने आरोप लगाते हुए आज कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय जनता दल की सरकार में मुख्यमंत्री आवास अपराध का केंद्र था। श्री चौधरी ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि बिहार में राजद के शासनकाल में मुख्यमंत्री आवास अपराध का केंद्र था। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद के शासनकाल में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव खुद मुख्यमंत्री आवास से ही आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के सीधे संपर्क में रहते थे।

### आदिवासियों की घटती आबादी की एसआईटी करे जांच



**दुमका।** भाजपा, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संताल परगना प्रमंडल में आदिवासियों की घटती आबादी पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार से विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर इसकी अविलंब जांच कराने की मांग की है। श्री मरांडी ने रविवार को दुमका में कहा कि प्रमंडल में संताल आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही है जबकि मुस्लिम समुदाय की बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और उनकी पार्टी यदि आदिवासी समाज के सच्चे हितैषी हैं तो अविलंब एसआईटी गठित कर इसकी जांच करें और इसके कारणों का खुलासा करें।

### तमिलनाडु में हिज्ब-उत-तहरीर के ठिकानों पर छापेमारी

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आईएसआईएस से संबद्ध इस्लामी कट्टरपंथी संगठन 'हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) से संबंधित मामले की जांच के तहत रविवार को तमिलनाडु में उसके कई ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। यह संगठन कई देशों में प्रतिबंधित है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, तंजावुर, इरोड और पुड़कोडुट्टाई सहित कई स्थानों पर छापे मारे गये। एचयूटी मदुरै मॉड्यूल मामला मूल रूप से मदुरै के थिदीर नगर थाने में दर्ज किया गया था जिसे 26 अप्रैल 2021 को एनआईए को सौंप दिया गया था।

### पाकिस्तान: बस दुर्घटना में सात लोगों की मौत, 14 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में रविवार को एक यात्री बस के पलट जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी और 14 अन्य घायल हो गये। एक बचाव अधिकारी ने यह जानकारी दी। एधी बचाव सेवा के कर्मियों ने बताया कि कराची के मारीपुर उपनगरीय क्षेत्र में न्यू अदा इलाके के पास 41 यात्रियों को ले जा रही एक तेज रफ्तार बस सड़क किनारे फुटपाथ से टकराने के बाद पलट गयी।

# कांवड़ यात्रा हो या मुहर्रम, आस्था का सम्मान, नई परंपरा को अनुमति नहीं

## स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता सामूहिक जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्व त्योहारों के दृष्टिगत सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के सफल आयोजन के संबंध में रविवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तान गणों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 22 जुलाई से पवित्र श्रावण मास का प्रारंभ हो रहा है। इस अवधि में श्रावणी शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। श्रावण मास में परंपरागत कांवड़ यात्रा निकलेगी। 07-09 जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा, 07-08 जुलाई से 17-18 जुलाई तक मोहर्रम, 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पावन अवसर है। बरसात का मौसम भी प्रारंभ हो रहा है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्कूल चलो अभियान का आयोजन भी होना है। स्पष्ट है कल से प्रारंभ हो रहा माह कानून व्यवस्था, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अनेक दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है। हर किसी को सतर्क-सावधान रहने की आवश्यकता है। पारंपरिक कांवड़ यात्रा की दृष्टि से उत्तराखण्ड की सीमा से लगे जनपद तथा गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी, बाराबंकी, बस्ती आदि जिले अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। प्रदेश के भीतर जिलों के बीच तथा सीमावर्ती जनपदों की दूसरे राज्यों के साथ स्थानीय प्रशासन सीमावर्ती राज्यों से सतत संवाद-संपर्क-समन्वय बनाये रखें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था के उत्साह का आयोजन है। परंपरागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत इसका हिस्सा रहे हैं। यह सुनिश्चित करें कि डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हो। डीजे की ऊंचाई एक तय सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि का खरीद-बिक्री न हो। यात्रा मार्ग पर स्वच्छ्ता-सैनिटाइजेशन बनी रहे। स्ट्रीट लाइट की अच्छी व्यवस्था हो। कांवड़ शिविर लगाने वाली समितियों के सहयोग लें। यात्रा मार्गों को चिन्हित करते हुए भीड़ प्रबंधन, रूट डायवर्जन, पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों आदि की व्यवस्था समय से कर ली जाए। कांवड़ यात्रा के मार्ग पर जर्जर बिजली के खंभे, झूलते-लटकते बिजली के तार आदि प्रबंधन समय से कर लिया जाए ताकि श्रद्धालुओं को समस्या न हो, किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति न आए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहर्रम जुलूस के दौरान निकलने वाली ताजिया से जुड़ी समितियों और पीस कमेटी के साथ स्थानीय प्रशासन द्वारा संवाद-समन्वय बनाया जाए। विगत वर्ष कुछ स्थानों पर दुर्घटनाएं घटित हुई थीं। उनसे सीख लेते हुये इस वर्ष सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने चाहिए। ताजिया की ऊंचाई परंपरा के अनुरूप ही हो। दुर्घटना का कारक बनने वाले अनावश्यक रूप से ओवरसाइज ताजिया जुलूस में न शामिल हों। पर्व-त्योहार में प्रशासन द्वारा आम जन को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। धार्मिक परंपरा/आस्था को सम्मान दें, लेकिन परंपरा के विरुद्ध कोई कार्य न हो। धार्मिक यात्राओं/जुलूसों में किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों। ताजिया वहीं रखे जाएं जहां किसी प्रकार का विवाद न हो। यदि नया विवाद सामने आता है तो पहले उसका निस्तारण करें फिर निर्णय लें। हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच संपन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। कांवड़ शिविर लगाए जाने के स्थान पहले से चिन्हित हों, ताकि आवागमन बाधित न हो।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें। सुरक्षा में कोई सेंध न लगा पाये, इसके लिए हमें हर समय अलर्ट रहना होगा। कांवड़ शिविर लगाने वालों का सत्यापन करें।अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटा जाए। ड्रोन से भी निगरानी करें। बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है ऐसे में स्वास्थ्य की आपातकालीन सेवाएं अलर्ट मोड में रहें। कांवड़ यात्रियों को अपातकाल में तत्काल स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध होनी चाहिए।।अयोध्या के श्रावण मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध समय से कर लिए जाएं। प्रतिवर्ष अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विशेष अभियान संचालित होता है। इस वर्ष 01 जुलाई से इसका नवीन चरण प्रारंभ हो रहा है। अभियान को प्रभावी बनाना सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अभियान की सफलता के लिए सरकारी प्रयास के साथ-साथ जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। पूर्व के अनुभवों को देखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता के लिए अंतर्विभागीय समन्वय महत्वपूर्ण आधार है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, मेडिकल एजुकेशन, ग्राम्य विकास, नगर विकास, महिला बाल विकास, कृषि, बेसिक माध्यमिक शिक्षा द्वारा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा का ठोस प्रयास किया जाए। इस वर्ष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत हमें 'स्टॉप डायरिया' के संकल्प को लेकर भी कार्य करना है। हमारा लक्ष्य है पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में दस्त के कारण मृत्यु की आशंका को समाप्त करना। फ्रंटलाइन वर्कर्स अपने साथ ओआरएस तथा क्लोरीन की गोलियां लेकर जाएं।

# जल्द ही खोला जाएगा श्री जगन्नाथ मंदिर का खजाना

**एजेंसी**



» सुभद्रा योजना 17 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर होगी शुरू : मोहन चरण माझी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर, पुरी का रत्न भंडार (खजाना) जल्द ही खोला जाएगा और जवाबदेही तथा चोरी की जांच के लिए आभूषणों की सूची बनाई जाएगी। श्री माझी ने नवनिर्वाचित विधायकों, सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को सम्मानित करने के लिए यहां आयोजित एक समारोह में बोलते हुए कहा कि सूची तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान अगर कोई चूक पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम में 78 नवनिर्वाचित विधायक, 20 लोकसभा सांसद जिनमें केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जुएल ओराम, अश्विनी वैष्णव, ओडिशा के सभी मंत्री, उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव और प्रवती परिदा शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का एक प्रमुख वादा सुभद्रा योजना 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उस दिन योजना का शुभारंभ करने के लिए ओडिशा में होंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक महिला को 50,000 रुपये का नकद वाउचर दिया जाएगा, जिसे दो साल में भुनाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में इस योजना को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही 3100 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की दर से धान खरीदने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों पर सुनवाई करने की प्रथा को फिर से शुरू करेगी। ऐसा सत्र एक जुलाई से प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर बोलते हुए रेल मंत्री अश्विन वैष्णव ने अगले पांच वर्षों में ओडिशा को एक लाख करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं प्रदान करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले राज्य को रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रति वर्ष केवल 800 करोड़ रुपये मिल रहे थे। लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस राशि को कई गुना बढ़ा दिया है।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से राज्य को रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रति वर्ष 10,000 करोड़ रुपये मिल रहे हैं।

# अयोध्या की 85 हजार करोड़ रुपये से बदलेगी तस्वीर

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

» व्यापक विकास योजना में कई पहल शामिल, 37 धार्मिक स्थलों का किया जायेगा कायाकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार विभिन्न विकास परियोजनाओं में 85,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ 2033 तक अयोध्या को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों में से एक में बदलने के लिए तैयार है। यह महत्वाकांक्षी उद्देश्य उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कमीशन किए गए और गुजरात के अहमदाबाद में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) द्वारा किए गए एक अध्ययन से निकला है।

ईडीआईआई अध्ययन के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का विकास बुनियादी ढांचे, परिवहन और सौंदर्यीकरण सहित 27 प्रमुख पहलुओं पर केंद्रित है। इनमें से कई परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं, जबकि चल रहे कार्यों के जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। अयोध्या के लिए व्यापक विकास योजना में कई पहल शामिल हैं। इनमें सड़कों और पार्किंग सुविधाओं का उन्नयन, रेलवे लाइनों का विस्तार, रेलवे और बस स्टेशनों का आधुनिकीकरण, हवाई अड्डे का विकास, गिटार घाट, मंदिर संग्रहालय, मोम संग्रहालय, संध्या सरोवर का विस्तार, अयोध्या के बाजार का पुनरुद्धार और जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण प्रयासों के माध्यम से 37 धार्मिक स्थलों का कायाकल्प शामिल है। इसके अतिरिक्त, योजना में 25 पौराणिक और 39 चौराहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना, सरयू पर नदी परिभ्रमण के साथ जल क्रीड़ा तथा ध्वनि-और-प्रकाश शो शुरू करना, सरयू घाटों के किनारे 500 पूर्वनिर्मित शौचालय स्थापित करना, परिक्रमा मार्ग विकसित करना और विभिन्न मंदिरों का सौंदर्यीकरण करना शामिल है।

अन्य विशेषताओं में 140 भाषाओं में मौसम का पूर्वानुमान, सौर ऊर्जा से चलने वाली नावों का संचालन, बहुभाषी गाइड बोर्ड (28 भाषाओं में), हेलीकॉप्टर सेवाएं, ई-कार्ट और व्हीलचेयर सुविधाएं, रेलवे ओवरब्रिज, लक्ष्मण पथ का निर्माण, एक ठोस अपशिष्ट उपचार संयंत्र की स्थापना, कैफेटेरिया और ओपन थिएटर सुविधाएं प्रदान करना, सफाई कर्मचारियों की तैनाती और स्ट्रीट लाइटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करना शामिल है। ईडीआईआई के अध्ययन के अनुसार, 'नव्य अयोध्या' के विकास के लिए तैयार की गई परियोजनाएं वैश्विक मानकों की हैं। इस पहल के तहत अयोध्या में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और अंतरराष्ट्रीय बस स्टेशन विकसित किया जा रहा है, जिसका पहला चरण पहले ही पूरा हो चुका है।

### परमवीर चक्र अब्दुल हमीद को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे भागवत

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर निवासी परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद की जन्म जयंती एक जुलाई के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत उनके गांव पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस सबंध में रविवार को जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ. संतोष यादव ने बताया कि 1965 भारत-पाक युद्ध में देश की सीमा की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त शहीद वीर अब्दुल हमीद को सेना के सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था जिनकी जन्म जयंती 1 जुलाई को प्रतिवर्ष उनके पैतृक गांव स्थित शहीद पार्क में मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में इस वर्ष उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चालक डॉ. मोहन भागवत उपस्थित होंगे।

# फ्रांस के चुनाव में मैक्रों की हो सकती है हार !

**एजेंसी**



» भारत के दोस्त मैक्रों को उल्टा पड़ गया चुनाव का दांव

**पेरिस।** फ्रांस में संसदीय चुनाव के पहले दौर के लिए रविवार को मतदान जारी है और यह अनुमान जताया जा रहा है कि नाजी युग के बाद, सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जा सकती है। दो चरणों में हो रहे संसदीय चुनाव सात जुलाई को संपन्न होंगे। चुनाव परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों, यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल एवं परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है।

कई फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं और वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी 'नेशनल रैली' पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से 'टिकटॉक' जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। चुनाव-पूर्व सभी जनमत सर्वेक्षणों में 'नेशनल रैली' की जीत का अनुमान जताया गया है।

**सियासत** | अक्टूबर-नवंबर में होना है विधानसभा का चुनाव, पांच माह पहले ही गरमाई सियासत, जेल से बाहर आते ही हेमंत सोरेन हुए आक्रामक

# झारखंड में भाजपा ने खेला 'ढाई दर्जन' वाला आदिवासी दांव !

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** झारखंड विधानसभा चुनाव में अभी चार-पांच महीने बाकी हैं। पर, माहौल में चुनावी तपिश का एहसास होने लगा है। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद से ही दोनों राजनीतिक खेमों- एनडीए और 'इंडिया' में हलचल तेज हो गई है। लोकसभा की तीन सीटें गंवाने के बाद भाजपा की बेचैनी स्वाभाविक है। झारखंड में भाजपा की जमीन खिसकती नजर आ रही है। दूसरी ओर भाजपा को नुकसान पहुंचाने में कामयाब इंडिया ब्लाक में वर्षों बाद रौनक लौटी है। इंडिया ब्लाक ने यह कमाल तब किया, जब झारखंड में विपक्षी गठबंधन के प्रमुख चेहरा हेमंत सोरेन जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद थे। अब वे जमानत पर बाहर आ गए हैं। इसलिए विपक्षी खेमे में भी सरगर्मी स्वाभाविक है।

**एनडीए पर भारी इंडिया**

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव तक तो झारखंड में भाजपा का जलवा बरकरार रहा। 2014 में भाजपा ने जहां लोकसभा की 12 सीटें अकेले जीत लीं, वहीं उसी साल कुछ महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने झंडा गाड़ दिया। केंद्र के बाद राज्य में भी भाजपा की सरकार बन गई। नरेंद्र मोदी के नाम पर ही भाजपा ने विधानसभा का भी चुनाव लड़ा था। रघुवर दास को पार्टी ने सीएम बनाया। रघुवर ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए सीएनटी एक्ट में संशोधन कर दिया। तब विपक्ष में बैठीं झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और कांग्रेस ने सीएनटी एक्ट में संशोधन को आदिवासी समाज में उनकी जमीन छीनने वाला कानून बता कर खूब प्रचारित किया। नतीजतन 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सत्ता चली गई। भाजपा की हालत ऐसी हो गई कि आदिवासी बहुल प्रदेश में एक अदद आदिवासी विधायक के लिए भाजपा तरस गई। तभी से भाजपा का झारखंड में क्षरण शुरू हो गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा एक भी एसटी सीट नहीं जीत पाई। केंद्र में आदिवासी मामलों के मंत्री रहे अर्जुन मुंडा तक अपनी सीट नहीं बचा पाए।



**हेमंत ने बढ़ा दी मुसीबत**

झारखंड में कमजोर पड़ती भाजपा की हेमंत सोरेन की जमीन घोटाले में गिरफ्तारी ने मुसीबत बढ़ा दी। विपक्ष ने इसे निर्वाचित आदिवासी जनप्रतिनिधि के खिलाफ भाजपा की साजिश के रूप में प्रचारित किया। विपक्ष अपने मकसद में कामयाब रहा। भाजपा ने इसे हेमंत सोरेन सरकार के भ्रष्टाचार के रूप प्रचारित करने की कोशिश जरूर की, लेकिन आदिवासी समाज ने भाजपा की बातों या तर्कों पर तनिक भी भरोसा नहीं किया। पांच महीने जेल में बिताने के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन को न सिर्फ स्थायी जमानत दे दी है, बल्कि कोर्ट की टिप्पणी विपक्षी दलों के लिए अचूक अस्त्र बन गई है। जमानत मंजूर करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा- 'जिनकी जमीन पर कब्जे का आरोप, उन्होंने शिकायत ही नहीं की। ईडी के आरोप आधारहीन हैं।' हेमंत के समर्थक और जेएमएम के सहयोगी दलों ने इसे चुनावी हथियार बना लिया है। विपक्ष ने इसे राजनीतिक रंजिश में भाजपा की साजिश करार दिया है। जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने आदिवासी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पहले बिरसा मुंडा की समाधि पर जाकर नमन किया और संथाल परगना से उलगुलान का ऐलान कर दिया है।

**भाजपा ने झोंकी ताकत**

भाजपा की अब बेचैनी बढ़ गई है। भाजपा ने मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और केंद्र में मौजूदा मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ असम के सीएम डॉ हिमंता बिस्वा शर्मा को झारखंड का प्रभारी नियुक्त किया है। पहली बार दोनों साथ आए। अब हिमंता बिस्वा शर्मा आए हुए हैं। हिमंत ने दूसरी बार झारखंड पहुंचते ही सीता सोरेन समेत कई आदिवासी नेताओं से उनके घर जाकर मुलाकात की। इतना ही नहीं, भाजपा ने अब यह भी साफ कर दिया है कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़ेगी। भाजपा इस बार ढाई दर्जन से अधिक सीटों पर आदिवासी उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है।

# मोदी और योगी सरकार है आरक्षण विरोधी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



आरक्षण की मूल भावना को खत्म करने में जुटी है भाजपा : अखिलेश यादव

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब से केंद्र की सत्ता में काबिज हुई है, तब से आरक्षण के साथ में लगातार खिलवाड़ करने में जुटी हुई है। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक फैसला आरक्षण के खिलाफ है, आरक्षण की मूल भावना को भारतीय जनता पार्टी खत्म करने में जुटी हुई है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा विधायक प्रदीप यादव के नाती के विवाह समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। अखिलेश ने कहा कि वह जनता जिसने संविधान बचाने के लिए मतदान किया, उन्हें भरोसा दिलाते हैं कि संविधान पर कभी भी आंच आएगी तो समाजवादी लोग जनता के साथ खड़े दिखाई देंगे। संविधान और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की ओर से दिए गए आरक्षण को खत्म करने में केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार जुटी हुई है। जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार में काबिज हुई है तब से पीडीए परिवार के सदस्यों के साथ भेदभाव लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और यूपी की सरकार बहुजन समाज, पीडीए परिवार,आधी आबादी, अल्पसंख्यक, आदिवासी, पिछड़े और वंचित समाज को सम्मान से जीने का अधिकार मिला हुआ था वो भारतीय जनता पार्टी की केंद्र ओर यूपी की सरकारे छीनने का काम कर रही है।